जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक !्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का हमने पठन पाठन किया, हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वदेवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की प्रतिभा का वर्णन किया जाता है। क्योंकि वह परमात्मा वरणीय माना गया है। मानो प्रत्येक मानव उसे वर्णन करता रहता है, और मानव की यह कल्पना रहती है ि मेरा जो वरणीय देव है, जो विचित्रता में संसार का नियन्ता है, अथवा निर्माण करने वाला है उस निर्माण वेत्ता के दर्शनों के लिए उत्सुक रहता है। तो हम उस प्यारे महान् देव के दिग्दर्शन करना चाहते हैं।
परन्तु यह विचार विनिमय कर लेना चाहिए कि परमात्मा का जो दिग्दर्शन है, वह क्या है? जितना भी यह ब्रह्माण्ड क्रिया में दृष्टिपात आ रही है। जड़ वस्तु है। परन्तु वह वस्तु ब्रह्माण्ड क्रिया में दृष्टिपात आ रही है। वह मेरे प्यारे प्रभु का कैसा अनुपम दिग्दर्शन ! तू उस महान् अपने प्यारे प्रभु को दर्शन करना चाहता है। उसकी जो !है। हे मानव

रची हुई वस्तुएं हैं, अथवा मानव शरीर है कैसा अनुपम है। प्रत्येक मानव इसी में लगा हुआ है कि मैं अपनी अन्तरात्मा को जानूं। मैं इस चेतना को जानना चाहता हूँ परन्तु यह एक विचित्रतामय जगत् है।

बेटा हम प्रभु को साधना के द्वारा प्राप्त करना चाहते हैं। साधक भयंकर वनों में ! विद्यमान है। कल्पना कर रहा है, वह अभ्यास करता हुआ अभ्यस्त हो रहा है, पर्वतों की कन्दराओं में विद्यमान है। वह कैसा प्रिय अनुसन्धान कर रहा है। अपने देव विश्व कर्मा के सम्बन्ध में अपने हृदय में नमस्कार कर रहा है। नमः हो रहा है और अपने को उस आभा में पहुंचाता रहता है। जैसे सूर्य की नाना किरणें सायंकाल में सूर्य में समहित हो जाती हैं। इसी प्रकार जितना भी यह अमूल्य जगत् यह अमूल्य आभामय एक अनुपम जगत् माना गया है, हम अपने इस देव को उसमें ही दिग्दर्शन करते चले जाएं। इसमें जब मानव दिग्दर्शन करता है तो उसे कण कण में प्रभु का दिग्दर्शन होता है।

विचार विनिमय यह देने के लिए आया हूँ कि प्रत्येक मानव को ऊँचा बनना है। प्रत्येक मानव ऊँचा बनना चाहता है परन्तु मानव कैसे ऊँचा बने? मानव उस काल में ऊँचा बनता है जब परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय स्वीकार करता है और अपनी महान् तरंगों में प्रभु को तरंगित करता रहता है और चित्त में समावेश हो जाता है। इस प्रकार करने से मानव को एक अनुपम अनुभव होता है, पवित्रता उसे प्राप्त होती है। परन्तु आज समय इतनी आज्ञा नहीं दे रहा है आज मैं तुम्हें साधना के सम्बन्ध में विचार विनिमय करता चला जाऊँ।

शून्य प्रकृति से इस साधना के सम्बन्ध में परम्परा से मानव ने चिन्तन किया है। कोई मानव कहता है कि निद्रा को इसमें समावेश किया, इसकी जानने की उत्सुकता रही परन्तु प्रायः ऐसा नहीं। मानव जीवन में एक जीवन की तरंगें एक महत्ता में परणित होती रहती हैं। आओ मेरे प्यारेआज का हमारा यह विचार क्या कह रहा है !? आज का हमारा यह मानवत्व क्या कहता हे कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते रहें और उस महान् देवतव को धारण करते हुए इस संसार सागर से पार होते रहें। अब मेरे प्यारे महानन्द जी अपनी कुछ धाराएं प्रकट करेंगे। क्योंकि इनका कल का !

एक विषय है उसको अधूरेपन में शान्त कर दिया है। उसके ऊपर अपना कुछ विचार देना चाहते हैं।

पूज्य महानन्द जीः ओं तनुमां विद्या विच्यां त्वा मनअसी देवाः। अस्वश्चम् रुद्रा भद्रा विश्वा पुत्रा लोकाः।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी कुछ !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! वार्त्ता प्रकट कर रहे थे और वह वार्त्ता थी कि मानव को अंधकार के मार्ग से प्रकाश के मार्ग को जाना है। अंधकार के मार्ग से प्रकाश के मार्ग को जाना ही मानव का कर्तव्य है। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहा हो चाहे वह छात्र हो चाहे गृहस्थ आश्रम का पालन कर रहा हो, चाहे वानप्रस्थ में रहने वाला हो, चाहे वह संन्यास में परणित होने वाला हो। परन्तु प्रत्येक मानव के लिए एक ही वर्णात्य है, एक ही प्रभु सबका वरणीय माना गया है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी कुछ साधना के ऊपर और प्रभु को अपना वरणीय स्वीकार कर रहे थे।

मानव का जीवन क्या कहता है कि हे मानवतू अपने जीव !न को आभा में युक्त कर और आभा में युक्त करता हुआ जीवन की महान् तरंगों में तरंगित हो जा। वास्तव में मैं आज यह विचार देने के लिए नहीं आया हूँ। यह मैं पूज्यपाद गुरुदेव के विचारों पर टिप्पणियां करने आया हूँ। केवल विचार विनिमय यह देने के लिए आया हूँ कि मानव समाज कैसे ऊँचा बनेगा। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने वाक्य प्रकट करते हुए कहा था हे मानव तेरा जीवन एक महान् और पवित्र होना चाहिए। मानव विज्ञान के क्षेत्र ! में प्रवेश कर रहा है, विज्ञान में ही जाना चाहता है। आधुनिक जगत् का वैज्ञानिक कहता है कि मैं प्रत्यक्षवादी हूँ और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष्वा दोनों को मैं प्रत्यक्षता में ही अपने जीवन की महत्ता को ले जाना चाहता हूँ। विज्ञान जितना है प्रत्यक्षवाद में ही विज्ञान कहाता है। परन्तु आज मैं इस सम्बन्ध में अपना विशेष विचार विनिमय देने नहीं आया हूँ। केवल विचार यह प्रकट करने के लिए आया हूँ कि प्रत्येक मानव के हृदय में एक वेदना लगी हुई है। वह वेदनित हो रहा है। विज्ञान के युग में कि विज्ञान कैसा होना चाहिए। जिस भी काल में संसार के वैज्ञानिकों का समूह एकत्रित होता है तो एक

दूसरा दूसरे प्राणी प्राणी के सम्बन्ध में ऊँची उड़ान तो रहती नहीं। परन्तु नष्ट करने में लगा हुआ है प्राणी और यह उड़ान उड़ रहा है। यह परमाणुवाद के द्वारा संसार में एक राष्ट्र ने दूसरे राष्ट्र के उफपर आक्रमण किया। मानो उन पर अनुशासन किया जाना चाहिए। ऐसा आज का विज्ञान है आज के विज्ञान में प्रायः विज्ञान का दुरूपयोग हो रहा है।

पुरातन काल के वैज्ञानिकों को आधुनिक काल का वैज्ञानिक यह कहता है कि वह गो घृत को पान करने वाले वैज्ञानिक नहीं थे। मैं यह कहा करता हूँ कि हमारे यहाँ जितनी भी भू गर्भ और जितना भी आकाश गंगा के नाना लोक लोकान्तर हैं उनका हमारे ऋषि मुनियों का अध्ययन रहा है। परन्तु जितना भी विज्ञान रहा है वह मस्तिष्कों में नहीं परन्तु वह पोथियों में और प्रायः बाह्य जगत् में आता रहा है। मैं यह जानना चाहता हूँ। जब यह विज्ञान नहीं था, तो यह विज्ञानपूर्व ऋषियों ने, पूर्व आचार्यों ने नहीं जाना तो आज यह कैसे जाना गया? आज संसार की कौन सी ऐसी पोथी है, ऐसा कौन सा विचार है, जो विज्ञान में आज के मानव ने जाना है। परन्तु पुरातन काल में मैंने यह कहा कि विज्ञान इतना ऊँचा है, इतना महान् है कि जहाँ यन्त्र अन्तरिक्ष में गति कर रहा है, आज का जो विज्ञान है वह नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों में जाने के लिए तत्पर विचार विनिमय कर रहा है। परन्तु यहाँ जो पृथ्वी का वैज्ञानिक मंगल की कल्पना कर रहा है, और मंगल का वैज्ञानिक पृथ्वी की कल्पना कर रहा है, और ध्रुव का वैज्ञानिक जेठाय नक्षत्रों की कल्पना कर रहा है। कल्पना ही नहीं परन्तु वह वैज्ञानिक अपनी जीवनी शक्ति को लेकर वह विज्ञान की तरंगों को लेकर के तरंगित हर रहा है। यहाँ प्रत्येक मानव के हृदय में यह आकांक्षा बनी हुई है कि मंगल में जीवन नहीं है, चन्द्रमा में जीवन नहीं है। आज का वैज्ञानिक कहता है कि इन लोगों में जीवन का कोई आभास प्रतीत नहीं होता। परन्तु कहीं कहीं इन लोकों में वह जीवन स्वीकार करने लगा है। परन्तु में यह विचारता रहता हूँ कि जो विज्ञान ही अधूरेपन में परणित है तो यह कैसे जाना जाए। मैं यह कहा करता हूँ कि जहाँ यह पृथ्वी है, जहाँ जल है, जहाँ वायुगति कर रहा है, अग्नि की तरंगें विद्यमान हैं वहाँ जनजीवन अनिवार्य होगा। चाहे

कोई भी लोक लोकान्तर हो, यह पृथ्वी है और कोई पृथ्वी हो, मंगल हो, चन्द्रमा हो चाहे वह सूर्य मण्डल क्यों न हो, बृहस्पति और जेठाय नक्षत्र क्यों न हो।
आधुनिक काल का वैज्ञानिक दो प्रकार की वार्त्ता प्रकट कर रहा है। कहीं वह विज्ञान को स्वीकार कर रहा है, कहीं विज्ञान को स्वीकार नहीं कर रहा है। मैं इस सम्बन्ध में तुम्हें यह प्रकट करना चाहता हूँ कि प्रत्येक मण्डल में जीवन है और नाना प्रकार के मानो जैसे पञ्च महाभूत हैं यह पञ्च महाभूतों वाले प्राणी रहते हैं। कहीं अग्नि प्रधान है जो कहीं जल प्रधान है और कहीं यह पार्थिव तत्त्व प्रधान हैं। यह अपनी अपनी आभा में आभायित हो रहा है। जब मैं यह विचारता हूँ कि आधुनिक काल के वैज्ञानिक ने एक यन्त्र का निर्माण किया है और वह यन्त्र क्या है वह मानव को मृत्यु दे सकता है, परन्तु जीवन नहीं दे सकता। अरे, यही तो विज्ञान का दुरूपयोग है।
मैंने पुरातन काल में कहा कि आधुनिक जगत् में जहाँ नाना प्रकार की चित्रावलियों का दिग्दर्शन हो रहा है परन्तु इन चित्रावलियों में मेरी पुत्रियो की अश्लीलता के चित्र आ रहे हैं। इससे यह विज्ञान का दुरूपयोग हो रहा है। उन्हीं चित्रावलियों में, उन्हीं यन्त्रों में यदि महापुरुषां के जीवन चरित्र प्रारम्भ हो जाएं मानव जीवन की निर्माण चर्चाएं होने लगेंगी तो मानो यह विज्ञान का सदुपयोग है। इस विज्ञान का दुरूपयोग होना ही इस संसार को, समाज को, मानव को, रसातल में ले जाता है इसकी ध्रवुगति बन जाती है। उर्ध्वा न रह करके धुर्वा बन जाती है। और वह मानव मानव नहीं रह पाता। परिणाम क्या? जब मैं यह विचारता रहता हूँ कि आधुनिक काल का वैज्ञानिक क्या विचार रहा है। कि हम चन्द्रमा में चले गए हैं। मानो चन्द्रमा भी कोई लोक ऐसा है जहाँ मानव नहीं जा सकता। परन्तु यह विज्ञान ऐसा अनुसंगत है, इसमें मानव परम्परा से गति करता रहा है। मंगल में जाता रहा है और भी नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों में गति करता रहा है।
मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से कहा था कि प्रभु यह विज्ञान क्या है? इसके सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि ऐसे ऐसे यन्त्र अन्तरिक्ष में गति कर रहे हैं लोकों की परिक्रमा कर रहे हैं जिनकी आयु दो सौ लाख वर्षों की है। ऐसे यन्त्र गति कर रहे

हैं। वायु मण्डल में, अन्तरिक्ष की आभा में गति कर रहे हैं। आधुनिक काल का वैज्ञानिक कहता है कि मैं प्रत्यक्ष वाद को स्वीकार करूंगा। जहाँ हमारे यहाँ दर्शनकार यह कहता है कि विज्ञान ही मानव का जीवन है, जहाँ विज्ञान में अज्ञानता रही है, विज्ञान में राष्ट्रीयता रहती है, धर्म की आभा समाप्त हो जाती है। धर्म उससे लुप्त हो जाता है, और जहाँ धर्म नहीं होता वहाँ विज्ञान भी कुछ समय के पश्चात् अग्नि के मुखार बिन्दु में परणित हो जाता है।

जब मैं यह विचारता हूँ कि नाना प्रकार की चित्रावली पुरातन काल में थीं। आधुनिक जगत् के वैज्ञानिकों ने भी जान ली हैं, शब्दों के साथ में जो विज्ञान गति कर रहा है मानो यह विज्ञान यह तो प्रभुके विज्ञान से को !ई विज्ञान नहीं है। प्रभु का विज्ञान कैसा अनुपम है। नाना प्रकार के प्राणी हैं परन्तु उन प्राणियों की भिन्न भिन्न प्रकार की गतियां होती रहती हैं और वे जो नाना प्रकार की गतियां हैं उन्हीं गतियों से वैज्ञानिकों ने उड़ान उड़ी है। उसी आभा से उड़ान उड़ी है और उड़ान उड़कर उन्होंने यन्त्रों का निर्माण किया है। इन पञ्च महाभूतों से ही जाना है, नाना प्रकार के प्राणी इनसे शिक्षा ले रहे हैं विज्ञान को जान रहा है। कैसा अनुपम विज्ञान है? उस प्रभु का ही विज्ञान एक महान् विज्ञान है।

यदि आज कोई राजा अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहता है तो विज्ञान का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। जिस काल में विज्ञान का दुरूपयोग होना प्रारम्भ हो जाता है, मेरी पुत्रियां अपने श्रृङ्गार को हनन करके अपने उदर की पूर्ति करती हों नृत्य का आयोजन करके यह कोई राष्ट्र राष्ट्र नहीं होता। वह मानव के चरित्र की आभा को नष्ट करने वाला एक विचार मानव की मृत्यु होता है, यह विज्ञान का दुरूपयोग है। विज्ञान के दुरूपयोग में मानव को आभा में परणित होना चाहिए। आज विज्ञान कहाँ आया है? मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने प्रकट कराया कि महाराजा उद्धालक गोत्र में पनदेत ऋषि हुए हैं। उद्धालक ! गोत्र विद्यमान हो करके एक यन्त्र का निर्माण करते हैं, और उस यन्त्र में अपने षोडश महापिता के दर्शन कर रहे हैं। आज का विज्ञान तो यह कल्पना भी नहीं कर रहा है। अभी उनके मनोनीत हृदयों में यह विचार भी नहीं आया है कि ऐसा भी कोई यन्त्र

निर्मित हो सकता है। जो सहस्त्रों वर्षों पूर्व जो सोलहवे महापिता मेरे समाप्त हो गएं हैं, लाखों वर्ष पूर्व जो हो चुके हैं उनका चित्र भी हम दिगदर्शन कर सकते हैं। अरे, ऐसा विज्ञान कहाँ आया है? आधुनिक काल में तो मानो अभी उस विज्ञान का जन्म हुआ है। औश्र विज्ञान के जन्म लेने के पश्चात् ही उसका दुरूपयोग होना प्रारम्भ हो गया। तो यह विज्ञान कौन सी स्थली पर स्थिर रह सकेगा? इसलिए मैं कहा करता हूँ, अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रार्थना की है कि आधुनि काल का जो जगत् है इसमें विज्ञान का राष्ट्र में दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। विज्ञान महान है। विज्ञान में जाने के पश्चात् आत्मतव में प्रवेश करता है, विज्ञान जानना बहुत अनिवार्य है। परन्तु विज्ञान का दुरूपयोग होना, यह मानवता नहीं कहलाती है। इसीलिए आज मैं अपने विचारों को देने के लिए आया हूँ।

मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से यह परिचय देना चाहता हूँ कि जैसे आधुनिक काल के वैज्ञानिक ने मानव के मर जाने के पश्चात् चित्रण करने के यन्त्र को जाना। परन्तु रक्त के बिन्दु से चित्रां का चित्रण आज का विज्ञान अभी तक नहीं कर पाया हैं कितना अधूरापन है विज्ञान में। इसीलिए मैं आज उड़ान उड़ने के लिए तत्पर हूँ। यहाँ भौतिक संसार में एक मंगल लोक का वैज्ञानिक है। उसका यान इस पृथ्वी मण्डल पर आता रहता है। यहाँ से चित्र ले जाता है चला जाता है। कोई यन्त्र यहाँ दृष्टिपात भी किया गया है, परन्तु यह मंगल लोक का वैज्ञानिक है। एक बृहस्पति मण्डल का वैज्ञानिक उड़ान उड़ रहा है और वह यह चाहता है कि मैं ध्रुव लोक में जाना चाहता हूँ। परन्तु आधुनिक काल का जो विज्ञान है वह इतना अनुपम है परन्तु जब मैं यह विचारता हूँ कि आधुनिक काल का वैज्ञानिक समुद्रों की यात्रा कर रहा है, समुद्रों के गर्भ में यात्रा कर रहा है इस अन्तरिक्ष के गर्भ में यात्रा कर रहा है और भी निचले स्थलों में यात्रा कर रहा है, लोक लोकान्तरां में जाना चाहता है और भी यात्रा कर रहा हैं परन्तु जब यह वाक्य आता रहता है, मेरा अन्तरात्मा यह कहता है कि अभी यह विज्ञान तो अधूरेपन में है।

आज के विज्ञान ने अभी तक यह नहीं जाना है कि कोई ऐसा यन्त्र भी होता है जैसे

सूर्य की किरणों आती हैं, प्राण नाशक औषधियों किरणों को साथ लाती रहती हैं उनसे प्राणों की रक्षा कैसे होती हैं? यहाँ प्राण नाशक मानो उनको जानकर के वह जो किरण है, वह जो एक रेखा है पृथ्वी के मध्य में वह परमाणुओं को शीतल बनाती है और पृथ्वी पर आती है वह प्राण पति वर्धक कहलाती है। अनुसन्धान करने से प्रतीत हुआ कि साकल्य आदि ऋषियों से कि एक यन्त्र दृष्टिपात कर रहा हैं और उस यन्त्र में यह विशेषता है कि मैं हूँ, ऐसा जो संसार को नष्ट कर सकता हूँ, मानो वह यन्त्र होने से तरंगों को एकत्रित करता रहता है, और यन्त्रों में जब वह प्राण वर्धक तरंगें ओत प्रोत हों जाती हैं, तो परिणाम यह कि यह रेखा नग्न रह जाती है। औश्र नग्न रह करके जिस राष्ट्र को नष्ट करना हो वह राष्ट्र परमाणुओं को अपने यन्त्र में धारण कर लेता है औश्र रेखा नग्न रह जाती है, सूर्य की किरणों अग्नि वाहनी उसी राष्ट्र को नष्ट कर सकती हैं जिस राष्ट्र के ऊपरले भाग में उस रेखा के परमाणुओं को अपने में धारण कर लेती है। तो परिणाम क्या कि यह विज्ञान है। आधुनिक जगत में तो इस विज्ञान का प्रारम्भ ही नहीं हुआ है। आधुनिक जगत् तो मेरे पूज्यपाद विज्ञान इतने अधूरेपन में है कि उसका अभी विचार भी नहीं आया। मैं यह नहीं कहता हूँ कि विज्ञान नहीं हैं, विज्ञान है। परन्तु विज्ञान के सदुपयोग राजा की एक सभा में होना चाहिए, और राजा की सभा में इसी प्रकार की आभा रहनी चाहिए।

एक यन्त्र हमारे यहाँ महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि ने निर्मित किया था। जो यन्त्र वायुमण्डल में गति कर रहा हैं परन्तु पृथ्वी के अन्तरिक्ष में परमाणु गति कर रहे हैं। उन परमाणुओं को एकत्रित किया और सौ सौ वर्ष परमाणु स्थिर कर दिया और उसी से यान गति कर रहा है। ऐसे भी परमाणु हैं परन्तु आज अन्तर्द्वन्द्व आ रहा है। आज जो विज्ञान की उड़ान उड़ी जा रही है पृथ्वी के गर्भ में जितना खनिज का निर्माण हो रहा है उसको मानव निकालता जा रहा है। अरे, मानव वह समय दूर नहीं है यदि और कोई धातु ! का निकास वैज्ञानिकों ने नहीं किया तो एक समय वह आने वाला है कुछ ही समय पश्चात् कि मानव की स्वांस लेते ही उसकी मृत्यु हो जाएगी।

परिणाम क्या मुनिवरों आपको तो सर्वत्र प्रतीत ही है कि पृथ्वी !मेरे पूज्यपाद गुरुदेव !

में जो जीवन शक्ति है वह एक एक परमाणु के समन्वय भी तो कहलाता है और जिसको मानव आंतरिक्ष में भिन्न रूपों में परणित कर रहा है। तो इससे यह प्रतीत होता है कि

कोई समय है उस समय की आभा में वह रमण कर रहा है, आभायित हो रहा है परणित हो रहा है, आनदित हो रहा हैं तो इसीलिए हमें विचार विनिमय करना हैं हमें अपने में ही विज्ञान को जानना है। विज्ञान है क्या? विज्ञान है इस प्रकृति के तत्त्वों को जानना और विज्ञान में अपने को रमण करना।

वैज्ञानिक मानव यह कहता है कोई चेतना है कोई कहता है नहीं है। परन्तु उस चेतना पर आश्रित हो करके मानव कर्म कर रहा है। आज का वैज्ञानिक यह नहीं जान पाया है कि इस शरीर को त्याग करके यह आत्मा कहाँ जाता है? आधुनिक जगत का वैज्ञानिक यह नहीं जान पाया है कि माता के गर्भ स्थल में एक बिन्दु से निर्माण होता है बालक पुत्रोंका परन्तु वह निर्माण कैसे हो रहा है !? कौन कर रहा है? यह भी मत कहो कि कौन कर रहाह ै? परन्तु वैज्ञानिक यह कहता है कि निर्माण हो रहा है। मैं यह कहा करता हूँ भोले मानव यह निर्माण तो किसी के करने से निर्माण हो रहा है। ! बुद्धि का निर्माण हो रहा है परन्तु मनस्तत्व यहीं विद्यमान है यह कैसा सुन्दर निर्माण हो रहा है, यह मानव नहीं जान सका है कि यह आत्मा क्या है? आधुनिक काल का जगत् क्या पूर्व का भी यह भौतिक विज्ञान यह नहीं जान पाया था कि यह मन क्या है? जिसकी गति इतनी तीव्र है। आज के वैज्ञानिक ने दूर दर्शन वाले यन्त्रों को जाना है परन्तु मन की यह उड़ान कितनी विचित्र है मन की उड़ान एक क्षण समय में अरबों और खरबों तरंगें उत्पन्न हो करके इस संसार का व्यापक स्वरूप धारण कर लेता है मन के इस तथ्य को नहीं जान पाया। दार्शनिक कहता है कि दर्शनकार कहता है कि यह नहीं प्रकृति का सबसे सूक्ष्म तत्त्व माना गया है। जिसका सम्बन्ध सुन्दर और पवित्रता से रहता है।

परिणाम क्या है आज का वैज्ञानिक जो उड़ान उड़ रहा है, वह प्रिय उड़ रहा है परन्तु जो द्वन्द्व हो रहा है। परन्तु आधुनिक जगत और भौतिक विज्ञान की मैं तुलना कर रहा

हूँ। राजा रावण के विधाता कुम्भकरण महर्षि भारद्वाज शाला में विद्यमान है और विद्यमान हो करके उड़ान उड़ रहे हैं कि स्वर्ण जैसी धातु में सुगन्धि लाना चाहता हूँ। यह सुगन्धि कैसे आएगी, इस सुगन्धि के ऊपर विचार विनिमय कर रहा है वह मुझे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने निर्णय कराया, मुझे भी अनुभव है कि महाराजा कुम्भकरण छह माह तक ! अपनी प्रयोगशाला में रहते और छह माह तक वह विद्यालय में विज्ञान की वैज्ञानिकों को शिक्षा देते रहते। आधुनिक जगत् यह कहता है कि कुम्भकरण तो छह माह तक निद्रा में रहता था मांस का आहार करता था, सुरापान करता था। परन्तु उनके जीवन की बहुत सी विचारधारा मुझे स्मरण हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सुरापान नहीं किया। जिन्होंने अपने जीवन में मांस भक्षण नहीं किया। भारद्वाज की शाला में जो वैज्ञानिक हो वह भक्षक होगा या रक्षक होगा? वह रक्षक था भक्षक नहीं था। वह विज्ञान की तरंगों को जानता था, विज्ञान कैसा विशाल था, कि एक एक यन्त्र ऐसा आधुनिक काल में उस यन्त्र का निर्माण भी नहीं हुआ है। निचले स्थान में जलाशय बन गया है ऊपर से अग्नि की वर्षा हो रही है सर्वत्र सेना नष्ट हो जाती थी। इस प्रकार का यन्त्र आधुनिक काल में अभी प्रारम्भ भी नहीं हुआ। आग्नेय अस्त्र हैं परन्तु राम से भारद्वाज कहता है एक यन्त्र मेरा है जो वरुण अस्त्र है ग्नि को शान्त कर देता है इसी प्रकार आधुनिक काल का जो परमाणुवाद है, अणुवाद वह, मृत्यु के अन्वेषणों में चला गया है परन्तु जीवन के अवशेषों में नहीं पहुंचा है।

एक यन्त्र अग्नि प्रवेश कर सकता है, अग्नि जला सकता है परन्तु वरुण शक्ति से अग्नि को शान्त नहीं कर सकता आज का वैज्ञानिक। इसी प्रकार मैं कहता हूँ हे वैज्ञानिक ! तू वरुणास्त्रों का निर्माण कर ये गोष्ठियां होती रहती हैं कि परमाणु शक्ति को समाप्त किया जाए क्योंकि कपर मुनि बना हुआ है आज का राष्ट्रीयत्व बाह्य जगत् में कहता है कि परमाणु शक्ति शान्त हो और जब अपनी राष्ट्रीय गोष्ठी होती हैं तो कहता है कि परमाणु शक्ति ही तो द्रव्य है यही तो धन है संसार का। मैं यह स्वीकार करता हूँ कि जितना अर्थ है संसार का वह वैज्ञानिक तथ्यों में माना गया है, जितना जिस राष्ट्र में विज्ञान होगा उतनी धातुओं का निर्माण होगा और जितनी धातु होगी उतना ही राष्ट्र का

द्रव्य प्रबल होता चला जाएगा। वह द्रव्रू पति बन जाएगा। परन्तु जो द्दव्य कहते हैं परमाणु शक्ति को तो शान्त करने के लिए क्यों उच्चारण कर रहे हैं।

आज मैं विशेष चर्चा देना नहीं चाहता हूँ। विचार विनिमय यह देने के लिए आया हूँ। कि प्रत्येक मानव को विचारना है प्रत्येक मेरी पुत्री को विचारना है कि इस संसार में मानव जीवन को ऊँचा बनाने के लिए हमें प्रभु के समक्ष विनम्र बनना है जैसा पूज्यपाद ने अभी अभी मुझे प्रकट किया।

आधुनिक काल जो विज्ञान है समें विज्ञान का दुरूपयोग हो रहा है उस विज्ञान में ऋषियों के क्रिया कलाप होने चाहिए, यज्ञ इत्यादि होने चाहिए, इसमें समाज में सात्विकता और राष्ट्र अपने कर्त्तव्य का पालन कर सके। आधुनिक काल का राष्ट्र विचार तो प्रिय देता है, परन्तु जब क्रियाओं में नहीं आ पाता तो इससे यह प्रतीत होता है कि राष्ट्र में अपना अस्तित्व और अपनापन नहीं होता। इसीलिए कुछ होता प्रतीत नहीं हो रहा है। मैंने पुरातन काल में कहा है, विज्ञान को जानना चाहिए। विज्ञान होना चाहिए विज्ञान की तरंगें होनी चाहिए परन्तु विज्ञान का दुरूपयोग हो करके यहाँ समाज पतित नहीं होना चाहिए। यह विचार विनिमय करना होगा वैज्ञानिकों को राष्ट्र को। अन्यथा वह समय दूर नहीं है जब मानव मानव अग्नि मुखारबिन्दु में परणित होने वाला है।

आज जब मैं वायुमण्डल की तरंगों को विचारने लगता हूँ तो संसार में त्राहि त्राहि हो रही है। क्यों हो रही है? मूल कारण क्या है कि मानव ने धर्म की अपेक्षा की है। धर्म को नहीं जाना है। मैंने बहुत पुरातन काल में कहा था कि धर्म ही विज्ञान है, धर्म ही मानवता है, धर्म ही कर्त्तव्य का पालन है। आज हमें कर्त्तव्यवादी बन करके धर्म और मानवता को सदैव विचारना चाहिए। विज्ञान होना चाहिए मैं यह नहीं कहता कि नहीं होना चाहिए। परन्तु विज्ञान क्या था? मैंने पुरातन काल में पूज्यपाद गुरुदेव से प्रश्न किया महाराजा हनुमान के सम्बन्ध में। वह हनुमान इतना ऊँचा विज्ञान जानता था कि वह अपने यान से उड़ान उड़ता है और वह सूर्य की किरणों की आभा में रमण कर रहा है और वह किरणां से ही यान की शक्ति को प्राप्त कर रहा है। किरणों से यान

गति कर रहा है और वह गति करता हुआ, सूर्य की किरणों से यान का निर्माण। वह लंका में माता सीता की खोज के लिए उसी यान से आ पहुंचे वह कहाँ है? जब समुद्र से दूर होने लगे तो वह उस यान में गए थे, वह यान सूर्य की किरणों से गति करता था। यहाँ ऐसे यान ऐसी ऐसी विज्ञान की तरंगें को जानना चाहिए, जो महान् सूर्य की किरणों से गति करने वाला हो।

आधुनिक काल का वैज्ञानिक अब तक ऐसा वाहन निर्मित नहीं कर सका है जो सूर्य की किरणों से गति करने वाला हो।

चन्द्रमा की शीतलता के द्वारा उन आभा की किरणों को ले करके गति करने वाला हो। देखो, हनुमान जी सूर्य विज्ञान को जानते थे। आधुनिक जगत् ने जाना नहीं और यह कहने लगा कि सूर्य को हनुमान ने अपने मुखारबिन्दु में धारण कर लिया। कंठ में धारण कर लिया था। अरे, कंठ में नहीं उनके कंठ में सूर्य का विज्ञान और ज्ञान था। वे इसको प्रसारित करते रहते थे, उसी में वे आभायित रहते थे। इसीलिए वह विज्ञान महान कहलाता है।

कौन वैज्ञानिक है जो लोकों की यात्रा कर रहा है? आधुनिक काल का वैज्ञानिक चंन्द्रमा में चला गया, उसी में वह ऐसा हो गया कि संसार को विजयी कर लिया है। यहाँ देखो, ब्रह्मचारी सुकेता अपने यान में विद्यमान हो करके गति करता है। वह अर्ध रात्रि क्या, चार पहर उसके आँगन में चन्द्रमा में गति करने लगता है और इसी प्रकार एक ही यान है और लोकों का भ्रमण करके पृथ्वी मण्डल पर यान आ रहा है। उसका 72 इस प्रकार का विज्ञान अब तक पृथ्वी मण्डल तक नहीं आ !यन्त्र आ रहा है। अहा पहुंचा है। विज्ञान अभी जन्म ले रहा है। विचारक आए हैं। विचारकों की आवश्यकता तो यहाँ सदैव रहती है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मुझे बारम्बार यह वाक्य प्रकट कराते रहते हैं, यह प्रेरणा भी देते रहते हैं हे पुत्र तू वेदनित न हो। मैं वेदना करने नहीं आया हूँ। मैं तो केवल यह ! प्रकट करने के लिए आता हूँ कि मानव समाज को ऊँचा बनाना है। मानव समाज अपनी आभा में आभायित रहता रहे। परन्तु विज्ञान विज्ञान के आँगन में हैं। विज्ञान

होना चाहिए विज्ञान से ही आगे जा करके मानव आध्यात्मिक वेत्ता बनता है। पूज्यपाद गुरुदेव ने बहुत पुरातन काल में कहा था कि जब मैंने उनसे यह प्रश्न किया कि भौतिक विज्ञान और आध्यात्मिक विज्ञान में क्या अन्तर्द्वन्द्व है। पूज्यपाद गुरुदेव ने कहा कि भौतिक विज्ञान ऐसा आभायित है कि जब आध्यात्मिक विज्ञान में प्रवेश करता हैं तो भौतिकवाद के मार्ग से विचरण करके जाता है। इसीलिए संसार को जानना, परमाणुओं को जानना, तरंगों को जानना, सूर्य लोक में प्रवेश करना और भी नाना लोक लोकान्तरों में यातायात का बनाना और एक बात स्वीकार कर लो कि संसार में जितने भी लोक लोकान्तरां की यात्रा हैं, चाहे वह सूर्य मण्डल, चाहे बृहस्पति हो चाहे शनि हो कोई भी मण्डल हो परन्तु उसमें जीवन है। कुछ लोकों में पार्थिव तत्त्व हैं कुछ लोकों में जल प्रधन प्राणी रहते हैं किन्हीं में अग्नि प्रधान प्राणी रहते हैं। परन्तु जहाँ जीवन है जहाँ, जल है, जहाँ प्राणवादक वायु है वहीं प्राणी का जीवन विद्यमान है। राष्ट्र के राष्ट्र विद्यमान हैं। मंगल का राजा अपने राष्ट्र में शासन कर रहा है, चन्द्रमा का कर रहा है आज इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नहीं।

आज के मानव ने यह जान लिया कि चन्द्रमा मैं जीवन का भाव भी स्वीकार करते हैं और अभाव भी स्वीकार करते हैं, भाव भी, अभाव भी। परन्तु में यह उच्चारण करता हूँ कि जहाँ पार्थिवता है पर्वतों की माला है, वहाँ वृक्ष अवश्य होगा और जहाँ पर्वतों की माला है वहाँ जल भी होगा, जहाँ पर्वतों की माला होगी वहाँ जीवन भी होगा, जहाँ जीवन होगा वहाँ राष्ट्र भी होगा। इसी प्रकार मैंने अपने पूज्यपाद गुरुदेव से यह कहा है कि काल में। आधुनिक काल का जो राष्ट्रवाद है उसके राष्ट्र में विज्ञान का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। यह जो विज्ञान दुरूपयोग हो रहा है इससे समाज पतित होता जा रहा है और जब तक यह विज्ञान का दुरूपयोग होता रहेगा, जब तक मानव अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं करेगा और जब कर्त्तव्य का पालन नहीं करेगा तो यह समाज रसातल को चला जाएगा।

आज मैं विशेष चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह निर्णय कराना चाहता हूँ कि यहाँ प्रत्येक मानव को वैज्ञानिक बनना चाहिए। यहाँ प्रत्येक

मानव को मानवता की आभा में रमण करना चाहिए। क्योंकि मानव जीवन ही एक जीवन है आज जिससे मानव बनते हैं। मैं प्रभु की अनुपम कृपा से पूज्यपाद गुरुदेव की शरण में आने से जीवन मुक्त बन गया हूँ। मेरी जीवन मुक्त गति बन गई हैं। यह क्या है? मैं तुम्हें यह परिचय देने आया कि विज्ञान का सदुपयोग होना चाहिए, धर्म का शोधन होना चाहिए धम्र में रूढ़ि न रहने चाहिए राजा तेरे लिए मैंने राष्ट्र उत्थान के लिए चार चरणों निर्णय किए हैं। सबसे प्रथम विज्ञान का सदुपयोग द्वितीय तुम्हारे यहाँ एक धर्म सभा हो और वह केसी हो? जो धर्म के ऊपर राष्ट्र का उससे विनाश न हो रूढ़ि और अज्ञान नहीं रहना चाहिए। अज्ञानता के आधर पर जितना यहाँ गुरुडमवाद का प्रसार होता है उतना ही राष्ट्रीयता का हनन होता रहता है। इसी प्रकार कोई भी साम्प्रदाय हो कोई भी रूढ़ि हो उसको राजा नष्ट करने का प्रयास करे। हे राजा तुझे भय नहीं होना चाहिए। तेरे द्वारा ब्रह्मचर्य होना चाहिए। क्योंकि ब्रह्मचारी को भय नहीं होता ब्रह्मचारी तो एक आभा में परणित रहता है महत्ता में रमण करता है। हे राजन ! यदि तू सैयद मुहम्मद के मानने वालों से भयभीत हो रहा है, कहीं ईसा के मानने वालों से भयभीत हो रहा, कहीं महावीर के मानने वालों से भयभीत हो रहा है, कहीं छात्रों से भयभीत हो रहा है इसका कारण विज्ञान सदुरूपयोग कहलाता है। इसका मूल कारण कि तेरे द्वारा आत्म बल नहीं है आत्म विश्वास नहीं है जिसमें तू अपने राष्ट्र की पद्धति को ऊँचा बना सके। राष्ट्र पद्धति केवल अक्षरों में रह गई है पोथियों में रह गई है। परैन्तु क्रिया नहीं है तो इन पोथियों का कुछ नहीं बनेगा। इसीलिए प्रत्येक मानव विचार विनिमय करना है। इन पोथियों के विचारों का इस बाह्य जगत् में लाना और यह राष्ट्र का कर्त्तव्य है।

एक समय भगवान् कृष्ण ने एक वाक्य बहुत ऊर्ध्वा में कहा था जब उनकी पत्नी ने कहा, प्रभु, जब आप दर्शन को जानते हैं। तो आप क्या करते हैं सूक्ष्म वार्त्ता तो उन्होंने एक वाक्य कहा था? हे देवी जिस कार्य को मैं कर रहा हूँ उस कार्य को जब साधारण ! समाज बरतने लगता है तो उसकी रूढ़ियां समाप्त हो जाती हैं इसीलिए हे राजा? तेरी जो निर्वाचन पद्धति है वह ब्राह्मण के द्वारा त्याग पूर्वक होनी चाहिए और आश्रम संन्यास

आश्रय एक अभावकृत होता जा रहा है। मानो यह जो प्रसार है, एक मानव देखो, ज्ञान की चर्चा कर रहा है एक मेरी प्यारी माता भी प्रभु की चर्चा कर रही है हे राजा हे ! राजा तेरे राष्ट्र है उसका अभाव नहीं होना चाहिए। यह उस काल में होगा जबराजा त्यागी होगा तपस्वी होगा।

एक समाज योगियों का भी होना चाहिए। जिससे योगाभ्यास हो। उनके द्वारा राष्ट्रीय द्रव्य का कुछ भाग होना चाहिए। इस प्रकार राजा के राष्ट्र में एक महत्ता आ सकती है। छात्र ऊँचा बने। एक ही गुरु के शिष्य गुरु के चरणों में विद्यमान हो करके मानव मानव में मानवता का प्रसार करते चले जाएं।

आधुनिक काल का शिक्षक ऐसा बन गया है कि उसके सम्बन्ध में कुछ कहा नहीं जा सकता। अधूरापन है। द्वितीय एयह कि वर्ण व्यवस्था हो। बिना वर्ण व्यवस्था के इस समाज का आधुनिक समाज का ऐसा संकल्प बन गया है कि बिना वर्ण व्यवस्था के यह जातिवाद समाप्त नहीं हो सकती। इसीलिए विद्यालयों में वर्ण व्यवस्था हो, ब्रह्मचारी का निर्माण विद्यालयों में होना चाहिए। इसी प्रकार राजा के राष्ट्र में त्याग और तप होना चाहिए।

एक समाज बुद्धिमानों का हो जो राजा की अध्यक्षता में जितनी भी रूढ़ियां हैं सम्प्रदाय हैं वह राजा की उनका सम्मेलन हो और विचार विनिमय हो, शास्त्रार्थ हो, जिसको धर्म कहता है इनमें विज्ञान और मानवता आभायें हो वही राजा के राष्ट्र में माननीय धर्म माना गया है। ये विचार संसार को ऊँचा बनाने के हैं। इन विचारों के साथ मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा।

मानो यह प्रजा को ऊँचा बनाने को राजा के राष्ट्र के लिए यह भिन्न भिन्न चरण हैं। सबसे प्रथम चरण राजा के राष्ट्र में त्याग हो और त्याग के साथ में ही जो राजा बना हुआ है वह संन्यास लेकर के संसार में भ्रमण करे। प्रजा को ऊँचा बनाए और उसकी पति संसार अपनाने के लिए तत्पर हो। त्याग हो और छात्रां में बल हो, बल कैसा हो? पवित्र हो और एक छात्र दूसरे से भयभीत न हो, आसक्त न हो। इसी प्रकार उन्हीं छात्रों का निर्माण विद्यालयों में हो, आचार्य वर्ण व्यवस्था करने वाले हों। वर्ण व्यवस्था हो और

एक समाज पद्यति, जिससे नाना प्रकार की रूढ़ियां समाप्त हो जाएं, और विज्ञान हो और विज्ञान का दुरूपयोग न हो, सत्य विज्ञान हो, सत्य का प्रसार विज्ञान के द्वारा हो तो राष्ट्र का कल्याण हो जाएगा। अन्यथा नहीं तो यह राष्ट्र चिन्तित होता चला जाएगा। आज का वाक् क्या कहता है कि हम परमात्मा की आराधना करते हुए, देव की महिमा का गुणगान गाते हुए इस संसार सागर से पार हो जाएं। विज्ञान होना चाहिए। अब मैं गुरुदेव से आज्ञा चाहूँगा।

मेरे प्यारे आज मेरे पुत्र ने कुछ वैज्ञानिक तथ्य वर्णन किए। परन्तु पूर्ण रूपेण !ऋषिवर ! तो इन्होंने वैज्ञानिक तथ्य वर्णन नहीं किये। परन्तु इन वाक्यों में जितना इन्होंने कहा है आधुनिक विज्ञान और भौतिक विज्ञान दोनों का मिलान करने का इन्होंने प्रयास किया है। आज का यह वाक्य समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। अच्छा भगवान आज्ञा। आनन्द मंगलन स्थान बरनावा समय दोपहर बजे 3

४ 07 03 1979 पुष्प 41 विलासिता

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रां का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा। आज हमने पूर्व से, वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है। जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव परम पिता परमात्मा के ज्ञान विज्ञान का प्रायः वर्णन किया जाता है। क्योंकि वे परम पिता परमात्मा विज्ञान स्वरूप माना गया है। मैंने बहुत पुरातन काल में तुम्हें यह निर्णय देते हुए कहा था, हमारे यहाँ परम्परा से ही विचार विनिमय होता रहा है, और परम पिता परमात्मा के सम्बन्ध में उन नाना प्रकार का विचार ऋषि मुनियों के मस्तष्क में अथवा उनकी विचारशालाओं में और वैज्ञानिकों की विज्ञानशाला में ये भिन्न भिन्न प्रकार का विचार परम्परा से ही होता रहा हूँ। आज मैं पुत्रों को विशेष्ज्ञ चर्चा प्रकट करने नहीं आया ! हूँ।

विचार देने के लिए आया हूँ कि समाज में और मानव मस्तिष्कों में रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि प्रत्येक मानव को यौगिक बनाना है और अपने विचारों को यौगिकता में

ले जाना है। जिससे उस मानव की मानवता की महत्ता बनी रहे, और परम पिता परमात्मा की प्रतिभा अथवा उसके विज्ञान की महिमा और यह नाना प्रकार की आभा में मानो सदैव रमण करता रहे। क्योंकि हमारे यहाँ भिन्न भिन्न प्रकार की विचारधराएं यौगिकता में भी मानी गई हैं।

रूढ़ि भी भिन्न भिन्न प्रकार की हैं। रूढ़ि उसे कहते हैं, जिसमें समाज नियन्त्रण में नियत रहता है। जैसे मानव के मुखारबिन्द से शब्दों की रचना हो रही है। ध्वनि उत्पन्न हो रही है। एक ध्वनि में नाना प्रकार के शब्दों की रचना अन्तरिक्ष में ओत प्रोत हो जाती है। मेरे प्यारे प्रतिशब्द प्रति ध्वनि कंठ से उत्पन्न होती हुई शब्द का आकार बन करके ! ध्वनि आ !कंठ में समाहित होती रहती है। मेरे प्यारे रही ह। ै अब उस ध्वनि की जो विशिष्ट रचना है उसको यौगिकवाद कहते हैं। परन्तु वही जब बाह्य जगत् में प्रवेश करती है और अन्तरिक्ष में रमण कर जाती है, वही अपनी अपनी आभा को प्राप्त होती रहती है।

आओ मेरे प्यारे आज मैं यह उच्चारण करने आया हूँ कि रूढ़ियों का विनाश होना ! चाहिए। मानव की पद्धति विचित्र होनी चाहिए। परन्तु उसमें रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि ईश्वरवाद में जब रूढ़ि होती है वो रूढ़ि मानव को संकीर्ण बना देती है। विशालता नहीं रहने देती। क्योंकि परम पिता परमात्मा का जो मूल विषय है, परमात्मा की जो प्रतिभा है। वह मेरे प्यारेदेखो !, मानव को विशाल बनाने की प्रेरणा देती है। विशाल बनाने के लिए वह अग्रसर रहने के लिए सतर्क होती है। इसलिए प्रत्येक मानव को विशाल बनना चाहिए। और वह विशालता ही समाज और राष्ट्र और मानव को ऊँचा बना देती है। आज मैं विशेष चर्चा इस सम्बन्ध में प्रकट करने नहीं आया हूँ। विचार विनिमय में केवल यह देने आया हूँ। क्या मानव इस प्रकृति के स्वरूप को जानने के लिए आता है?

परन्तु रहा यह वाद की प्रत्येक मानव परम्परा से अनुसन्धान करता रहा है। प्रत्येक वेदमन्त्र पर अनुसन्धान। क्योंकि वैदिक जो शब्द हैं, वेद का जो ऋषि है, वे मानव को यौगिकवाद की प्रेरणा देता रहा है। मुझे स्मरण आता रहता है पुत्रो मुझे वह !बेटा !

काल स्मरण आता रहता है जिस काल में महर्षि यज्ञवल्क्य मुनि महाराज अपने आसन पर विराजमान रहते थे। नाना ब्रह्मज्ञ उनके समीप आते। क्योंकि वे ब्रह्माज्ञों में महान् कहलाते थे। विचार विनिमय ब्रह्म की ही विवेचना पर होता रहता है। तो हमारे यहाँ प्रत्येक मानव का कर्त्तव्य है। क्या वह अपने मानव जीवन को ऊर्ध्व बनाने के लिए ब्रह्म का चिन्तन करने वाला बने। क्योंकि ब्रह्म का चिन्तन एक ऐसा चिन्तन है जो मानव को विशाल बनाता है, जो मानव को यौगिक बनाता है।

रूढ़ियों से भी महान् रूढ़ियों का भी शस्त्र नहीं होता। वह जातिवाद की महत्ता को अपनाता रहता है। मेरे प्यारे आज मैं तुम्हें यह उच्चारण करने के लिए आया हूँ। ! प्रत्येक मानव का अपने जीवन में एक महत्ता की आभा को रमण करना है। आज का विचार विनिमय क्या है? हम मानवयागों के सम्बन्ध में विवेचन करते रहते हैं। प्रत्येक मानव को यौगिक बनने के लिए हमें याग का अस्त्र लेना होगा। हमें याग करना होगा। मेरे प्यारेमहानन्द जी नाना प्रकार की प्रेर !णा देते रहते हैं। कल समय मिलेगा तो उनसे भी दो शब्दों की विवेचना हो सकेगी। परन्तु आज तो केवल यह उच्चारण करना है। क्या प्रत्येक मानव को यौगिकवादी बनने के लिए याग का अस्त्र लेना होगा। क्योंकि याग का अस्त्र लेना ही ऊँचा बनाना है।

मुझे स्मरण आता रहता है। त्रेता काल में जब महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज के आश्रम में एक सभा हुई। सभा में नाना ब्रह्मवेत्ता और ब्रह्म जिज्ञासु भी और राष्ट्र के राजर्षि भी विद्यमान थे। उसमें यह विचारा गया कि समाज में रूढ़ि आ गई है। समाज में रूढ़ि नहीं आनी चाहिए। इससे देखो, रूढ़ियों से एक मानव विलासिता का अपना जीवन बना लेता है। परन्तु विलासिता का जीवन एक रूढ़ि कहलाता है। विलासिता का जीवन मानव का नहीं बनना चाहिए क्योंकि विलासिता के जीवन में रूढ़ियां बढ़ जाती हैं। ! मैंने बहुत पुरा !अग्नि प्रचंड हो जाती है। यह अग्नि प्रचंड नहीं रहनी चाहिए। मेरे पुत्रोतन काल में तुम्हें निर्णय दिया वशिष्ठ मुनि महाराज के एक सभा हुई। सभा में ऋषि याग करने लगे। परन्तु विचारों का याग और अग्नि होत्र का याग। जब अग्नि को अग्नि से प्रदीप्त करने लगे तो अग्नि की उपासना करने वाले नाना ब्रह्मवेत्ता कहते कि अग्नि

यागशाला में प्रविष्ट हो। यदि अग्नि वायु मण्डल में ओत प्रोत हो जाती है। यह अग्नि मानव देवताओं का दूत बन करके देवताओं को द्रव्य प्रदान करता है। यही अग्नि है जो मेरे प्यारे मानव के अन्तः हृदय में प्रदीप्त हो रही है। यही अग्नि है जो लोक नाना ! प्रकार के लोकों में प्रदीप्त हो रही ह ै। तो ये नाना प्रकार की जो अग्नि है ये ही मानव को नाना प्रकार की याज्ञिक बनने की प्रेरणा देती है। अग्ने, तू अग्नि है।

महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज जब याग समाप्त हो गया, तो उसने यह कहा कि समाज में विलासिता की रूढ़ि बन रही है और यह रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। परन्तु इस रूढ़ि के लिए प्रयत्न होना चाहिए, जिससे मानव भयंकर अग्नि से शान्ति को प्राप्त हो जाए। मुझे स्मरण आता रहता है। विश्वामित्र को यह परामर्श दिया कि तुम अयोध्या में प्रवेश करो और अयोध्या में प्रवेश करके तुम रघुवंश राजकुमारों को ऊँचा बनाओ। जिससे विलासिता रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि अयोध्या में भी विलासिता रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि अयोध्या में भी विलासिता की रूढ़ि आ गई थी। इस काल में मेरे प्यारेविलासिता की रूढ़ि को समाप्त करने के लिए और देखो !, राजा राम को राष्ट्र में आत्मा की रूढ़ि आ गई। क्योंकि वह आत्मा की रूढ़ि भी रूढ़ि कहलाती। एक दूसरे को गमन करने की जो विचारधरा भी एक रूढ़ि कहलाती है। इस रूढ़ि का भी विनाश होना चाहिए। ऋषि मुनियां ने अपने धर्मात्मा ब्रह्म लोकों के उस महान् दर्शन का अस्त्र लेकर के उन्होंने कहा कि रूढ़ियां समाप्त होनी चाहिए। मुझे स्मरण आता रहता है वे संभाएं जब स्मरण आती रहती हैं तो हृदय गद् गद् होने लगता है।

मुनिवरोंदेखो !, विलासिता की रूढ़ि को समाप्त करने के लिए, आत्म की रूढ़ि को समाप्त करने के लिए, जीवन की रूढ़ि को समाप्त करने के लिए उन्होंने भगवान् राम को ऊँचा बनाने के लिएः अग्रहर करने के लिए, विचार बनाया। महर्षि विश्वामित्र ने वन में याग की रचना की और याग के द्वारा रूढ़िवादी समाप्त करने लगे। क्योंकि याग के सामने ज्यादा जो रूढ़िवादी होते हैं। उनकी विचारधारा में रूढ़ि बनी रहती है। वे याग को नहीं चाहते। उनकी प्रबल इच्छा बलवती नहीं होती। क्योंकि उनकी गमन करने की प्रवृत्ति होती है, तो बेटा वे उनके याग को नहीं होने देते थे। परिणाम यह हुआ कि !

उन्होंने अयोध्या को गमन किया। वे महाराज दशरथ के समीप पहुंचे। महाराज ने नतमस्तक होकर कहा, प्रभु आप बिना सूचना के मेरे इस अयोध्या में आए हो। मुझे ! सूचना देते मैं आपकास्वागत करता। क्योंकि ब्रह्मवेत्ताओं का स्वागत होना चाहिए। उन्होंने कहा नहीं कोई बात नहीं। महाराज ने मेरी नगरी को कैसे पवित्र किया है? उन्होंने कहा हे राजन्मैं इसलिए आया हूँ !, मैं एक याग कर रहा हूँ, और याग को रूढ़िवादी नहीं होने देते मेरे याग की रक्षा होनी चाहिए। मैं तुम्हारे दो राजकुमारों को ले जाना चाहता हूँ महाराज दशरथ ने कहा प्रभु (नरेश) मैं इस अयोध्या का अग्रेश ! कहलाता हूँ। मैं याग रक्षा करने के लिए अस्त्र धारण करता हूँ किशोर बालक याग की रक्षा कैसे करेंगे। विश्वामित्र ने कहा नहीं मेरी यह इच्छा है। मुझेऋषियों की आज्ञा है और मेरी आत्मा का अन्तःहृदय कहता है कि राम, लक्ष्मण दोनों से याग की रक्षा हो सकेगी।

रघुवंश का यह नियम था। जैसे न्यायालय में राजा न्याय करता था। न्यायाधीश की भांति अयोध्या में देवियां भी न्याय करती रहती थीं। कौशल्या ने यह श्रवण किया कि विश्वामित्र का आगमन हुआ है। वे अपने न्यायालय को त्याग करके भी ऋषि के चरणों में ओत प्रोत होकर के बोलीं प्रभु आज्ञा। उन्होंने कहा देवी मैं राजकुमारों को लेने ! तुम इतने मोह !के लिए आया हूँ। अपने याग रक्षा के लिए। उन्होंने कहा हे राजन ममता में क्यों आ रहे हो? क्षत्रियों का कर्त्तव्य है कि वे ऋषि मुनियों की रक्षा करने वाला हो। वह धर्म और मानवता की रक्षा करने वाला हो। जब उन्होंने ऐसा कहा तो राजा दशरथ मौन हो गए। उन्होंने दोनो राजकुमारों को ले करके वहाँ से गमन किया। वे भ्रमण करते हुए याग की रक्षा करने को दण्डक वन में ले गए। नाना कर्त्तव्यहीन प्राणियों को गमन करते हुए वे उनको शिक्षा देते हुए कुरूक्षेत्रों को समाप्त करते हुए और जहाँ याग होना था, उस स्थान पर पहुंचे।

वहाँ विश्वामित्र याग करने लगे। राम और लक्ष्मण दोनों उनकी रक्षा के लिए सतर्क हो गए। जो आता था, उन्हें या तो वे शिक्षा प्रदान करते, अन्यथा उन्हें अपने अस्त्रों शस्त्रों से सम्पन्न कर देते। तो मुझे स्मरण है जब वह याग चलता रहा, याग की परम्पराएं

उर्ध्वगति को प्राप्त होती रहीं वह याग समाप्त हो गया। याग का अस्त्र ले करके राम और लक्ष्मण दोनों ने ऋषि का स्वागत किया। ऋषि ने मेरे दोनों राजकुमारों को धनुर्विद्या शिक्षा प्रदान करनी आरम्भ की। क्योंकि विश्वामित्र धनुर्विद्या के विशेषज्ञ कहलाते थे। उन दोनों की रक्षा के साथ दोनों को वे अस्त्र शस्त्रों की शिक्षा प्रदान करने लगे। इतनी उर्ध्वगति में उन्हें शिक्षा प्रदान की कि वे धनुर्विद्या के विशेषज्ञ बन गए। अहल्या विज्ञान क्या और भी नाना प्रकार के विज्ञान में रमण करने लगे।

इसके पश्चात् मुनिवरोंदेखो !, वे याग को समाप्त करके वहाँ से महाराजा विश्वामित्र और राम लक्ष्मण तीनों गमन कर गए। जब गमन किया तो मेरे प्यारेमहर्षि भारद्वाज मु !नि की विज्ञानशाला में जा पहुंचे। महर्षि भारद्वाज मुनि की विज्ञानशाला में ऋषि ने तीनों प्राणियों का स्वागत किया और विश्वामित्र से कहा, कहो भगवन् मेरे लिए क्या सेवा ! है? क्या आज्ञा है आपकी? उन्होंने कहा इन दोनों को योग की विज्ञान की शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए। राम और लक्ष्मण दोनों छः छः मास तक उस विज्ञानशाला में बेटा ! विज्ञान की शिक्षा लेते रहे। मुझे स्मरण है। राम को बनाने के लिए महापुरुषों ने रूढ़ि वैसे समाप्त नहीं होती। रूढ़ि उस काल में समाप्त !कितना यत्न किया। मेरे प्यारे होती है जब मानव को त्याग और तपस्या मे ं परिणत होना होता है। त्याग और तपस्या की वेदी पर आ करके अपने को ऊँचा बनाते हैं। राम और लक्ष्मण दोनों राजकुमारों ने रघुवंश ऊँचा बनाने के लिए उन्होंने भारद्वाज के यहाँ शिक्षा पा करके और वहाँ से गमन किया।

उन्होंने याग से निर्मित अस्त्रों में गमन करना, अन्तरिक्ष में यानों के द्वारा भ्रमण करना चित्रावलियों के विज्ञान को जानना आदि उनके यहाँ सर्व विद्याएं थीं। मुझे स्मरण आता रहता है, उन प्राणियों की ऊँची शिक्षा भारद्वाज मुनि से प्राप्त की थी। मैंने बहुत पुरातन काल में तुम्हें निर्णय देते हुए कहा था। क्या जब माता सीता को भयंकर वन में जा करके और जब लक्ष्मण राम के समीप आने के लिए सीता की रक्षा के लिए वहाँ एक रेखा उन्होंने देखो, पञ्चवटी पर स्थित कर दी। वह काल मुझे स्मरण है। कोई भी प्राणी आ जाए उस रेखा से भस्म हो जाता है। यह कौनसी विद्या थी? यह विद्या वह कहलाती

जो केवल विज्ञान नहीं केवल आभा कहलाती थी। यह कोई अनुपम विद्या थी। जिसको पान करता हुआ वैज्ञानिक बन जाता है। वह रेखा आभामिक रेखा कहलाती थी। स्वयं स्थित रेखा भी इसको कहते थे। यही विज्ञान अवरोहक कहता है कि मानव की रक्षा विज्ञान करता है। मानव की रक्षा मानव की आभा करती है। मैं यह उच्चारण कर रहा था क्या यह विद्या और शिक्षा का श्रेय विश्वामित्र को रहा ह। ै इन रूढ़ियों को गमन करने की जो मानव की एक रूढ़ि बन जाती है। भगवान् राम ने गमन करने वाले प्राणी को नष्ट करने के लिए अपना क्रम बनाया। जब वे इस शिक्षा को पा करके माता सीता के साथ दण्डक वन में रह रहे थे तो महर्षि लोमश मुनि महाराज और महर्षि अत्रि, माता अनुसूया कर्त्तव्य की शिक्षा देते रहे। मैंने बहुत पुरातन काल में तुम्हें निर्णय देते हुए कहा था जब अत्रि मुनि के आश्रम में भगवान् राम पहुंचे तो उन्होंने एक यन्त्र उन्हें प्रदान किया। मेरे प्रूरे वह क्या यन्त्र था? उन्होंने यह कहा था, यह यन्त्र जो मैंने अपनी विज्ञानशाला में निर्माण किया है। इस यन्त्र में चयह विशेषता है। भयंकर एक लाख बावन हजार सेनाएं इस एक यन्त्र से समाप्त हो जाएगी। मेरे प्यारेदेखो !, यह यन्त्र अत्रि मुनि ने उन्हें प्रदान किया। यन्त्र को राम ने स्वीकार कर लिया।

तुम्हें स्मरण होगा। मैंने तुम्हें निर्णय कराया था। क्या ये जो शबरी इन्हें प्राप्त हुई भयंकर वनों में शबरी का मिलन हुआ तो मेरे प्यारे तुम्हें यह काल स्मरण होगा कि ये शबरी ! महर्षि स्यामकेतु मुनि की कन्या कहलाती थी। और भारद्वाज मुनि के यहाँ यह विज्ञान में शिक्षा प्राप्त करती थी। शिक्षाओं को ग्रहण करती थी। विज्ञान में प्रवीण थी। रावण का पुत्र भारद्वाज मुनि का शिष्य कहलाता था। और शवरी को उन्होंने इसलिए गुप्तचर विभाग में स्थापित किया। जितना मेरा विज्ञान का यह कोश है, यन्त्र तन्त्र है, यन्त्र सब राम को शबरी ने प्रदान कर दिए थे।

भारद्वाज के यहाँ ऐसे ऐसे यन्त्र थे। मानव एक रेखा, जो यह रेखा पृथ्वी के मध्य भाग एक प्रति के आँगन में एक रेखा होती है। उस रेखा में जब सूर्य की किरण आती हैं तो वह रेखा सूर्य किरणों को शीतल बना देती है। और देखो, भारद्वाज मुनि के यहाँ एक यन्त्र था। स्वाति यन्त्र, उस स्वाति यन्त्र में यह विशेषता थी कि उस रेखा के प्राणवर्धक

जो शीतल बनाने वाले जो परमाणु थे, वो यन्त्र यह ग्रहण कर लेता था। अब जिस राष्ट्र को भस्म करना हो वह यन्त्र उन परमाणुओं को अपने में आकर्षित कर लेता। वह किरण जब नग्न रह जाती थी। जिस राष्ट्र पर वह रेखा नग्न रह जाती थी वह राष्ट्र का राष्ट्र भस्म हो जाता था। तो मेरे प्यारे भारद्वाज मुनि महाराज के इस प्रकार के यन्त्र निश्चित ! थे। उन्होंने अपनी निर्माण शाला में निर्मित किए थे। वे सब यन्त्र राम को प्रदान कर दिए।

ये विचार इसलिए मैं तुम्हें दे रहा हूँ कि हमें रूढ़ियों को समाप्त करने के लिए कितने त्याग और तप करने की आवश्यकता है। और ऋषि मुनियों का श्रेय बुद्धिमानों कि कितना अपनी बुद्धिमत्ता से कार्य करता है। राम ने उन यन्त्रों को शबरी से लेकर अपने को धन्य स्वीकार किया।

मैं आज तुम्हें यह विचार देने के लिए आया हूँ। तुम्हें स्मरण होगा जब समुद्र के तट पर भगवान् राम जा पहुंचे थे तो उस समय उन्होंने एक सभा की थी। उस सभा में महर्षियों की जहाँ सभा हुई वहाँ महाराज शिव का उन्होंने अवतरण किया और शिव को निमन्त्रण दिया। इस हिमालय से मानो कैलाश से जब ये आए तो उन्होंने नतमस्तक होकर, कहा प्रभुये राम का भक्त का !, वचन कहलाता है। और यहाँ मैं रावण को संग्राम करने वाला हूँ। अब भगवनमुझे क्या करना है !? आप क्या आज्ञा देंगे मुझे। तो महाराज शिव ने शिवास्तु उन्हें प्रदान किया। मैं इसको स्वीकार नहीं करता हूँ। मैं इसको रूढ़ि स्वीकार करता हूँ। तो राष्ट्रों में जब एक दूसरे को विजय करने की प्रवृत्ति बन जाती है तो यह रूढ़ि कहलाती है। राष्ट्रीय रूढ़ि है। और ये जो राष्ट्र रूढ़ि है। यह समाज का विनाश कर देती है। तो मेरे प्यारेदेखो !, मैं आज तुम्हें यह उच्चारण करने के लिए आया हूँ कि रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। ये जो एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति है। एक रूढ़ि कहलाती है। जो राष्ट्र रूढ़ि है। इस रूढ़ि को समाप्त करना चाहिए। मेरे प्यारेमहानन्द जी ने यह कहा था। एक समय में क्या यह जो धर्म हैं धर्मों ! की रूढ़ि भी कहलाती थी। मानव धर्म के नाम पर नाना प्रकार की रूढ़ियां बन जाती हैं। वे रूढ़ियों को समाप्त करने के लिए राष्ट्र और बुद्धिमानों का कर्त्तव्य है कि इस रूढ़ि

को समाप्त करें। क्योंकि उस धर्म के, धर्म की जो रूढ़ि है। वे राष्ट्रों के राष्ट्रों में अग्नि प्रदीप्त कर देती है। और वे कैसी अग्नि है कि प्राणी प्राणी का भक्षक बन जाता है।

इसलिए देखो, प्रत्येक मानव को आवश्यकता है। आज का वायुमण्डल कहता है। आज के वायुमण्डल में भी रूढ़िवाद आ गया, तो यह रूढ़िवादी विचारों से समाप्त हो जाएगा। मेरे प्यारेजब मैं इस वायुमण् !डल का अध्ययन करने लगता हूँ और वायुमण्डल को विचारने लगता हूँ तो वायुमण्डल में मुझे रूढ़िवाद का एक आभास आता है। एक मानव ऐसी आग्रह दुर्गन्ध जैसे घ्राण में सुगन्ध और दुर्गन्ध दोनों आती रहती हैं। उस दुर्गन्ध का अस्तित्व मानव मस्तिष्क में, हमारी विचारधारा में, अन्तहृदय में वह मिलान करती रहती है। तो विचार विनिमय में क्या है? आज हमें विनाशक और रूढ़ियों को राष्ट्र की रूढ़ियों को समाप्त करना है। अतः त्याग और तप की आवश्यकता है। शिव का पूजन भगवान् राम ने समुद्र के तट पर किया था और शिवपूजा का अभिप्राय यह कि महाराज शिव की प्रार्थना की और यह कहा कि आप इनकी रक्षा करते रहते हैं। मैं ! इसको नष्ट करना चाहता हूँ। रूढ़ियों को नष्ट करना चाहता हूँ।

भगवान् राम ने अनेक समय रावण को शिक्षा देने का प्रयास किया। परन्तु नहीं हो का। क्योंकि जब रूढ़ि आ जाती है तो वो रूढ़िमानव का विनाश कर देती है और जब नाना प्रकार के धर्मों के नाम पर रूढ़ि आ जाती है। धर्म के नाम पर जो नाना रूढ़ियां हैं उस पर हमारे यहाँ कल प्रकाश होगा। उसके ऊपर प्रकाश की आभाओं में क्या ये कैसे मानव सभा समाप्त हो जाती है? मैं आज यह तुम्हें उच्चारण करने के लिए आया हूँ। क्या प्रत्येक मानव को वैदिक परम्परा से लेकर के और वेद की पवित्र धारा को ले करके राष्ट्र और समाज को ऊँचा बनाना है। आज का हमारा अभिप्राय यह है कि हम परमपिता परमात्मा की उपासना करते हुए परमात्मा का अस्त्र लेते हुए, धर्म और मानवता को ऊँचा बनाने के लिए सदैव अपनी मानवता को ऊँचा बनाना चाहते हैं।

आज का हमारा अभिप्राय है। आज मैं कोई विशेष चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। तुम्हें उच्चारण करने आया हूँ। क्या प्रत्येक मानव योगी महापुरुष उन्होंने याग का क्रम क्रिया कलाप जातिवाद में माना है। इसी प्रकार मानव के विचार में भी जातिवाद होना

चाहिए। आज मैं जातिवाद की चर्चा करने जा रहा हूँ। ये जातिवाद ही हमारे एक महान् बना देता है। इसलिए मानव के विचारों में रूढ़ि नहीं रहनी चाहिए। संकीर्णता नहीं रहनी चाहिए। जातिवाद रहना चाहिए और जातिवाद ही समाज को और राष्ट्र को और मानवता को ऊँचा बनाता है।

विशेष चर्चा आज तुम्हें प्रकट करने नहीं आया। तुम्हें यह उच्चारण करने आया हूँ कि प्रत्येक मानव को ऊँचा बनाना है। आज मैं प्रातःकाल की वह वार्त्ता स्मरण करने लगा, जहाँ ऋषि मुनि अपनी विचारधारा को लेकर के रूढ़ियों को समाप्त किया करते थे। हमारे यहाँ यह तपस्वी जन उन रूढ़िवाद को समाप्त करने के लिए तत्पर हैं। यह है हमारा आज का वाक् आज का वाक् उच्चारण करने का अभिप्राय यह है कि उसे बनाने के लिए सदैव तत्पर रहते थे। परमपिता परमात्मा ने इस जगत् को रचा है। जगत् को इसलिए रचा कि प्रत्येक मानव को जातिवाद में रमण करना है। कर्त्तव्य का पालन करना है। और समाज को ऊँचा बनाना है। मानव देखो, जैसे समाज को ऊँचा बनाना है। समाज कर्त्तव्यवाद से ऊँचा बनता है। धर्म और कर्त्तव्य का तप अपना करके मननशील बन के समाज को ऊँचा बनाया जा सकता है। ये आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। इसके पश्चात् वार्त्ता समाप्त होगी। लाक्षागृह बरनावा

५ 09 03 1979 पुष्प 41 महानन्द जी

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रां का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान की प्रायः चर्चाएं होती रहती हैं। क्योंकि मानव का जीवन सर्वत्र विज्ञानमय माना गया है।

विज्ञान में उड़ान उड़ने वाले नाना ऋषि हुए हैं। जिन्होंने बेटाइस परमाणुवाद के ऊपर ! और परमाणुवाद का जो धर्म है अथवा उसमें जो क्रियाकलाप होते रहते हैं उस पर

अनुसन्धान किया था। तो प्रायः परम्परा से अनसंधान होता रहा है।
मुझे वह काल स्मरण आता रहता है। जिस काल में मुनि भारद्वाज, ब्रह्मचारिणी शबरी, ब्रह्मचारी सुकेता, ब्रह्मचारी कवन्धी, ब्रह्मचारी रोहिणीकेतु, ब्रह्मचारी सुधाग्नि केतु, नाना ऋषियों ऋषि मुनियों के ये पुत्र विज्ञान में पारंगत थे। महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ नाना प्रकार के विज्ञान में यन्त्र थे मानो ब्रह्मचारी कवन्धी सूर्य में महान् पण्डित थे। सूर्य की किरणों के साथ ये नाना अपने यान में विद्यमान होकर के जैसे जैसे किरणें प्रातःकाल से सायंकाल तक किरणां का प्रभाव इस पृथ्वी मण्डल पर रहता और किरणें जब चली जातीं, तो इनका यान किरणों के साथ गति करता जाता। बेटा उनके यन्त्रग्रह यान ! कहलाते थे। आज मैं विशेष चर्चा विज्ञान के संबधं में तुम्हेंनहीं करूंगा। क्योंकि मेरे प्यारे महानन्द जी दो शब्दों की विवेचना करेंगे। आज तो मैं केवल इतना उच्चारण ! करने के लिए आया हूँ कि हमारा जो ज्ञान और विज्ञान है परम्परा से ही नाना ऋषि उड़ान उड़ते चले आए हैं।
मेरे प्यारेमैंने बहुत पुरातन काल में तुम्हें यह निर्णय ! देते हुए कहा था कि भारद्वाज ने महाराजा हनुमान जो अंजना के पवन पुत्र कहलाते थे। और उनको सूर्य की सर्व विद्या का ज्ञान था। मेरे प्यारे महानन्द जी ने एक समय मुझे वर्णन कराया कि आधुनिक ! जगत यह कहता है। कि हनुमान ने सूर्य को अपने मुखारविंद में अर्पित कर लिया था। प्रायः ऐसा नहीं परन्तु सूर्य की सर्व विद्या उनके कण्ठ में विद्यमान थी। सूर्य की किरणों के साथ महाराजा हनुमान ने अपने पादुकर नाम के एक यन्त्र का निर्माण किया था। सूर्य की किरणों के साथ मानो सूर्य मण्डल की यात्रा करता था। तो सर्व विज्ञान हनुमान जी के कंठ में विद्यमान था।
विद्यांग ग्रहि अस्तानदेवस्य सूर्यः। ये सूर्य कितना महान् विज्ञानमय है। सूर्य की नाना प्रकार की किरणें आती हैं। किस प्रकार की स्वर्ण का निर्माण और भी नाना प्रकार की धातुओं का निर्माण होता रहता है। सर्व विद्या का कैसे निर्माण होता है। कैसे धातु का याग बनता है। कैसे शुष्क होता हैं इस सर्व विद्या को देखो, मुनिवरों पवन पुत्र ! हनुमान जानते थे। वह माता अंजना कितनी सौभाग्य शालिनी थी। उनके गर्भ स्थल

से हनुमान जैसों का जन्म हुआ।
सीता के खोजने के लिए जाने लगे तो अपने यान में विद्यमान होकर के लंका में पहुंच गए। अपना पदकेतु नाम का यन्त्र था। उसमें विद्यमान हो हनुमान वहाँ जा पहुंच। वे कितने विज्ञानमय थे। इसलिए मैं यह उच्चारण कर रहा था पुत्रो क्या यह मानव का ! सौभाग्यशाली गुण रहा है। ज्ञान और विज्ञान में जाना, ज्ञान और विज्ञान की उड़ान उड़ना, यह हमारे यहाँ बेटा आज मैं !सृष्टि के प्रारम्भ से विद्यमान है। तो मुनिवरों ! तुम्हें नाना प्रकार के विज्ञान की विवेचना करने नहीं आया हूँ। आज अपने पुत्र से कटु उक्तियों को समाप्त करके अपने दो शब्दों की विवेचना करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः ओ३म् तनुमाः हिरणमयः गछायत्यम देवयम सर्वाः। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मेरे भद्र समाज मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! विज्ञान की चर्चाएं कर रहे थे। और हनुमान जी के सम्बन्ध में ये विज्ञान में जाने के लिए तत्पर थे। परन्तु हमारे यहाँ परम्परा से जैसा पूज्यपाद गुरुदेव ने उच्चारण कि िया क्या यह समाज विज्ञान का रहा है क्योंकि हनुमान की चर्चा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव करते चले आ रहे थे। सूर्यकेतु नामक एक पोथी का निर्माण महाराजा हनुमान ने किया था। सूर्य विज्ञान के ऊपर नाना रूपों में उन्होंने उस पोथी का निर्माण किया। पोथी को आधुनिक जगत में महाभारत काल के पश्चात् जैन काल में अग्नि के मुखारबिन्दु में परणित कर दी गई थी। आज मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने यह कहा है कि कटु उच्चारण करना हमारा धर्म नहीं। परन्तु सच उच्चारण करना तो हमारा मौलिक गुण कहलाता है। आज मैं यह उच्चारण करने के लिए आया हूँ कि प्रत्येक धर्म की पुकार है। प्रत्येक मानव के लिए उच्चारण कर रहा है। परन्तु जब मैं यह उच्चारण करने लगता हूँ कि धर्म किसे कहते हैं? धर्म क्या है? पूर्व काल में मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने धर्म की विवेचना की कि धर्म मानव की इन्द्रियों में समाहित रहता हैपर आज धर्म कहाँ र !हता है। कुछ रूढ़ियों में और कुछ मानव देखो, यौगिकताओं में रहता है। आज मैं धर्म की इस प्रकार मीमांसा करने नहीं जा रहा हूँ। विचार यह देने के लिए आया हूँ कि धर्मों में रूढ़ियां हैं। मानो

भिन्न भिन्न प्रकार का मानव धर्म स्वीकार करने लगा है।

धर्म से वैदिक साहित्य में एक ही को धर्म माना गया है। एक ही धर्म है। वह धर्म नाना प्रकार के रूपां में विभक्त हो रहा है। वह विभक्त धर्म नहीं हो रहा है। स्वार्थ वाद हो रहा है। क्योंकि देखो, धर्म का कदापि विभाजन नहीं होता। स्वार्थवाद धर्म को लेकर नाना प्रकार की रूढ़ियों में परणित हो जाता है। यदि यह स्वार्थ न हो तो यह देखो, धर्म को नाना प्रकार की रूढ़ियों में परणित करने वाला प्राणी नहीं होता। हमारे यहाँ नाना प्रकार के महापुरुष हुए हैं। जितने भी महापुरुष हैं उन्होंने देखो, एक ही धर्म की विवेचना की है। परन्तु मानने वालों ने अपना धर्म स्वीकार कर लिया। धर्म रूढ़ियों में परणित हो गया यह क्यों हुआ है? इसका मूल कारण स्वार्थ है इसका मूल कारण मानव की द्रव्य की लालसा है। इसका मूल कारण राष्ट्रवाद है।

काल के वैज्ञानिक पूज्यपादयह उच्चारण कर रहे हैं कि यह समय चलता रहा !, जो समय चल रहा है यह ऐसा समय है कुछ काल के पश्चात् वायुमण्डल इतना दूषित हो जाएगा कि श्वास लेते ही प्राणी नष्ट हो जाएगा। आज का वैज्ञानिक यह कह रहा है। उनके मध्य में यह चर्चाएं हो रही हैं, वैज्ञानिक इमसें लगा हुआ है अब हम क्या करें? वैज्ञानिकों ने कहा है ऐसा एक गो घृत है जिसको अग्नि में प्रवेश करने से अग्नि में स्वाहा करने से वायु मण्डल शुद्ध हो सकता है तो विचार आया कि यज्ञोमयी जो कर्म है यज्ञ से जो सुगन्धि उत्पन्न होती है वह वायु मण्डल में प्रवेश करती है। जो घृत अग्नि में प्रवेश करते हैं। वह वायुमण्डल का शोधन कर रहा है।

आधुनिक काल का जो वैज्ञानिक है वह जहाँ इस तथ्यों में लगा हुआ है वहाँ मानव को त्रास भी दे रहा है। नाना प्रकार का त्रास देता हुआ यहाँ जो शिक्षित समाज है वह इतना अकर्मठ बनता चला जा रहा है उसमें विज्ञान की इतनी त्रासता आ चुकी है, उसके द्रव्य में इतनी हीनता आ चुकी है वह अपने को आत्मवेत्ता स्वीकार नहीं करता। यह कैसा विचित्र मैं इस आधुनिक जगत् को दृष्टिपात कर रहा हूँ। आधुनिक जगत् का जो प्राणी है जितना शिक्षित समाज है वह इसमें लगा हुआ है कि याग जैसे कर्म् को पाखण्ड कह रहा है और अपने को इतना हीन स्वीकार कर लिया है कि आत्मा का उसमें बल नहीं रहा। बल क्यों नहीं रहा है? क्योंकि यहाँ आधुनिक काल का जो विज्ञान है यह अग्निमय कहलाता है जिस काल में अग्नि वाला विज्ञान प्रगति करता है उसी काल में मानव हीन बनता चला जाता है। इसलिए अग्नेय यन्त्रों का निर्माण हो रहा है। आज एक वैज्ञानिक एक यन्त्र का निर्माण कर रहा है जिसको वायुमण्डल में त्यागने के पश्चात् वायु मण्डल इतना दूषित हो जाएगा कि श्वास लेने मात्र से प्राणी नष्ट हो जाएगा, प्राणी का ह्रास हो जाएगा।

पूज्यपाद यह जो आधुनिक जगत् है यह विज्ञान में इतना हीन बनता चला जा रहा ! है कि यह मानव के आत्मिक बल को नष्ग्र कर रहा है। आत्मा का बल ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है। संसार में यदि कोई बल है तो वह आत्मा का बल है। आत्मा का बल वह बल कहलाया गया है पूज्यपाद गुरुदेव ने एक समय मुझे वर्णन कराया था कि

महाराजानहुष जब तपस्या करके इन्द्रत्त्व को प्राप्त हो गया !, जब इन्द्र बन गया, इन्द्र बन जाने के पश्चात् महाराजा नहुष ने इन्द्राणी को यह सोचा कि यह मेरी पत्नि हो जाएगी तो उस समय वह दुःखित हुई और देवर्षि नारद के द्वार पर आई। देवर्षि नारद मुनि से प्रार्थना की इन्द्राणी ने कि हे भगवन् महाराजा नहुष हमारे सतीत्व को नष्ट ! करना चाहते हैं और हमारा पति इन्द्र कारागार में स्थित हो गया है और स्वतः वह हमारा जीवन कैस !इन्द्र बन गया है। भगवन्े सुरक्षित रह सकेगा? देविर्षि नारद ने कहा हे इन्द्राणी तुम दुःखित न हो। आज जब महाराजा नहुष तुम्हारे द्वार पर आए तो उसे कहो कि ऐसी सवारी पर आओ जिस पर कोई न आया हो तो महाराजा नहुष की ऐसी सवारी को मैं युक्त कर सकता हूँ और तुम्हारे सतीत्व को रक्षा होगी। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे वर्णन कराया। मुझे स्मरण है जब नहुष आया तो इन्द्राणी ने नमस्कार करके कहाँ कि हे प्रभु हम आपकी इन्द्राणी बन सकती हैं परन्तु आप ऐसे वाहन पर ! आओ जिस वाहन पर कोई न आया हो। महाराजा नहुष ने वहाँ से गमन किया वह प्रसन्न हो करके चले और उन्हें देवर्षि नारद प्राप्त हुए। नारद मुनि ने कहा कहो राजन् इन्द्र विजय करने वाले आज कहाँ रमण कर रहे हो? उन्होंने कहा महाराज मैंने ! इन्द्राणी को अपनाना है और ऐसे वाहन पर आना चाहता हूँ जिस पर कोई न आया हो। विचार रहा हूँ ऐसा वाहन कौनसा हो? उन्होंने कहा, ऐसा वाहन तो चार ऋषि दण्डक वन में तपस्या कर रहे हैं, तुम उन्हें ले आओ। उनके ऊपर सवार होकर चले आओ। ऐसी तपस्वियों की सवारी और ऐसे तपस्वियों का वाहन कोई नहीं बना सकता। कहते हैं महाराजा नहुष उसी समय ऋषि के द्वार पर पहुंचे। चारों ऋषि तपस्या कर रहे थे। श्रुतिकेतु, सामभानु, कवन्धि, त्रिष्टकातु इन चारों ऋषियों के ऊर्ध्वा में एक वाहन बनाया। उस वाहन को ले करके ऋषि चलने लगे, गति करने लगे। राजा नहुष उस पर विद्यमान हो गए। पूज्यपाद गुरुदेव ने कहा आत्मा के सम्बन्ध में, कि जब वह चलने लगे तो उन्होंने, सर्पगति को कहा तो उन दोनों ने कहा, अरे, नहुष तू सर्प हो जा। ! तो कहते हैं कि उसी श्राप से एक मृत सांप वहाँ था, उसका जीवात्मा, नहुष का उस सर्प योनि में प्रवेश कर गया। प्रवेश कर गया क्योंकि उनके श्राप थे। मुनिवरों !

उनकी आत्मा का बल था, शारीरिक बल नहीं था। आत्मा का बल था इसलिए सर्वश्रेष्ठ संसार में आत्मा का बल होता है। उस समय नहुष ने कहा, हे ऋषियों मैं महान् ! पापी हूँ परन्तु मेरा जीवन कैसे ऊँचा बनेगा? उन्होंने कहा, द्वापर के काल में महाभारत में अग्नि प्रदीप्त होगी और उस समय युधिष्ठिर महाराज को वन में जाना होगा और उस समय सरयू के किनारे जब महाराजा युधिष्ठिर आए तुम उत्तर प्रश्न करना तुम्हारा कल्याण होगा।

मेरे पूज्यपाद यह कहा करे हैं कि आत्मा का बल सर्वश्रेष्ठ बल कहलाता है। आत्मा में जे बलिष्ठता है वह कोई अवृताम नहीं। शरीर की बलिष्ठता भी है परन्तु आत्मा सर्वश्रेष्ठ माना गया है। पूज्यपाद गुरुदेव ने यह प्रकट कराया मुझे कि यह जो आधुनिक भौतिक विज्ञान है यह बुद्धिजीवीयों की आत्मा को हीन बना देता है। आत्मा में हीनता आ जाती है। मैं यह कहता रहता हूँ कि आधुनिक काल के मानव में एक हीनता आ गई है वैज्ञानिक एक यन्त्र बना रहा है। पातालपुरी में एक यन्त्र बन रहा है वह यन्त्र वायु में त्यागा जाएगा तो प्राणी नष्ट हो जाएंगे। इस प्रकार की आभा मानव के विचारों में लगी हुई है। मैं यह कहता हूँ, हे भोले प्राणियों यह यन्त्र जब बन जाएगा शरीर अवश्य ! त्यागा जाएगा, इससे तुम इतने त्रसित क्यों हो रहे हो? तो आधुनिक काल का विज्ञान मानव को त्रास दे रहा है और त्रासी बन रहा है। इसलिए अपने पूज्यपाद गुरुदेव को मैंने यह चित्रण कराया है कि आधुनिक जगत् का जो विज्ञान है वह नाना अशुद्धियों का चित्रण कर रहा हैं विज्ञान आ रहा है, वैज्ञानिक यन्त्रबन रहे हैं, निर्माण हो रहा है। ब्रह्मास्त्र अग्नेय अस्त्रों का निर्माण हो रहा हैं परन्तु यह विज्ञान ऐसा नहीं है जो मानव को त्रसित बना दे। मानव की आत्मा को हीनता में पहुंचा दे। इसलिए मानव को हीन नहीं बनना चाहिए। आत्मा में बलिष्ठता होनी चाहिए।

अरे, जब समय आएगा, भविष्य को प्रभु के ऊपर त्याग देना चाहिए। भविष्य आएगा प्रभु के संरक्षण में वह रहता है पूर्व हम इतने त्रासी क्यों बन जाएं? इसलिए मैं यह कहता रहता हूँ, हे भोले प्राणियों तुम अपने जीवन को यज्ञमय बनाते !हे यज्ञमानो ! चले जाओ। अपने जीवन के सौभाग्य को ऊँचा बनाते चले जाओ। आत्मा को बलिष्ठ

बनाते चले जाओ द्रव्य का सदुपयोग करते चले जाओ। सुरा और सुन्दरी दोनों से दूर होने का प्रयास करो जिससे तुम्हारा जीवन महान् और आत्म बल बलिष्ठ हो करके तुम सागर से पार हो जाओ। पूज्यपाद गुरुदेव से अब मैं आज्ञा पाऊंगा। पुनः से मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ हे यमान तेरे जीवन का सौभाग्य सदा अखण्ड बना रहे, द्रव्य का सदुपयोग होता रहे। द्रव्य का दुरूपयोग न होते हुए, सदुपयोग होना चाहिए। मैं पूज्यपाद गुरुदेव से अब आज्ञा पाऊंगा।

पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने उद्गार !आज मेरे प्यारे !ऋषिवर ! दिए। उनके हृदय में विज्ञान, समाज और राष्ट्र के प्रति जो वेदना है वह ऐसी वेदना है कि वह विचित्र सी वेदना प्रतीत होती है जिसके ऊपर हम कुछ टिप्पणियां भी नहीं कर पाते। आज मेरे पुत्र ने अभी अभी कहा कि यज्ञोमयी कृतं देवस्याम्। जहाँ मेरे प्यारे ! महानन्द जी आशीर्वाद, अपना उद्गार देते रहते हैं हे यज्ञमान वहाँ हमारा भी यही ! कर्त्तव्य बन जाता है। तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे और तेरे जीवन की मानवीयता मानवता में रमण करती रहे। द्रव्य देवताओं को अर्पित करना यह तेरे जीवन का स्वभाव रहे।

आज का हमारा यह वाक्य अब समाप्त होने जा रहा है। आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय क्या? कि यज्ञोमयी जीवन होना चाहिए और अपने जीवन को सुन्दर और महान् बनाते हुए इस संसार सागर से पार हो जाएं। आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन पाठन होगा। स्थान धनौरा :

११ 01 10 1981 पुष्प 42 ययसृष्टि याग : यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे

जीते रहो !देखो, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भांति !, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस मेरे देव जो इस संसार को नियन्ता है अथवा निर्माण करने वाला है उस मेरे प्यारे प्रभु का एक एक ! वेदमन्त्र उसकी गाथा गा रहा है। जिस प्रकार माता का पुत्र माता की गाथा गा रहा

है इसी प्रकार प्रत्येक वेदमन्त्र उस परमपिता परमात्माकी गाथा गा रहा है अथवा उसका वर्णन कर हा है क्योंकि प्रत्येक वेदमन्त्र के ऊपर चिन्तन करने से हमें ऐसा प्रतीत होता है जैसे एक एक वेदमन्त्र में सर्वत्र ब्रह्माण्ड का ज्ञान और विज्ञान निहित रहता है। ऐसा हमारे आचार्यों ने माना है कि जब हम एक परमणु का विभाजन करते हैं तो सर्वत्र सृष्टि का चित्रण उसमें दृष्टिपात हाता हैं एक ही परमाणु के विभाजन करने से सर्वत्र सृष्टि की रचना दृष्टिपात आने लगती हैं जिस प्रकार माता के गर्भस्थल में मानव का निर्माण होता है तो माता के गर्भस्थल में निर्माण करने दृष्टि मात्र से ही एक एक आभा में रमण करने वाला इस ब्रह्माण्ड का सर्वत्र विज्ञान है।

आओ मेरे पुत्रोमैं तुम्हें विज्ञान में ले जाना नहीं चाहूँगा। विचार विनिमय क्या !, आज का हमारा वेदमन्त्र क्या कह रहा है? इससे पूर्व शब्दों में मेरे प्यारे महानन्द जी ने ! बहुत से विचार दिए। उन्होंने राष्ट्रीय विचार दिए परन्तु अश्वमेध याग का भी वर्णन आ रहा था। बेटावह काल हमें स्मरण आने लगता है जब वृष्टि !, वाजपेयी और अग्निष्टोम यागों का वर्णन हमारे वैदिक साहित्य में आता रहा है। परम्परागतों से ही, जब गो मेघ याग का वर्णन आता है तो आचार्य के ऊपर उसका अभीष्ट आता है और यह कहा जाता है कि हे आचार्यगो मेघ याग क्या है !? परन्तु जब पुत्रेष्टि योग का वर्णन आता है तो माता को कहा जाता है, हे माता तू पुत्र याग करनाचाहती है परन्तु पुत्रेष्टि याग ! क्या है? भिन्न भिन्न प्रकार के वैदिक साहित्य में वर्णन आते रहते हैं। आज मैं विशेष चर्चा तो प्रकट नहीं करूंगा, केवल विचार यह देने के लिए आया हूँ कि हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, वैदिक साहित्य में भिन्न भिन्न प्रकार के विचार प्रायः आते रहते हैं।

मेरे प्यारेदेखो !, भगवान राम जब विद्यालय में अध्ययन कर रहे थे तो वह प्रातःकालन याग करते थे। याग करने के पश्चात् विज्ञान की तरंगों को जानने लगते थे। क्योंकि महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज महान् वैज्ञानिक और ब्रह्मवेत्ता थे। ब्रह्मवेत्ता वही होता है जो आध्यात्मिक विज्ञान के मार्ग से हो करके ब्रह्म में प्रवेश करता है, ब्रह्म में प्रतिष्ठित हो जाता है। वह ब्रह्मवेत्ता कहलाया जाता है। हमारे यहाँ ब्रह्मवेत्ता भी दोप्रकार के होते हैं। एक ब्रह्मवेत्ता वह जो जनता में ब्रह्म को, जनार्दन को स्वीकार कर रहा है, एक वह

ब्रह्मवेत्ता जो एकान्त स्थली पर विद्यमान हो करके समाधिष्ट हो रहा है अथवा वह प्राण और मन को एक सूत्र में लाने का प्रयास करता है। बेटा मैं यौगिक क्षेत्रों में तुम्हें ! ले जाना नहीं चाहता हूँ। विचार क्या चल रहा है? कि हमारे यहाँ, भगवान राम के यहाँ प्रातःकाल याग हो रहा है। याग में उपदेश मंजरियां चल रही है। उपदेश चल रहे हैं। मानव के जन जीवन की आभा कि हमारा जीवन कैसे ऊर्ध्वा बने यह विचार धारा भी याग में परणित होती रहती थी। आओ मेरे प्यारे मैं भारद्वाज मुनि के द्वारा पर ले ! जाने के लिए जब तुम्हें बात करता हूँ तो विचार आता है कि भगवान राम भारद्वाज मुनि के यहाँ विज्ञान की शिक्षा पा रहे हैं। विचार क्या कि मैं आज इस क्षेत्र में ले जाना नहीं चाहता हूँ।

आज मैं तुम्हें एक ऋषि के द्वार ले जाना चाहता हूँ क्योंकि हमारे यहाँ वेद का ऋषि यह कह रहा है, वेद का मन्त्र कहता है कि यज्ञमान यज्ञशाला में विद्यमान है और यज्ञमान का रथ बन करके द्यौ लोक को जा रहा है। स्वाहा कह रहा है। देव अग्नि, विद्युत् की धाराएं उन शब्दों को, उस मानव के रथ को बनाकर, यज्ञमान को द्यौ लोक में पहुंचा रहा है। वह द्यौ लोक में प्रवेश कर रहा है। द्यौ कहते हैं अस्वतम् या प्रकाश को, तरंगों को। विचार आता रहता है कि जब हम इस प्रकार के रथी बनते हैं तो मुनिवरोंवह रथ क्या है !? मुझे स्मरण आता रहता है भारद्वाज और उद्दालक गोत्र के नाना ऋषि हुए हैं जिन्होंने अपनी अनुसन्धानशाला में विद्यमान होकर यज्ञशाला और अनुसन्धानशाला दोनों का समन्वय किया है। दोनों का समन्वय करते हुए अपने जो महापुरुष थे उनके चित्रों को अन्तरिक्ष में उन्होंने यन्त्रों के द्वारा दृष्टिपात किया है। आज मैं तुम्हें विज्ञान के युग में ले जाना नहीं चाहता हूँ।

आज हमें याज्ञवल्क्य मुनि महाराज और शिष्यों के सम्बन्ध में कुछ प्रसंग स्मरण आ रहे है, वेद का मन्त्र कह रहा था कि यज्ञमान याग करनाचाहता है। उस याग में कितने होता होने चाहिए। यहाँ होताओं का प्रसंग आ रहा है बेटा महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि ! महाराज विद्यालय में विद्यमान हैं और विद्यालय में जब प्रसंग आया तो ब्रह्मचारियों ने एक प्रश्न किया। उन्होंने एक अलंकारिक रूपक बनाया और केसा बनाया कि एक

यज्ञमान बन गया, एक प्रश्नकर्त्ता बन गया। तो प्रश्न करने वाला कहता है कि हे ऋषिवर ! ऐ यज्ञमान आपकी सभा में विद्यमान है !हे पूज्यपाद गुरुदेव, वह याग करना चाहता है। उस याग में, यज्ञशाला में कितने होता होने चाहिए? तो याज्ञवल्क्य मुनि कहते हैं कि इस यज्ञशाला में चौबीस होता होने चाहिएं। चौबीस होताओं का वर्णन किया। उसके पश्चात् शिष्य कहता है कि महाराज यज्ञमान यज्ञ करना चाहिए है उसमें कितने होता ! होने चाहिए? तो ऋषि याज्ञवल्क्य कहते हैं कि इसमें सत्रह होता होने चाहिए। शिष्य ने पुनः प्रश्न कर दिया कि महाराज यह यज्ञमान आपकी सभा में !विद्यमान है यह कितने होताओं से यज्ञ करने वाला बने? तो ऋषि कहता है, हे ब्रह्मचारियों ग्यारह होता होने ! यज्ञमान याग करना चाहता है कितने होता होने !चाहिएं। उन्होंने कहा कि महाराज चाहिएं? ऋषि कहता है नौ होने चाहिएं। उन्होंने पुनः प्रश्न किया कि हे ऋषिवरयज्ञम !ान आपकी सभा में विद्यमान हैं वह कितने होताओं से याग करने वाला बने? उन्होंने कहा, आठ होने चाहिएं। पुनः प्रश्न किया कि कितने होता होने चाहिएं? उन्होंने कहा कि पांच होने चाहिए। फिर ब्रह्मचारियों ने कहा कि महाराज यज्ञमान याग करना चाहता है ! कितने होता होने चाहिएं। उन्होंने कहा तीन होने चाहिएं। पुनः प्रश्न किया, यज्ञमान याग करना चाहता है कितने होता हो? उन्होंने कहा, दो होने चाहिएं। जब पुनः प्रश्न किया, यज्ञमान याग करना चाहता है, कितने होता हों? उन्होंने कहा, एकागी होना चाहिए। एक पर आ करके ब्रह्मचारी मौन हो गए।

पुनः ब्रह्मचारियों ने प्रश्न किया कि महाराज यज्ञशाला में वह चौबीस होता कौन से ! !हैं जो आपने सबसे प्रिम वर्णन किया। याज्ञवल्क्य मुनि कहते हैं कि हे ब्रह्मचारियों सृष्टि के पिता ने सृष्टि के आदि में इस मानव शरीर रूपी यज्ञशाला का निर्माण किया। इस ब्रह्माण्ड रूपी यज्ञशाला का निर्माण किया और दोनों का समन्वय कर दिया। बेटाऋषि क्या कहता है !? ऋषि कितनी ऊर्ध्वामयी चर्चा कर रहा है? हे ब्रह्मचारियों ! चौबीस होता इस मानव के शरीर में हैं जिनसे याग हो रहा हैं दस प्राण हैं, प्राण, अपान, उदान, समान और व्यान, नाग, देवदत्त, धनंजय, कूर्म और कृकल यह दस प्राण कहलाते हैं, पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं, पांच कर्मेन्द्रियां हैं और मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार यह

चौबीस स्थम्भों वाला मानव शरीर कहलता है और चौबीस खम्भे इस ब्रह्माण्ड में जो हमें दृष्टिपात आ रहे हैं नाना लोक लोकान्तरों वाला यह जो ब्रह्माण्ड है अथवा जगत् है यह नाना प्रकाश गंगाओं वाला है यह भी बेटा चौबीस खम्भों का एक जगत् ! कहलाता है।

ऋषि कहता है, याज्ञवल्क्य मुनि कहते हैं कि मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार यह चतुष्करण कहलाता है। ज्ञानेन्द्रियां पचीकरण कहलाता है, उप इन्द्रियां दस इन्द्रियां कहलाती हैं। प्राण संसार में जितनी भी विभक्त क्रिया हो रही है वह सब प्राणी की प्रतिभा कहलाती है। वह जो ब्रह्माण्ड में आभा हो रही है वह इन प्रणों की कहलाई जाती है। विचार विनिमय क्या? यह मानव का शरीर चौबीस स्थम्भों वाला है। माता चाक्रणि से एक समय श्वेत्ता ऋषि ने कहा कि हे चाक्राणि तुम्हारे इस मानव शरीर में कितने स्थम्भ ! हैं? तो चाक्राणि ने कहा, चौबीस खम्बे कहलाते हैं। उन्होंने इसका उत्तर भली भांति दिया। बेटा यह तो हमने !अब मैं आगे जाना चाहता हूँ। ब्रह्मचारी कहते हैं महाराज ! जान लिया परन्तु सत्रह क्यों? उन्होंने कहा, हे ब्रह्मचारियों जिस समय इस मानव ! शरीर को यह आत्मा त्यागता है उस समय उदान प्राण के साथ में मनस्तत्त्व आता है और यह चित्त के मण्डल को ले करके आता है। चित्त के मण्डल को ले करके वह आत्मा के साथ में उदानप्राण के साथ यह मानव शरीर को त्याग देता हैं उस समय मानव का शरीर सत्रह तत्त्वों का सूक्ष्म शरीर कहलाता हैं सूक्ष्म शरीर में सत्रह तत्त्व कहलाते हैं। पञ्च महाभूत हैं, दस प्राण हैं और मन और बुद्धि कहलाती है। यह सूक्ष्म शरीर वाला जो शरीर कहलाता है, जो स्थूल को त्यागता है उसके मण्डल में बेटा ! पञ्चीकरण होता है। उसी में विभक्त करने वाला प्राण होता है। वह उदान प्राण के साथ में गति करता रहता है। इसके पश्चात् ब्रह्मचारियों ने कहा प्रभु यह भी हमने जान ! लिया परन्तु ग्यारह क्यों होता होने चाहिएं? उन्होंने कहा, दस इन्द्रियां और ग्यारहवां मन कहलाता है क्योंकि वह इस मानव शरीर रूपी जो रथ है इसकी इन्द्रियां एक अश्व के रूप में विद्यमान हैं और मन इनका सारथी बना हुआ है। जब यह मन सारथी बन करके गति करने लगता है तो यह रथ गति करता हुआ वह एकोकी कहलाता है।

विचार क्या कि हमारे बुद्धिमानों ने विचार किया, बुद्धिमानों ने अनुसन्धान किया, हमारे यहाँ एकादशी का व्रत कहलाया जाता है। एकादशी के व्रतों में दस इन्द्रियां और ग्यारहवां मन यह ग्यारह कहलाते हैं तो एकोकी एकादशी माना गया है। व्रत किसे कहते हैं? हमारे यहाँ एकादशी के ऊपर बहुत सी विवेचनाएं आती रहती हैं। परन्तु यहाँ एकादशी व्रत के ऊपर बहुत सी विवेचनाएं हैं। विचार क्या है? कि हमारे यहाँ व्रत कहते हैं संकल्प को। मानव संकल्प करता हैं प्रत्येक इन्द्रिय के साथ में एक एक संकल्प लगा हुआ है। जैसे मुनिवरों मानव संकल्प करता है मैं अपने नेत्रों में कुदृष्टिपात नहीं करूंगा। ! देवताओं का होता बना हुआ है। नेत्रों से क्या, श्रोत्रों से भी कोई शब्द अशुद्ध नहीं ग्रहण करूंगा। वाणी से अशुद्ध नहीं उच्चारण करूंगा। इस प्रकार मानव अपने एकोकी धर्म को विचारता है और उनके ऊपर संयम करने वाला सारथी बन करके शरीर रूपी रथ को अग्रणीय बनाता है वही मेरे प्यारेएकादशी व्रत ! कहलाता है। एकादश ग्यारह इद्रियां कहलाती हैं। दस इन्द्रियां हैं, ग्यारहवां मन कहलाता है। दस मन के ऊपर यह रथ का सारथी बना हुआ है। इस रथ को ले जाने वाला है और इन्द्रियों का वह शासक बना हुआ है। इन्द्रियों को वश में करने का नाम हमारे यहाँ एकादशी व्रत कहा गया है।

मेरे प्यारे महानन्द जी ने एक समय मुझे प्रकट कराया कि एकादश व्रत का नाम ! अन्नादाम् त्यागम् ब्रह्मणोकृति मैंने अपने पुत्र से कहा, नहीं पुत्र अन्न को त्यागने का ! नाम व्रत नहीं माना गया है। व्रत कहते हैं संकल्प को, व्रत कहते हैं इन्द्रियों को संयम करना चाहिए। परन्तु अन्न को भी त्यागना चाहिए। मैं यह नहीं कहता हूँ कि अन्न त्यागने की वस्तु नहीं होती वेद के आचार्यों ने अन्न के सम्बन्ध में यह कहा है कि हमारे यहाँ सात प्रकार के अन्नों की उत्पत्ति सृष्टि के प्रारम्भ में हुई। हमें उस अन्न को त्यागना है जिससे हमारे जीवन में अशुद्ध संस्कारों का जन्म होता है। उनको हम त्यागने वाले बनें। अन्न को त्यागने का नाम व्रत नहीं कहलाता क्योंकि अन्न को हमारे ऋषि मुनियों ने यह कहा है कि अन्न को इतना पान करना चाहिए जैसे उसका प्रकरण होना चाहिए। जो योगी बनना चाहता है उसे अल्पाहारी बनना चाहिए। सूक्ष्म आहार करना चाहिए, अन्नाद त्यागने की वस्तु नहीं होती। पश्नतु उसको सूक्ष्म सूक्ष्म पान करते हुए तुम अपने

प्राणों की रक्षा, अन्नाद पर तुम आ जाओगे तो वही तुम्हारे जीवन का एक कृति भोज बन जाएगा।

परिणाम क्या? अन्न को हमारे यहाँ आचार्यों ने बहुत ऊँची कल्पना की है। हमारे यहाँ वह भी अन्नाद है जिससे हमारा आत्मा तृप्त होता है। हम नेत्रों के द्वारा रूप के अन्न को ग्रहण करते हैं। शब्दों के द्वारा श्रोत्रों से ग्रहण करते हैं और वाणी के द्वारा अपने में आभायित करते रहते हैं। हमारी यह स्पर्श क्रियाएं त्वचा के द्वारा ग्रहण की जाती हैं। ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा यह सब आभाएं हृदय में ओत प्रोत हो जाती हैं। हृदय पवित्र हो जाता है, हृदय महान् बन जाता है। इसीलिए प्रत्येक मानव को हृदय को पवित्र बनाना है।

ब्रह्मचारियों ने कहा, हे आचार्य हमने ग्यारह को तो !हे पितर !जान लिया परन्तु हम जानना चाहते हैं कि नौ क्यों? इस मानव शरीर, इस अयोध्यापुरी में बेटा नौ द्वारा ! माने गए हैं। दो नासिका के छिद्र हैं, दो चक्षु हैं, दो श्रोत्र हैं, एक मुख एक गुदा द्वार और एक उपस्थ। यह नौ द्वार कहलाए जाते हैं। इन नौ द्वारों पर नौ देवता विद्यमान हैं। कहीं कहीं दो दो देवता विद्यमान हैं वह अपना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक द्वार पर द्वारपाल बने हुए है। हमें इन नौ जो द्वारा हमारे मानव शरीर में हैं इन नौ द्वारों के ऊपर हमें अनुसन्धान करना चाहिए। जैसे बेटा हमारे प्राणों की गति चलती है छिद्रों ! से, सूर्य स्वर कहलाता है, चन्द्र स्वर कहलाता है इन स्वरों को जानना है। चन्द्र स्वर के जानने से रसों का ज्ञान हो जाता है। सूर्य स्वर के जानने से यह जो तेजोमयी जगत् है इसका सर्वत्र ज्ञान हो जाता है। मुझे स्मरण आता रहता है सूर्य स्वर के जानने वाले महाराजा हनुमान थे। सूर्य की जो नाना किरणें हैं इन किरणों के ऊपर अनुसन्धान करते हुए वह वैज्ञानिकता को प्राप्त होते रहे है। मुझे स्मरण आता रहता है सूर्य विज्ञान को जाने वाला, सूर्य विज्ञान के ऊपर प्राणायाम करने वाला वह सूर्य की किरण के साथ में, सूर्य लोक में पहुंच जाता है। आज मैं इस सम्बन्ध में कोई विवेचना देने नहीं आया हूँ। चन्द्रमा के चन्द्र स्वरों को जानने वाला चन्द्रमा की सर्वत्र कलाओं को जानने लगता है। चन्द्रमा की जो नाना प्रकार की कलाएं हैं वह उसकी कान्ति में छिटकती

रहती हैं। आभा में परणित होती रहती हैं। बेटावह जो चन !्द्रमा है वह रसों का भण्डार है। नाना प्रकार के रस आते रहते हैं।
मुझे स्मरण है भगवान राम इन चन्द्र स्वरों को जानते थे। चन्द्र कलाओं को जानते थे। मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन किया कि वह पृथ्वी के विज्ञान को, पृथ्वी की आभा को जानते रहते थे। कितना खनिज, कितनी दूरी पर विद्यमान है? कितना रस वह रहा है? इस रस की कितनी गति है? यह सब चन्द्रमा की कला को जानने से प्राप्त होता है।
मैं आज यह वाक्य तुम्हें प्रकट करा रहा हूँ कि यह दोनों प्रकार के स्वरूप को जानने से सृष्टि का अर्द्ध विज्ञान उस मानव के मस्तिष्क में ओत प्रोत हो जाता है। इसी प्रकार हमारे यहाँ द्वारपाल बने हुए है। हमारे श्रोत्रों का सम्बन्ध शब्दों में है। शब्द जो हमारा जाता है उसके साथ चित्र जाता हुआ अन्तरिक्ष में रमण करता है। यहाँ तक मानव जानने लगता है श्रोत्र विज्ञान वाला अर्द्ध विज्ञान वाला कि यह जो मानव शब्दों को उच्चारण कर रहा है। यह एक क्षण समय में यह एक सौ सत्रह वार पृथ्वी की परिक्रमा कर जाता है। परिणाम क्या? यह अद्भुत विज्ञान है, इसको जानने वाला, स्वरों का जानने वाला क्योंकि इनका अणु से सम्बन्ध है और यह जो विद्युत् की धारा है यह उत्तरायण से दक्षिणायण को गति करने वाली विद्युत् की धाराएं हैं। हम उस विद्युत की धाराओं को जान करके हम श्रोत्र विज्ञान में इतने पारायण बन सकते हैं क्योंकि हमारे यहाँ ऋषि मुनि इन्हीं के द्वारा सर्वत्र विज्ञान का प्रायः अनुभव करते रहे हैं। मुझे स्मरण आता रहता है माता मदालस सतोयुग के काल में हुई। माता मल्दालसा श्रोत्रिय विज्ञान को जानती थीं। प्राणायाम विज्ञान को जानती थीं। माता अपने गर्भस्थल में यह अनुभव कर लेती थीं कि कैसी बुद्धि वाला पुत्र मेरे गर्भ से जन्म लेगा? मता मल्दालसा ब्रह्मवेत्ता बना रही है इस विज्ञान के द्वारा। हमारे यहाँ विज्ञान होना चाहिए। हमारी माताएं, मेरी पुत्रियां जो विज्ञान में रमण करती हैं वह माता अपने बालक की आभा को जानती है। इसके विचारों में, उसकी आभा परणित हो जाती है।
बेटा मैं दूरी चला गया हूँ। मैं भयंकर वन में नहीं जाना चाहता हूँ। यह जो ज्ञान ! विज्ञान है, यह विशाल वन है। इसमें जाने से मार्ग प्राप्त नहीं होता। परिणाम क्या? यह

जो नौ द्वार हैं हमारे मानव शरीर में, इसमें प्रत्येक द्वार पर एक द्वारपाल विद्यमान है। वह देवता कहलाता है। उस देवता के जानने से सृष्टि का सर्वत्र ज्ञान और विज्ञान मानव के मस्तिष्क में ओत प्रोत हो जाता है। मेरे पुत्रोजहाँ श्रोत्रों का ज्ञान और विज्ञान है !, जहाँ कश्यप और गौत्म की चर्चाएं आती रहती हैं। हमारे यहाँ सप्तर्षि जो मण्डल है बेटासप्तर्षियों का वर्णन आता है। प्रत्येक ऋषि !, प्रत्येक देवता का ज्ञाता था इसीलिए उनका नाम गौतम, कश्यप, भारद्वाज, विश्वामित्र, जमदाग्नि इत्यादि कहलाते थे। बेटा ! वह सप्तर्षि मण्डल कहलाता था। उन ऋषियों का मण्डलों से समन्वय रहता था। आज मैं उस विज्ञान में जाना नहीं चाहता हूँ। विचार विनिमय क्या? विचार बेटा मैं ! यह दे रहा था कि हमें नो द्वार के ऊपर संयम करते हुए याग करना है। यह संसार रूपी याग है। हमें इसके ऊपर अनुसन्धान करना है।

परन्तु ब्रह्मचारियों ने कहा प्रभुआठ होता क्यों होने चाहिएं !? उन्होंने कहा कि आठ वसु कहलाते हैं जिनमें प्राणी रहते हैं अथवा रमण करते हैं वह आठ वसु हैं वह आठ होता होने चाहिएं। इस संसार में आठ वसु कहलाते हैं। एक एक आकाश गंगा है। एक एक आकाश गंगा में करोड़ों करोड़ों स्वाति नक्षत्र कहलाते हैं। करोड़ों करोड़ों सूर्य मण्डल कहलाते हैं। यह आठ वसु कहलाते हैं। आठ की आभा में रमण किया गया है। आठ इसलिए क्योंकि आठ वसु हैं जो पार्थिव तत्त्व वाले लोक हैं, वह आठ वसु कहलाते हैं जिसमें प्राणी रहते हैं। जैसे मंगल है, बुद्ध है, स्वाक्रीति है, शनि है। इसमें सबमें पार्थिव प्राणी रहते हैं और अग्नेय प्राणी शृंगि मण्डल में रहते हैं और जल आभायित परमाणु चन्द्र मण्डल में रहते हैं। आज मैं बेटाइनके ऊपर तुम्हें विचार देने लगूं त !ो वर्षों समाप्त हो जाएं। आज मैं इस सम्बन्ध में तुम्हें इतनी चर्चा करने आया हूँ कि यह आठ वसु हैं जहाँ बसने वाले प्राणी रहते हैं। ब्रह्मचारी कवन्धि और भारद्वाज मुनि महाराज का जब दोनें का संवाद हुआ ब्रह्मचारी कवन्धि को भारद्वाज मुनि ने यही निर्णय कराया है कि जितने भी लोक लोकान्तर हैं, आकाश गगाएं है, मेरी विज्ञानशाला में यह जो यन्त्र विद्यमान हैं एक यन्त्र के द्वारा तीन सौ बहत्तर आकाश गगाएं मुझे दृष्टिपात आती हैं और इन आकाश गंगाओं का जितना विस्तार है यह वर्णन करते हुए भारद्वाज मुनि

ने कहा है मेरी जो आकाश गंगा है एक समय जब ब्रह्मचारिणी सबरी और ब्रह्मचारी सुकेता एक ही आकाश मण्डल के सूर्यों की गणना करने लगे तो उनको अरबों खरबों एक ही आकाश गंगा में सूर्य दृष्टिपात आने लगे। एक ही आकाश गंगा में जब अरबों खरबों सूर्यों की गणना कर ली तो उन्होंने कहा एक आकाश गंगा में जहाँ इतने सूर्य हैं ऐसी तीन सौ बहत्तर आकाश गंगाएं मेरी विज्ञानशाला में दृष्टिपात आती हैं, विचार आया कि इसमें आठ वसु हैं और आठों से आकाश गंगा को विभक्त कर दिया है। विचार विनिमय क्या? मुनिवरों यह आकाश गंगाएं कहलाती है। आकाश गंगास में ! वर्णन नहीं किया जा सकता कितन‍े अणु चन्द्रमा कहलाते हैं। आज मैं बेटा इस ! विज्ञान के वन में नहीं जाना चाहता हूँ।

ब्रह्मचारियों ने कहा पांच होताओं से याग क्यों? उन्होंने कहा पञ्च महाभूत हैं। जल, पृथ्वी, अग्नि है वायु है और अन्तरिक्ष ब्रह्मणेः। यही पञ्च महाभूत कहलाते हैं। यह मानव के शरीर में गति कर रहे हैं, यज्ञशाला में विद्यमान हैं। इन्हीं से यज्ञमान याग करता है। पञ्च महाभूतों को जानता हुआ वह प्रायः पचीकरण करता रहता है। पञ्च ज्ञानेन्द्रियां हैं पञ्च प्राण हैं। विचार विनिमय यह कि इनको जानने वाला पञ्चीकरण में होता हुआ संसार के परमाणुवाद को, अणुवाद को जानता हुआ वह भौतिक विज्ञानवेत्ता बनता हुआ आध्यात्मिकवाद में प्रवेश कर जाता है। उन्होंने कहा कि महाराजतीन होता क्यों !? उन्होंने कहा कि मानव शरीर तीन गुणों वाला है, जिसे सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण कहते हैं। उन्होंने कहा महाराजदो क्यों !? उन्होंने कहा एक जड़वत् है और एक चेतना है चेतना है। चेतना में ब्रह्म है और जड़वत् में प्रकृति कहलाती है। उन्होंने कहा कि एक क्यों? एक चेतना है। एक ही सूत्र है उस सूत्र में सर्वत्र ब्रह्माण्ड पिरोया हुआ है। कैसे पिरो रहा है बेटाकैसा अनुपम सूत्र है !? ब्रह्माण्ड का एक एक कण उस सूत्र में पिरोया हुआ है। जैसे माला में सूत्र होता है इसी प्रकार उसी सूत्र में यह सर्वत्र ब्रह्माण्ड पिरोया हुआ है।

आओ मेरे प्यारेमैं कहाँ चला गया !? विचार यह प्रारम्भ हो रहा था, मैं एक एक मनके ऊपर जब विवेचना करूंगा बेटातब तुम्हें प्रतीत होगा चौबीस ! से ले करके एकोकी

कण तक मानव को चिन्तन करना चाहिए अथवा विचार विनिमय करना चाहिए, जिससे मानव ज्ञान और विज्ञान में रमण करता हुआ संसार सागर से पार हो जाए। यह है बेटाआज का वाक्। यह क्या कह रहा है !? ब्रह्मचारी कहते हैं ऋषि से, हे ऋषि आप ! तो धन्य हैं। आपने हमेंसर्वत्र ब्रह्माण्ड की जो गुत्थियाँ हैं, ब्रह्माण्ड की जितनी भी तरंगें हैं उनमें आपने हमें रमण कराया है। इस मानव शरीर को ब्रह्माण्ड से समन्वय किया है। ऋषियों ने ब्रह्माण्ड को और मानव के पिण्ड दोनों का समन्वय करते हुए एक सूत्र में पिरो दिया है। कैसा सूत्र है बेटावह कैसी चेतना वाला सूत्र है !? जो एक सूत्र में यह सर्वत्र ब्रह्माण्ड पिरोया हुआ है। कैसे पिरोया जा रहा है? अणु, परमाणु, त्रिसरेणु कैसे पिरोएं जा रहे हैं? यह कैसे गति कर रहे हैं? उसी माला के मनके हैं। दोनों एक ही माला के मनके उस संसार को आभायित करा रहे हैं।

आओ मेरे प्यारे ब्रह्मचारियों ने आचार्य के चरणों को स्पर्श किया और स्पर्श करके ! !आपने हमें ऊर्ध्वागति में पहुंचाया है। आप तो धन्य हैं। यह है बेटा !कहा धन्य है प्रभु आज का हमारा वाक्य। आज का वाक् क्या कह रहा है? मुनिवरों मानव का जो ! जीवन है इसका समन्वय इस ब्रह्माण्ड से है। इसलिए प्रत्येक मानव, प्रत्येक देवकन्या को, श्रृंगि मण्डल को यह विचारना चाहिए कि हम सब एक सूत्र के मनके हैं और सूत्र को जानना है और अपने को उस सूत्र में पिरो देना है। यह है बेटा आज का वाक्। ! अब मुझे समय मिलेगा मैं शेष चर्चाएं कल प्रकट करूंगा। आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। स्थान बजे 8 रात्रि : ग्राम नांगोला समय :

१२ 03 10 1981 पुष्प 42 यज्ञ याग द्वारा मानव देवत्त्व को प्राप्त होता है

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महिमा का वर्णन आता रहता है अथवा उसके गुणों का हम अनुवादन करते रहते हैं। क्योंकि वह सर्वत्र है। इस प्रकृति के कण कण में ओत प्रोत है। यह ब्रह्माण्ड उसकी स्थली

मानी गई है अथवा उसका आयतन माना गया है। इसी रप्रकार यदि संसार प्रभु का आयतन है तो यह ब्रह्माण्ड ब्रह्म का शरीर माना गया है।

परन्तु आज का हमारा वेदमन्त्र जहाँ परमपिता परमात्मा की आराधना कर रहा है, जहाँ परमपिता परमात्मा के गुणों का अनुवादन कर रहा है वहाँ मेरे प्यारे महानन्द जी ! मुझे कुछ प्रेरणा दे रहे हैं इनकी तरंगें विचारणीय मानी जाती हैं। मेरे प्यारे महानन्द ! जी उच्चारण कर रहे हैं कि कुछ याग के सम्बन्ध में अपना विचार विनिमय होना चाहिए। मैंने बहुत पुरातन काल में नाना प्रकार के यागों का चलन, नाना प्रकार के याग हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, ऋषि मुनियों के मस्तिष्क में और क्रियात्मक होते चले आए हैं। मैंने बहुत पुरातन काल में यह कहा था कि हमारे यहाँ प्रातः स्मरणीय जो प्रायः माताएं होती हैं वह अपने वाल्य को याग में परणित करा देती हैं।

बेटा मुझे स्मरण आता रहता है त्रेता का काल। त्रेता के काल में तुम्हें याद होगा जब ! राजा दशरथ के यहाँ पुत्रेष्टि याग हुआ। पुत्रेष्टि याग के ऊपर माता कौशल्या ने और तीनों राज लक्ष्मियों ने यह संकल्प किया था कि हम याग करेंगी। हमारा जीवन याग है। परन्तु माता कौशल्या का यह संकल्प बन गया। उन्होंने अपने पूज्य गुरुदेव याज्ञिक को जब दक्षिणा प्रदान करने लगीं, तो इन्होंने दक्षिणा में यही कहा कि प्रभु मेरा ! जीवन याज्ञिक हो, मैं अपने जीवन को याज्ञिक बनाना चाहती हूँ। तो आचार्य ने उसे आशीर्वाद दिया। तो मेरे प्यारे माता कौशल्या के गर्भस्थल में राम जैसी पुनीत आत्मा ! का जब प्रवेश हो गया तो माता कौश ल्या याग करती थीं। वर्चसो अग्नि कीपूजा करती थी। आत्मा को चेतनित करने के लिए तपस्या करने लगीं। क्योंकि माता की यह कामना थी कि मेरे गर्भस्थल से पुत्र होना चाहिए तो याज्ञिक होना चाहिए। माता कौशल्य तपस्या में परणित हो गई अपने जीवन को उन्होंने क्रियात्मक बनाना प्रारम्भ किया। वह प्रातःकाल समिधाओं को ले करके जब अग्न्याध्यान करती थीं तो कहती थीं, हे अग्नेय ! तू प्रकाश है तू मेरे अन्तःकरण का प्रकाश है, तू मेरे अन्तःकरण का प्रकाश है। हे अग्नेय तू सप्त जिह्वा वाली !तेरी ही ज्योति जब ऊर्ध्वा में रमण करती है। हे अग्नेय ! अग्नि है। प्रत्येक जिह्वा से तू संसार का कल्याण करती है। माता कौशल्या उस अग्नि

की आराधना करती रहती थीं। बेटा मध्य समय आता तो कला कौशल करती थीं। ! उसके बदले जो द्रव्य आता था उससे अपने उदर की पूर्ति किया करती थीं। राजा ने बहुत विचारा कि राज लक्ष्मी इस राष्ट्र के अन्न को ग्रहण करने लगे। तो माता कहती है, हे राजन् मैं राष्ट्र के अन्न को ग्रहण नहीं कर सकती क्योंकि मैंने आचार्यों ! के समीप, बुद्धिमानों के समीप अग्नि को साक्षी करके मैंने प्रतिज्ञा की थी और वह प्रतिज्ञा क्या? कि मैं अपने जीवन को तपस्वी बनाऊं और मेरे गर्भ से जन्म लेने वाला बालक भी तपस्याचर होना चाहिए। मेरे प्यारे राजा की एकोकी वार्त्ता को उन्होंने ! श्रवण नहीं किया।

मुझे स्मरण है पुत्रो जब मुझे वह काल स्मरण आता रहता है तो प्रायः ऐसा दृष्टिपात ! आता है जैसे कोई संन्यासी यज्ञशाला में विद्यमान है। वह प्रातःकालीन अग्न्याध्यान करतीं, सूर्य की किरणों के साथ अपने नेत्रों में ज्योति का प्रकाश अपने में ग्रहण करती थीं। जब बाल्य गर्भ से पृथक् हो गया तो माता कौशल्या प्रातःकाल याग करने लगीं। बालक को लोरियां देती रहतीं और वर्चोसि का पठन पाठन चलता रहता। आत्मा वर्चोसि है, अग्नेय है, मानो अग्न्याध्यान हो रहा है। अग्नि का चयन कर रहे हैं समिधा के द्वारा। तो मेरे प्यारेउस अग्नि के चयन को कौन कर रहा है ! !? अग्नि का चयन माता कर रही है। बालक दृष्टिपात कर रहा है। हे मेरी मां तू कितनी भोली है। तू अपने जीवन ! को कितना कर्मठ बना सकती है। कितना प्रतिष्ठित बना सकती है। तेरे जीवन की धारा एक महान् बन सकती हैं माता कौशल्या ने बेटा तीन वर्ष्ज्ञ के बाल्य राम को याग ! की सर्वत्र भूमिका वर्णित करा दी थी और वह तीन वर्ष का बालक वेदों की ध्वनि गा रहा है, अर्थात् याग कर रहा है। समिधा के द्वारा अग्न्याध्यान कर रहा है।

मुनिवरोंमाता का कितना सहयोग है !? माता अपने पुत्र को क्या बना सकती है? इसके सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए हमारे आचार्यों ने कहा कि मानव का प्रातःकाल याग करना चाहिए। हमारे यहाँ वैज्ञानिकों का युग था। एक समय मगध राष्ट्र में हम पहुंचे परन्तु महर्षि भारद्वाज ब्रह्मचारी सुकेता, ब्रह्मचारी शबरी, ब्रह्मचारी श्वेतकेतु, ब्रह्मचारी कवन्धि, ब्रह्मचारी भारतकेतु आदि ऋषिवर विद्यमान थे। वह प्रातःकाल याग

कर रहे थे। प्रश्न किया गया कि महाराजयह जो तुम याग कर रहे हो !, एक समय एक स्थली पर तो घोषणा करते हो कि हम वैज्ञानिक हैं, विज्ञान के तथ्यों को जानते हैं। दूसरी स्थलियों में आप याग कर रहे हैं। महर्षि भारद्वाज मुनि ने कहा, हे ऋषियों ! मैं जो याग कर रहा हूँ यह विज्ञान का आदि श्रोत्र है। विज्ञान में जो दूषितपन आता रहता है, वायुमण्डल को हम अशुद्ध बनाते रहते हैं, उसका शोधन करना हमारा कर्त्तव्य है क्योंकि याग का जो प्रारम्भ होता है वह यज्ञशाला से होता है। यज्ञशाला होनी चाहिए और विज्ञानशाला होनी चाहिए क्योंकि वैज्ञानिकों का कर्त्तव्य है कि वह घृत के द्वारा वायुमण्डल का शोधन करते चले जाएं। जब ऋषि भारद्वाज ने ऐसा कहा तो मध्यान्तर ऋषि ने कहा, हे भगवन्क्या याग का इतना महत्व है कि विज्ञान के प्रभाव को !, परमाणुवाद को समाप्त कर सकता है? ऋषि भारद्वाज ने कहा कि परमाणुवाद को समाप्त नहीं करना है परन्तु परमाणुओं का शोधन करना है अथवा अशुद्ध परमाणुओं को निगल जाता है, पवित्र जो परमाणु होता है। जैसे एक मानव क्रोधित हो रहा है। परन्तु एक मानव शिन्त दुतव बन करके आता है। वह शान्ति प्रिय बेटा क्रोधाग्नि को निगल जाता ! है और उसके हृदय में शान्तना की स्थापना कर देता है। यह क्या है? अशुद्धता को समाप्त करना और शुद्ध वायुमण्डल को बनाना यह हमारा कर्त्तव्य है।

बेटायह यागों का चयन हमारे यहाँ !, परम्परागतों से होता रहा है। मुझे स्मरण है बेटा ब्रह्मचारी कवन्धि याग करता हुआ परमाणुओं का विभाजन कर रहा है। परमाणुओं ! का विभाजन करके सूर्य की किरण जब परमाणुओं को ले जाती है तो उन परमाणुओं को एकत्रित करके वह सूर्य की किरण के साथ सम्बन्ध कर रहा है। सूर्य की किरणों के साथ गमन करने वाला ऋषि, वैज्ञानिक अपनी आभा में रमण कर रहा है। मुझे स्मरण है, चाक्राणि गार्गी एक समय वनों में याग कर रही थीं। एकान्त स्थली पर विद्यमान वह नित्यप्रति याग करती थीं। उस याग की ध्वनि को श्रवण करने के लिए बेटामृगराज !, सिंहराज आसन पर विद्यमान हैं। याग हो रहा है। चाक्राणि बेटा गान ! गा रही है, साम गान गा रही है, उद्गान गान गा रही है उद्गीत गा रही है, उद्गाता बन करके स्वर ध्वनियां हो रही हैं। उस ध्वनि को श्रवण करने वाले मृगराज, सिंहराज

चरणों को स्पर्श करके जा रहे हैं। यह कैसा विचार हैं? अहिंसा करमो धर्मः यह वेद की ध्वनि है जो मानव को उद्गाता बना देती है, मानव को महान् बना देती है।
विचार विनिमय क्या? बेटाचाक्रणि ही क्या !? जितने भी ब्रह्मवेत्ता हैं, ज्ञान का जिनके द्वारा भण्डार हैं, तपस्या में परणित होने वाले हैं उन्होंने याग को सर्वश्रेष्ठ माना है, पवित्र माना है। एक याज्ञिक बन को करके विज्ञानशाला में याग कर रहा है। एक मेरी प्यारी माता अपने विचारों को ले करके पुत्रेष्टि याग कर रही है। पुत्र याग कर रही है, गर्भस्थल में विद्यमान होने वाले को माता मल्दालसा की भांति तीन शब्दों का प्रतिपादन करा रही है। माता मल्दालसा कहा करती थी, अपने बालक को लोरी देती हुई, हे बालक, हे आत्मातू शरीर में रहने वाली आत्मा को शुद्धोऽसि !, बुद्धोऽसि, निरंजनोऽसि बना। शुद्ध, बुद्ध और निरंजन यह आत्मा के पर्यायवाची शब्द हैं अर्थात् यह आत्मा शुद्ध है, निरंजन है, अखण्ड रहने वाली है और बुद्धिमान है। यह तीन शब्द आत्मा के वाची कहलाए जाते हैं। जो माता अपनी लोरियों में बालक को इन तीन वाक्यों का प्रतिपादन करती है, व्याख्या करती है तो वह बालक ब्रह्मवेत्ता बनता है, उसके संस्कार बन जाते हैं। जो संस्करणीय बन जाता है और माता का गर्भाशय पवित्र बन जाता है।
मेरे प्यारे आज मैं तुम्हें यह वाक्य इसलिए प्रकट कर रहा हूँ कि हमारे यहाँ यागों ! का चयन परम्परागतों से ही, माना हैं ऋषि मुनियों ने इसकी प्रशसाएं की हैं। परन्तु याग मानव के लिए एक मार्ग है जो याग के प्रकाश में हम मोक्ष की पगडण्डी को प्राप्त कर लेते हैं। बेटा महानन्द !आज मैं विशेष चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। मेरे प्यारे ! जी भी दो शब्दों का प्रतिपादन करेंगे। आज का विचार क्या? मुनिवरों प्रत्येक मानव ! को याज्ञिक बनना चाहिए और यागों में परणित होतेहुए, अपने जीवन को महान् बनाते हुए चले जाएं। अब मेरे प्यारे महानन्द जी दो शब्दों की विवेचना प्रकट करेंगे। !
पूज्य महानन्द जीः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी मेरे !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! पूज्यपाद गुरुदेव अमृत की वृष्टि कर रहे थे। इनका वाक्य चल रहा था कि याग वैज्ञानिक कर रहा है, याग माता कर रही है, याग राष्ट्र में होता है। परन्तु मानव का जीवन भी एक याग है। मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह परम्परागतों से ही, प्रकट

कराता रहता हूँ कि हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेवयह जो वर्तमान का काल है !, यह बड़ा विचित्र काल है जहाँ मानव मानव का हनन करने के लिए तत्पर है। आज जहाँ हमारी यह आकाशवाणी जा रही है मुझे प्रसन्नताएं होती रहती हैं जब प्रायः यागों का चयन होता रहता है। हमारी जहाँ आकाशवाणी जा रही है वहाँ एक याग की रचना अथवा एक याग की सम्पन्नता और याग में एक प्रतिभा कृति कहलाई। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव बहुत परम्परागतों की वार्त्ता है, एक समय राज जनक के यहाँ याग हुआ था। उस याग को वृष्टि याग कहा गया और राजा जनक के यहाँ जब याग हुआ तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव को कजली वनों में से लाया गया और महामन्त्रों के उच्चारण के बाद वृष्टि हो गई।

परन्तु समय सय का एक गायन है, समय समय की वार्त्ताएं हैं। आज मैं उन कालों में जाना नहीं चाहता हूँ। मेरे पूज्यपाद गुरुदेवआज का राष्ट्र !, आधुनिक जगत् का मानव याग जैसे कर्म को पाखण्ड कहता है। यह क्यों कह रहा है? क्योंकि मानव मानव का शत्रु बन रहा है। मानव का आहार और व्यवहार अशुद्ध हो गया है। हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेवजहाँ राष्ट्र यह कहता था कि प्राणियों की रक्षा की जाए !, जहाँ राष्ट्र कहता था अहिंसा परमोधर्मः को ले करके याग किए जाएं, वहाँ आज का राष्ट्र कहता है कि प्राणियों का पालन किया जाए। पालन करके भक्षण किया जाए परन्तु आज का राष्ट्रवाद हिंसावाद का प्रतीक बन गया है। जहाँ राष्ट्र पालन करने को कहता है वहाँ भक्षण करने को कह रहा है। अरे, भोले राजन्जहाँ तू पालन करता है !, वहाँ भक्षण की वार्त्ता आती है, तो कहाँ चला गया तेरा वह राष्ट्रवाद? कहाँ वह मनु सिद्धांत चला गया? कहाँ भगवान् राम का यह राष्ट्र चला गया।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव आज का आधुनिक काल का जो अपने को शिक्षित समाज कहता है, वह कहता है मैं शिक्षा में पूर्ण हूँ, परन्तु वह अहिंसा का पालन न करता हुआ हिंसक बन रहा है। तो प्रभुकि थ !मूझे तो ऐसा प्रतीत होता है पूज्यपाद !ोड़ा समय रह रहा है कि यहाँ अग्नि प्रदीप्त होने जा रही है। परन्तु आज पूज्यपाद गुरुदेव मैं यज्ञमान को अपने उद्गार प्रकट करने आया हूँ कि हे यज्ञमान तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड !

बना रहे। तेरे जीवन की धाराएं महान् बनी रहें और गृह में द्रव्य का सदुपयोग होता रहे। यह जो याग जैसा कर्म है मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने तो कई काल में प्रकट कराया। यह याज्ञिक कर्म कहलाता है, जिससे आत्मा में पवित्रता आती है और लक्ष्मी वसुधा मां का पूजन होता है। लक्ष्मी का पूजन होता है और उस लक्ष्मी का पूजन हो करके गृह पवित्र बनते हैं। जिन गृहों में लक्ष्मी का पूजन होता है अथवा वह देवताओं को अर्पित की जाती है लक्ष्मी। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव कहा करते हैं वह गृह सौभाग्यशाली होता है। वह गृह महान् कहलाते हैं क्योंकि द्रव्य का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिन गृहों में द्रव्य का, लक्ष्मी माता का तिरस्कार होता है एक समय वह आता है कि माता उस गृह को त्याग देती है। वह लक्ष्मी से दूर हो जाता है। लक्ष्मी उस प्राणी से दूरी हो जाती है। तो परिणाम हमारे यह वाक्य उच्चारण करने का यह है कि हम यज्ञमान को सदैव यह अपनी प्रेरणा देते रहते हं कि हे यज्ञमानतेरे जीवन का सौभाग् !य अखण्ड बना रहे और गृह में सदुपयोग होता रहे लक्ष्मी का।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव तो याज्ञिक कहलाए गए है। इकत्तर प्रकार के कर्म काण्डों के याग को जानते हैं। परन्तु देखो, कजली वनों से लाया जाता है याग के लिए। जैसे यज्ञ जन्मों में ओत प्रोत रहने वाला हो। परन्तु वृष्टि याग, अग्निष्टम् याग, पुत्रेष्टि याग, ब्रह्मयाग, विष्णु याग, रुद्र याग, हिम याग देवी याग, सम्पत्ति याग, श्रम्कान्त याग, नाना प्रकार के यागों का वर्णन वैदिक साहित्य में आया। परन्तु पूज्यपाद गुरुदेव के द्वारा ऋषि आते, उन यागों का चयन करा करा कर ले जाते। परिणाम क्या? आज मैं प्रशंसा करना नहीं चाहता हूँ।

विचार विनिमय यह कि आधुनिक काल कैसा है? आधुनिक काल का मानव, बाल्य कैसा बन गया है? आधुनिक काल की माताएं कैसी बन गई हैं। हे मां जब तू कौशल्या ! बनेगी तो राम भी तेरे गर्भ से जन्म लेगा। परन्तु यदि कौशल्या नहींबन पाएगी तो राम कहाँ से आएगा। चेतन बनेगी तो कृतियों में आ जाएगा और हे मां तू भोली बनकर ! के अपने जीवन को सुचरित्रता में धारण कराती हुई ज्ञान की पोथी को ले करके चल। आयुर्वेद तेरे द्वारा होना चाहिए। जिस गृह को तू राष्ट्र की सम्पदा बन करके गृह को

महान् बना सके। आज मैं विशेष्ज्ञ चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। महाभारत के काल में पुत्रियों का जो तिरस्कार हुआ वह तिरस्कार अवरणीय कहलाता है। परन्तु हे माता ! उसमें भी तेरी ही हीनता है। तेरे गर्भ से बालक जन्म लेता हुआ माता को ही कुदृष्टिपात करने वाला बने, यह तेरी ही सूक्ष्मता है। मेरे प्यारेवह माता का बालक !, माता की रक्षा करने वाला बने। उसका भक्षक न बने। महाभारत के काल में भक्षक बन गया, रक्षक नहीं रहा। परन्तु मैं आज पूज्यपाद गुरुदेव से विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यही कि आधुनिक काल का जो विज्ञान है, यह मानव को तिरस्कृत करता रहता है, परेशान करता रहता है। यह महा भ्रान्तियों में रमण करता रहता है। आधुनिक काल का विज्ञान मानव को भयभीत करता रहता है। नाना प्रकार की आभाएं प्रकट कराता रहता है जिससे यह समाज निर्भय न रहे। यह हीनता को प्राप्त होता हुआ अपने को निष्क्रिय बनाने के लिए जा रहा है। आज मैं विशेष चर्चा पूज्यपाद गुरुदेव को प्रकट कराने नहीं आया हूँ। मैं आपको परिचय देने आया हूँ। केवल वाक्य यह कि हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मैं यज्ञमान को अपनी शुभ कामनाएं प्रकट कराने के लिए आया हूँ ! कि इनके जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे और द्रव्य का गृह में सदुपयोग होता रहे। यही मेरे पूज्यपाद गुरुदेव हमारा वाक्य है। अब मैं आपसे आज्ञा पाऊंगा। !

पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपनी वेदनामयी !आज मेरे प्यारे !ऋषिवर ! चर्चाओं को प्रकट किया। इनकी वेदनाएं बनी ही रहती है। कहीं राष्ट्र के प्रति, कहीं समाज के प्रति। परन्तु यह समाज और राष्ट्र परम्परागतों से ही, चल रहा है। परन्तु जो मानव शोधन करने वाला है, वह शोधन करता रहता है। जो अशोधन करने वाला है वह अशोधन करता रहता है। परन्तु अग्नि प्रदीप्त जब होती है तो वायु मण्डल दूषित हो जाता है। विचारों से दूषित पन आ जाता ह। मुझे भी कोई विशेष चर्चा नहीं देनी है। केवल हमें विचार यह करना है कि प्रत्येक मानव को याज्ञिक बनना चाहिए। प्रत्येक माता का को याज्ञिक बनना चाहिए और जहाँ मेरे प्यारे महानन्द जी यज्ञमान को ! अपनी शुभ वेदना प्रकट कर रहे थे, मेरी भी कामना रहती है कि उनके जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे, महान् और पवित्रवत जीवन को प्राप्त होते रहें। यह आज का

वाक् अब समाप्त होने जा रहा है। कल समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं प्रकट करेंगे। आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। स्थान 10 प्रातः : नागोला समय : बजे।

१३ 09 10 1981 पुष्प 40 यरावण का आततायीपन समाप्त करने हेतु

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव की प्रतिभा का वर्णन किया जाता है अथवा उसके ज्ञान और विज्ञान की प्रतिभा का प्रायः वर्णन होता रहा है। तो आओ मेरे पुत्रोआज का हमारा वेदमन्त्र उस परमपिता पर !मात्मा की गाथा गा रहा है जो इस संसार का नियन्ता अथवा निर्माण करने वाला है। आज हम उस देव की महिमा का गुणगान गाते चले जाएं जिस मेरे देव का ज्ञान और विज्ञान नितान्त माना गया है। जिसके विज्ञान को कोई सीमाबद्ध नहीं कर सका है। सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके वर्तमान के काल तक नाना वैज्ञानिक हुए। परन्तु उन विज्ञान वेत्ताओं में कोई भी वैज्ञानिक ऐसा नहीं हुआ जो उस परम पिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान को सीमाबद्ध कर सके क्योंकि उस मेरे देव का ज्ञान और विज्ञान सीमा से रहित है। वह सीमा में आने वाला नहीं है। इसीलिए आज हम अपने देव की महिमा का गुणगान गाते हुए दोनों प्रकार के विज्ञानवेत्ता बनते चले जाएं।

हमारे यहाँ इस संसार में परम्परागतों से ही, दो प्रकार का विज्ञान माना है। एक आध्यात्मिक विज्ञान और द्वितीय भौतिक विज्ञान माना है। परन्तु जहाँ ज्ञान और विज्ञान की वार्त्ताएं प्रत्येक वेदमन्त्र हमें दर्शाता रहता है, वहाँ आज का हमारा वेद का ऋषि, वेद का मन्त्र हमें बेटा कुछ राष्ट्र के लिए विचार विनिमय करने के लिए बाध्य करता रहता ! है। हमने बहुत पुरातनकाल में तुम्हें यह निर्णय कराया कि हमारे यहाँ विवेकी पुरुष होने चाहिए, क्योंकि राष्ट्र की घोषणा करने वाला मानवप, राष्ट्र के ऊपर इन तथ्यों पर विचार विनिमय किया जाता है तो वहाँ एक ही वस्तु हमें प्राप्त होती है कि समजा में

विवेक होना चाहिए और राष्ट्रीयता में वैज्ञानिक और विवेकी पुरुष होने चाहिए। विवेकी पुरुष उन्हें कहा जाता है बेटाजो नि !ष्पक्ष हो करके अपनी वार्त्ता प्रकट करते हैं और राष्ट्र के सम्बन्ध में ऊँची ऊँची उड़ान उड़ने लगते हैं। विज्ञान की उड़ान उड़ते हैं। वह यह विचारते हैं कि समाज का उत्थान के से हो?

तो बेटाजब हम इन विचारों को ले करके त्रेता के काल में चले जाते हैं !, त्रेता के काल में प्रवेश करते हैं तो प्रायः हमें ऐसा दृष्टिपात होने लगता है कि उन महापुरुषों के विचार, उनकी निष्पक्षता मानव के हृदय में ग्राही बन जाती है। मुझे स्मरण है, मेरे प्यारेमहानन्द जी ने बहुत पुरातन काल में यह निर्णय कराया कि यह संसार !, यह राष्ट्र जब विज्ञान में प्रवेश कर जाता है और वैज्ञानिक बन जाता है उस काल में मानव के विचारों में एक भिन्नता आनी प्रारम्भ हो जाती है। परन्तु आज मैं उस भिन्नता के सम्बन्ध में कोई वाक्य प्रकट करने नहीं आया हूँ। के वल विचार विनिमय क्या?

मेरे प्यारेदेखो !, राजा रावण और भगवान राम, दो की विवेचना आती रहती है और उन दोनों में एक राशि के नामोकरण कहलाते थे। परन्तु जब राजा रावण का राष्ट्र विशाल बना तो वह धनों से हीन भी नहीं था। परन्तु राजा रावण के यहाँ आततायीपन आ गया। जब आततायीपन आ गया तो उस काल में ऋषि मुनियों ने विचारा और विचारने लगे कि राजा रावण का यह जो आतंक है अथवा यह जो आततायीपन है यह जो मानव को त्रास दिए जा रहा है, इसका कोई न कोई कारण हमें प्राप्त कर लेना चाहिए। अर्थात् इसको के से समाप्त किया जाए? क्योंकि राजा रावण के राष्ट्र में न सूर्य अस्त होता था न उदय होता था। इतना विशाल उनका राष्ट्र था, इतना विशालतम उनके राष्ट्र में प्रायः रहा।

मेरे प्यारे एक सभा अयोध्या के भयंकनर वन में हुई महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज ! का एक आश्रम था जिसमें सभा हुई थी। वह सभा महाराजा शिव और महर्षि विभांडक मुनि महाराज की अध्यक्षता में हुई थी। सभा में देवर्षि नारदमहर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और भी नाना ऋषि थे जैसे जमदग्नि, भारद्वाज, ब्रह्मचारी कवन्धि, ब्रह्मचारी गार्गोपथ्य, चाक्राणि गार्गी, महाराजा अश्वल और याज्ञवलक्य मुनि महाराज भी उस सभा

में विद्यमान थे। जिसमें महाराजा दिग्ध और महर्षि कौशल गोत्र में जन्म होने वाले गार्गीपथ्य, उद्दालक गोत्रीय ऋषि श्वेत्ताश्वतर, सम्भूति ऋषि महाराज, महर्षि सोम कृतिभानु और महर्षि कुक्कुट और भी नाना ऋषि विद्यमान थे। उस सभा में यह विचार विनिमय होने वाला था कि हम इस समाज में रावण के आततायीपन को के से समाप्त कर सकते हैं? क्योंकि जिस राजा का राष्ट्र इतना विशाल बन गया हो, उन्होंने इन्द्र जैसे राजा को विजय कर लिया हो और त्रिपुरी में भी उनका राष्ट्र था जहाँ मेघनाद राज किया करते थे। सोमतिती राष्ट्र राज्य में उनके पुत्र नारायणान्तक, पातालपुरी में अहिरावण और भी नाना राष्ट्र उन्होंने अपना लिए। इसलिए न सूर्य अस्त होता था न उदय होता था।

मेरे प्यारेजब यह वाक्य उनके समीप आया तो ऋषि मुनियों ने विचार विनिमय किया !, हमें क्या करना चाहिए? मुझे स्मरण आता रहता है तो उनका विचार हुआ। महाराजा शिव से प्रश्न किया, महाराजआप उनके वंश के पूज्य गुरु हैं क्योंक !ि उन्हें आपने अस्त्रों शस्त्रों की शिक्षाएं भी प्रदान की हैं महाराजा शिव ने कहा, हां ऐसा तो हुआ है। भारद्वाज मुनि से भी यही कहा गया। तुम क्या सहयोग दे सकते हो? उन्होंने कहा, जो भी हमसे सहयोग प्राप्त करोगे वही प्रदान करेंगे। परन्तु आततायीपन को समाज में समाप्त किया जाना चाहिए। जब वहाँ विचार विनिमय होने लगा तो सब ऋषि मुनियों ने महर्षि विश्वामित्र से यह कहा कि तुम धर्नुयाग करो और अयोध्या में यह जो राजकुमार हैं, राम और लक्ष्मण इन दोनों को धनुर्याग से महान् बनाओ।

उनको बलिष्ठ बनाया जाए। वैज्ञानिकता से, अस्त्रों शस्त्रों से युक्त किया जाए। तो मेरे प्यारे जब यह विचार चला तो महर्षि भारद्वाज मुनि ने यह कहा कि रावण का जितना ! भी वंश है मैं प्रायः उनको शिक्षा देता रहा हूँ, क्योंकि उनके विधाता जो कुम्भकरण हैं वह मेरे यहाँ बारह बारह वर्षों तक विज्ञान की शिक्षा ले करके गए हैं। उनका विज्ञान इतना विशाल है, वह इतने अनुसन्धानवेत्ता हैं कि वह छह मास तक हिमालय में अनुसन्धान करते रहते हैं और छह मास तक लंका में, विद्यालयों में वैज्ञानिकों को

शिक्षा देते रहते हैं। कुम्भकरण का इतना विज्ञान नितान्त था।
एक समय मेरे प्यारे भारद्वाज !मुनि महाराज के यहाँ ब्रह्मचारी सुके ता और महर्षि पन्पेतु मुनि महाराज की कन्या शबरी इन तीनों ने एक यन्त्र का निर्माण किया था। वह यन्त्र इस प्रकार का था कि महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज के आश्रम में उसका निर्माण हुआ। उस यन्त्र में विद्यमान हो करके महाराजा कुम्भकरण बहत्तर लोकों का भ्रमण किया करते थे। बेटामुझे स्मरण है वह जब पृथ्वी से उड़ान उड़ते तो चन्द्रमा में जाते !, चन्द्रमा से उड़ान उड़ी तो मंगल में चले गए, मंगल से उड़ान उड़ी तो बुद्ध में चले गए, बुद्ध से उड़ान उड़ी तो शुक्र में चले गए। एक ही यन्त्र में विद्यमान हो करके बहत्तर लोकों का भ्रमण किया करते थे। कितना विज्ञान महाराजा रावण के यहाँ विशालता में परणित होता रहा है।
मेरे प्यारे एक समय हिमालय कन्दराओं में अनुसन्धान करते हुए यह विचारा क्योंकि ! वह नित्यप्रति याग भी करते थे। वह याग से यह विचारते रहते थे कि यह स्वर्ण की जो धातु है यह विशेष है। परन्तु मैं यह चाहता हूँ कि स्वर्ण में सुगन्धि उत्पन्न हो जाए। वह सुगन्धि के से ला सकते थे? परन्तु वह इसके ऊपर विचार विनिमय ही करते रहे, परन्तु उसमें सुगन्धि नहीं ला सके। विचारते रहे क्योंकि अनुसन्धान उनका एक कर्त्तव्य बन गया था।
एक समय मेरे पुत्र ने मुझे यह वर्णन कराया कि आधुनिक समाज ऐसा स्वीकार करता है कि छह मास तक कुम्भकरण जी निद्रा में रहते थे और छह मास तक वह जागरूक रहते थे। मेरे पुत्र ऐसा नहीं। परन्तु वह छह मास तक हिमालय कन्दराओं में अज्ञातवास में रहते थे और छह मास विश्वविद्यालयों में वह विज्ञान की शिक्षा प्रदान करते रहते थे। मेरे पुत्रो बहुत सी वार्त्ताएं इस प्रकार की होती हैं जो साहित्यिक चर्चाओं में अभेदन ! हो जाती हैं परन्तु उनकी कुछ रूपरेखा भिन्न भिन्न रूपों में बनती रहती है। आज मैं इस क्षेत्र में जाना नहीं चाहता हूँ।
विचार विनिमय क्या? मेरे पुत्रो यह विचार होने लगा। भारद्वाज मुनि महाराज ने यह ! कहा, अगर तुम रावण के अचरित्रवाद को समाप्त करना चाहते हो तो विवेकी पुरुषों का

जन्म होना चाहिए। विवेकी पुरुष होने चाहिए। क्योंकि समाज में जब तक विवेक नहीं बनता, विवेकी पुरुष नहीं होते, वेद के पठन पाठन करने वाले पुरुष नहीं होते और उनमें विवेक न हो तब तक राष्ट्र ऊँचा नहीं बन सकता। जब यह वाक्य उन्होंने प्रकट किया तो भारद्वाज मुनि ने यह कहा, मेरी विज्ञानशाला में जितने भी वरुणास्त्र हैं, इन्द्रास्त्र हैं मेरे यहाँ नाना अस्त्रों का निर्माण किया गया। मैं राम को कोई भी परिस्थिति जान करके मैं कोष को प्रदान कर सकता हूँ। भारद्वाज ने तो यह उस समय शपथ ग्रहण की कि जितना भी मैंने विज्ञान को कजली वनों में विद्यमान हो करके नाना यन्त्रों का निर्माण किया क्योंकि भारद्वाज मुनि ने यह कहा, मेरे यहाँ ऐसे यन्त्र हैं, एक मानव के रक्त के बिन्दु को यन्त्र में प्रदान किया जाए उस यन्त्र में मानव का चित्र आ जाता है जिस मानव का वह रक्त का बिन्दु हो। चाहे वह प्राणी इस संसार में है अथवा नहीं। परन्तु रक्त के बिन्दु से चित्रण करते रहते।

मेरे प्यारे उन्होंने कहा अग्नेय !अस्त्र भी मेरे यहाँ हैं। तो भारद्वाज मुनि का सब ऋषि मुनियों ने स्वागत किया। उनके वाक्यों को अपने हृदय में ग्राही बनाया। महाराजा शिव से यह प्रार्थना की गई, महाराज आपने एक यन्त्र का निर्माण किया है उसका भी हमें ! प्रतीत है। आप इसमें क्या अपना भी सहयोग प्रदानकरेंगे। तो राजा शिव ने कहा, मैंने राजा रावण को राष्ट्रपिता बनाया, उनको भिन्न भिन्न प्रकार की विज्ञान की शिक्षाएं दीं और उन शिक्षालयों में सदैव शिक्षा भी देता रहा हूँ। परन्तु कोई भी मानव जब अपनी आज्ञा के अनुसार उनकी आत्मा की जो प्रेरणाएं हैं उनके अनुसार कर्म नहीं करता। वैदिक साहित्य कहता है, उस मानव को अपने स्थान में ग्राही न बनाओ। तो आज मेरा तो यह मन्तव्य बन गया है कि मैं रावण को कोई भी सहायता प्रदान नहीं करूंगा क्योंकि उनका जो जीवन है वह आततायी बन गया है। उसके जीवन में राष्ट्रवाद के प्रति जो राष्ट्र में चरित्र होना चाहिए, मानवता होनी चाहिए, सुगन्धि होनी चाहिए, वहाँ दुर्गन्धि उत्पन्न होती रहती है। तो ऐसे राष्ट्र के प्रति मेरी कोई सहानुभूति नहीं रहती। मेरे पुत्रो जब महाराजा शिव ने यह वक्य प्रकट किया तो प्रकट करते ही सब ऋषियों ! ने उनके चरणों को स्पर्श किया क्योंकि वह अध्यक्ष थे, सभापति बने हुए थे। सब

वायुमण्डल की जो धाराएं हैं वह मेरे अन्तःकरण को छूती रहती हैं और उन्र्हें स्पर्श करता हुआ यह विचार विनिमय करता रहता हूँ कि वायुमण्डल अशुद्ध हो गया है। राजा रावण के विधाता कुम्भकरण विद्यालयों में ब्रह्मचारियों को, शिक्षार्थियों को, छात्रवत को विज्ञान की शिक्षा देते थे। विज्ञान की उनकी चर्चाएं चलती रहीं। कुम्भकरण जी बोले, प्रभुमैं हिमालय में सदैव अनुसंन् !धान करता रहता हूँ। मैं कुछ समय पूर्व हिमालय कन्दराओं में विद्यमान था। वहाँ मैंने कुछ वैज्ञानिक तत्त्वों से ऐसा दृष्टिपात किया है कि सूर्य से कुछ किरण आती हैं वह धातु पिपाद बनाती है और रसों का पिपाद बनाती रहती हैं। मेरी मन की इच्छा यह है कि यह जो स्वर्ण है यह धातुओं में सर्वश्रेष्ठ मा गई है। मैं इसमें सुगन्धि लाना चाहता हूँ। प्रभु आपका विचार जाना चाहता हूँ कि इसमें ! सुगन्ध आ सकती है अथवा नहीं। जब यह वाक्य महर्षि कुक्कुट मुनि ने श्रवण किया तो वह बोले, हे ब्रह्मणे कृताम, हे वैज्ञानिक कुम्भकरणातुम इसमें सुगन्ध ! लाना चाहते हो। सुगन्ध का अभिप्राय जानते हो किसे कहते हैं? हमारी दृष्टि में सुगन्ध कहते है सौन्दर्यत्त्व को। सौन्दर्य उसे कहते हैं जिसके जीवन में एक रसता रहे, एक रस रहे उस धातु के जीवन में एक सुगन्धि सदैव उत्पन्न होती रहती है। रहा यह कि मैं उस सुगन्ध से किसी धातु को जानना चाहूँ, वह उस धातु में से सुगन्ध का जन्म होता है, सो कोई संसार को धातु ऐसी नहीं है जिसमें सुगन्धि का प्रादुर्भाव होता हो। एक विशेष्ज्ञ प्रकार की गन्ध आती रहती है, विशेष प्रकार की एक कृतिभा आती है जिसका उनके जीवन से समन्वय रहता है। इसी प्रकार आज तुम स्वर्ण में सुगन्धि लाने के लिए इच्छा न प्रकट करो। क्योंकि स्पर्ण में सुगन्धि तो स्वतः ही होती है। उसका जैसा प्राकृतिक स्वभाव होता है वह उसी में रत्त रह करके उसी में उसी प्रकार की सुगन्धि आती रहती है। उसमें सुगन्धि तुम ला नहीं सकोगे। कोई भी वैज्ञानिक सृष्टि के आदि से अब तक नहीं हुआ है जो इसमें सुगन्धि को ला सके। तुम्हारा एक विचार बना हैं परन्तु यदि तुम प्राण स्वरूप को ऊर्ध्वा से जानो तो स्वर्ण में विशेष प्रकार की सुगन्ध स्वतः होती हैं परन्तु उसमें घ्राण की शक्ति होनी चाहिए।

मुनिवरोंयोगियो ने !, ऋषि मुनियों ने, ब्रह्मवेत्ताओं ने नाना प्रकार की धातुओं को योग

के द्वारा जाना। एक समय सोमकेतु महाराज, कुक्कुट मुनि कहते हैं कि हमारे जो सत्रहवें महापिता थे, सोमकेतु महाराज एक समय सब धातुओं को अपने समीप ला करके उसमें प्राण की आभा को परणित करा रहे थे तो उसमें एक विशेष प्रकार की सुगन्ध दृष्टिपात की क्योंकि इस मानव के घ्राण के द्वारा प्राण गति करता है और प्राण में नाना प्रकार की धातुएं गति करती रहती हैं। नाना प्रकार के परमाणु होते हैं जो पृथ्वी की आभा में रमण कर रहे हैं और उसका समन्वय प्राण से होता है क्योंकि प्राण ही संसार में सबको रसस्वादन प्राप्त कराता रहता है। वह विभक्त हो करके सबको रस देता रहता है। जब ऋषि ने यह वाक्य उच्चारण किया तो कुम्भकरण ने उनके चरणों को स्पर्श किया और उन्होंने कहा, धन्य है प्रभु मैं अन्धकार में था। इसलिए मुझे योगी बनना चाहिए क्योंकि ! योगसे यह वाक्य सिद्ध होगा। मैं विज्ञान से इन वस्तुओं को नहीं जान पाऊंगा। तो मुनिवरोंविचार विनिमय क्या !? कि जहाँ हमारे ऋषि मुनि विज्ञानवेत्ता थे वह वहाँ योगाभ्यास करते थे। प्राण की महान् क्रिया को जानते रहते थे। यह प्राण, अपान, उदान यह अग्रणानः आभा में रमण करते रहते हैं। परन्तु उन्होंने इस वाक्य को यहीं समाप्त कर दिया।

कुम्भकरण ने कहा, प्रभु मैं आपके द्वारा यह जानना और चाहता हूँ कि हम यदि इस ! प्राण की साधना करना चाहते हैं तो प्राएण की साधना कैसे करें? महर्षि कुक्कुट मुनि ने कहा, यदि तुम प्राण की साधना करना चाहते हो तो महर्षि भारद्वाज के द्वारा चले जाओ। वह तुम्हें इसका निर्णय दे सकेंगे। मेरा तो निर्णय केवल यही है कि संसार में वस्तुओं का विभाजन होता है। दो वस्तु संसार में दृष्टिपात आ रही हैं। एक विभक्त क्रिया जो विभाजन कर रही है और एक जो विभाजन हो रही हैं दोनों वस्तुओं का जिस भी काल में समन्वय हो जाता है उसी काल में योग की आभा उत्पन्न हो जाती है और योगेश्वर बनने के लिए तत्पर हो जाता है। क्योंकि यह जो सर्वत्र ब्रह्माण्ड है चाहे वह मंगल मण्डल हो, चाहे सूर्य हो, नाना प्रकार की किरणों क्यों न हो, परन्तु उनमें जो धातु पिपाद आ रहा है, पृथ्वी पर आ रहा है, मण्डल में जा रहा है, सूर्य की किरणों में गति कर रहा है वह सब मनस्तत्त्व, प्राणतत्त्व ही गति कर रहा है जो इन दोनों का

समन्वय कर लेता है वही विज्ञान में पारायण हो जाता है। वही महान् बन जाता है। वह मृत्यु को विजय कर लेता है। संसार में प्रत्येक मानव मृत्यु से विजय होना चाहता है। तुम्हें यह प्रतीत होगा कुम्भकरण मानव जितना भी प्रयास करता है राजा के राष्ट्र ! में विज्ञान की उड़ान उड़ी जाती है परन्तु जहाँ ऋषि मुनि होते हैं वह योग की उड़ान उड़ते रहते हैं। मृत्यु से बचने का प्रयास करतेरहते हैं। विचारते रहते हैं कि मेरी मृत्यु नहीं होनी चाहिए। ऐसा कौन सा सोमरस है जिसको पान करने से मानव मृत्यु से उपराम हो जाता है? मेरी प्यारी माता मृत्यु से उपराम हो जाती है। वह कौनसा सोमरस है जो ज्ञान के क्षेत्र में जाता है? ज्ञान से यही विचारता है कि परमाणुओं का मिलान हुआ है, इनका विच्छेद होना है। जो इस प्रकार की प्रतिक्रियाओं को अपने में विचारता है, चिन्तन करता है, वह मृत्यु के मूल को जान जाता है। मृत्यु क्या है? मृत्यु से पार होने के लिए मानव को संकीर्णता को त्यागना होगा, मृत्यु क्या है? संकीर्णता है, संकीर्णता में जितना भी मानव रमण करता रहेगा और व्यापकावाद उसके द्वारा नहीं होगा वह मृत्यु के गृह में, आँगन में रमण करता रहेगा। मृत्यु उसको निगलती रहेगी परन्तु जिस समय वह ज्ञान और विज्ञान की आभा को ले करके रमण करता है, व्यापकवाद को ले करके गति करता है, व्यपकवाद किसे कहते हैं? जो भी वस्तु मेरे द्वारा है वह सर्वत्र प्रभु की आभा है, उसकी महानता है। जो इस प्रकार का अध्ययन करता है वह इस अज्ञान रूपी अन्धकार को समाप्त कर देता है। महर्षि कुक्कुट मुनि महाराज ने यही कहा, हे कुम्भकरणयदि आज तुम महान् बनना चाहते हो तो द !ो वस्तुओं के समन्वय का नाम प्रकाश है और दोनों का विभाजन हो जाना ही अन्धकार का क्षेत्र कहलाता है। इसको तुम जानने का प्रयास करो। स्थान अजमल खां पर्क :, नई दिल्ली।

१७ 29 01 1982 पुष्प 40 महानन्द जी द्वारा आधुनिक शिक्षा प्रणाली

जीते रहोदेखो !, मुनिवरों आज हम !तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रां का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर

वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस मेरे देव जो यज्ञोमयी माना गया है जिसका यज्ञ ही आयतन माना गया है, उस देव की महिमा का हम गुणागान गाते चले जा रहे थे, क्योंकि यह जो ब्रह्माण्ड है यह एक प्रकार की यज्ञशाला है और इस यज्ञशाला में रमण करने वाला प्रभु है, अतः यज्ञशाला हीउस मेरे प्यारे ! प्रभु का आयतन माना गया है। वह उसका लोक है जिससे लोकम् ब्रीही कहा। परमपिता परमात्मा को कोई मानव दृष्टिपात करना चाहता है तो अपनी ही यज्ञशाला में, अपने मानव शरीर को एक यज्ञशाला के रूप में जाने और उस यज्ञशाला को जो किसी का आयतन बना हुआ है, वह ब्रह्म का शरीर माना गया है, वास करने की स्थली है।

तो मुनिवरों !हमें उस ब्रह्म की उपासना और उसको हमें दृष्टिपात करना है तो मुनिवरों ! उसके आयतन को अपने में गहण करो। अपने में धारण करते चले जाओ तो ब्रह्म तुम्हें प्रतीत होने लगेगा। उस ब्रह्म की आभा को और भी दृष्टिपात करते चले जाओ। सूर्य का प्रकाश नहीं, चन्द्रमा का प्रकाश नहीं है परन्तु तारा मण्डलों की एक छटा है, उसका प्रकाश है और उसका जो प्रकाश है उसके ऊपर नेत्रों से उनको निहारते रहो। बेटाउसके निहारने से प्रभु की प्रतिभा जो गति कर रही है लोकों में !, तारा मण्डलों में, वह तुम्हें कुछ काल के पश्चात् अनुभव होने लगेगी। उस ब्रह्म का आयतन जो यह ब्रह्माण्ड है अथवा लोक लोकान्तर हैं यह सूत्र रूप में, एक ब्रह्माण्ड में पिरोया हुआ दृष्टिपात आने लगेगा। मुझे बहुत सी ऋषि मुनियों की वार्त्ताएं स्मरण आती रहती हैं जिन्हांने इस संसार का साक्षात्कार अपने में दृष्टिपात किया क्योंकि प्रत्येक मानव को करना भी चाहिए क्योंकि हम उस प्रभु के राष्ट्र में हैं और जब हम प्रभु के राष्ट्र में हैं तो उस राष्ट्रपिता की जो नियमावली है हम यज्ञोमयी श्रेष्ठ कार्यों में करते ले जाएं क्योंकि यज्ञ को हमारे यहाँ सर्वत्र श्रेष्ठ कर्म माना है। सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके बेटा ऋषि ! मुनि इसी यज्ञ की प्रतिभा का गान गा रहे हैं। आदि ब्रह्मा ने भी इसका गान गाया। अंगिरस ऋषि मुनियों ने भी, सप्तऋषि भी होता बन करके याग करते रहे हैं। आज मैं

विशेष चर्चा तो प्रकट नहीं करूंगा, के वल कुछ प्रेरणाएं प्राप्त हो रही हैं।

मेरे प्यारे यहाँ याग के द्वारा विज्ञान को जाना जाता है। यहाँ याग के द्वारा सूर्य विद्या ! को जाना जाता है और याग से योगी बनते हैं। मानव अपनी नाना त्रुटियों को त्याग इ !करके एक महान् क्षेत्र में रमण करने लगता है। मेरे पुत्रोससे पूर्व शब्दों में हम सूक्ष्म वार्त्ताएं विज्ञान की प्रकट कर रहे थे। बहुत सूक्ष्म चित्रण हो रहा था। लोकों में अपने पूर्वजों के दर्शन चित्रों के द्वारा हमारे यहाँ ऋषि मुनि किया करते थे और उनका चित्रण करत ेअपने जीवन को महान् और पवित्र बनाने का प्रयास करते रहे हैं।

आज मेरे प्यारेमहानन्द जी भी दो शब्द उच्चारण करेंगे परन्तु उससे पूर्व संसार में !, अपनी आभा में रमण करते हुए परमपिता परमात्मा की प्रतिभा अथवा उसको विज्ञानमयी स्वरूप स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि परमात्मा एक सूत्र रूप में गति करता रहता है। जैसे माला है, माला में दो वस्तुओं का समावेश है। जैसे सूत्र में मनके पिरोएं हुए होते हैं और मनके और सूत्र के समन्वय होते ही माला बन जाती है। इसी प्रकार यह जो ब्रह्माण्ड हमें दृष्टिपात आ रहा है यह जड़वत् प्रकृति और चैतन्य एक सूत्र दोनों के समन्वय होते ही तृतीय शब्द उत्पन्न हो जाता है जिसे हम सृष्टि कहते हैं अथवा रचना कहते हैं। तो हमें उस प्रभु के जो इस प्रकृति का सूत्र बना हुआ है, जड़वत् को सन्निधान मात्र से उसका क्रिया कलाप चल रहा है। के वल सन्निधान मात्र ही है। उस प्रभु का हम अपने से भी सन्निधान करते रहें तो हमारा जीवन महत्ता को प्राप्त होता हुआ शुद्ध स्वरूप आभा में मानव गति करने लगता है। तो आज मैं विशेष चर्चा प्रकट न करता हुआ, के वल यह कि हम परमपिता परमात्मा की उपासना करते चले जाएं और यज्ञोमयी श्रेष्ठ कर्म करते हुए देवताओं को प्रसन्न करते चले जाएं। तो अब हम अपने विचारों को विराम देना चाहते हैं। मेरे प्यारे महानन्द जी अपने उद्गम विचार राष्ट्रीयता ! पर देते रहते हैं।

पूज्य महानन्द जीः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी मेरे !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! पूज्यपाद गुरुदेव कुछ यागों की चर्चाएं कर रहे थे। परमपिता परमात्मा के सूत्रमयी विज्ञ्ञान की चर्चा करते हुए हमें मुग्ध कर रहे थे क्योंकि इनका परम्परागतों का जो

ज्ञान है और वह ज्ञान विज्ञान से गुथा हुआ रहता है परन्तु उसको धारण करने वाला मानव इस संसार में सूक्ष्म है क्योंकि हम भी जब उनके ऊपर उनकी विचारधाराओं पर विचार विनिमय प्रारम्भ करने लगते हैं तो हमारा एक ही परिणाम होता है कि हम मौन हो जाते हैं। जहाँ हमारी यह आकाशवाणी जा रही है उस स्थली पर यागों का चलन दृष्टिपात कर रहे थे। हमारा अन्तर्हृदय प्रसन्न हो रहा था, उद्गान गाने वाला उद्गान गा रहा था और चित्त में प्रसन्नता हो रही थी। मैं अपने यज्ञमान याज्ञिक पुरुषों को सदैव यह कहा करता हूँ कि उनका मनोबल और गृह में संदुपयोग उसी प्रकार होता रहे और यज्ञमान की जो शुभ कामनाएं हैं वह पूर्ण होती रहें। उनके जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। वह अपने सौभाग्य को चाहते हैं कि हम लक्ष्मी का, इस द्रव्य का सदुपयोग करते हुए देवताओं का हूत देते हुए, देवताओं को प्रसन्न करते हुए हम अपने सौभाग्य की कामना करते हैं, हमारा सौभाग्य अखण्ड बना रहे। परन्तु आज जहाँ यज्ञ की चर्चाएं होती हैं वहाँ शिक्षा प्रणाली ने हमारे सम्मुख आ करके, उनका चित्र बन करके हमारे नेत्रों के समीप आती रहती है, मैं उस काल को दृष्टिपात करता रहा हूँ जिस काल में राजा के राष्ट्र में प्रत्येक मानव ज्ञान और विज्ञान की चर्चा करता रहा है वह ऐसा स्पष्टीकरण और अपने उद्बुत ज्ञान और विज्ञान की चर्चा करता रहा है समाज में।

मुझे पूज्यपाद गुरुदेव की आज्ञा से सोनक देश में त्रेतके तु राजा के यहाँ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्यपाद गुरुदेव ने विद्यालय में किसी आचार्य के दर्शनार्थ के लिए मुझे प्रेरित किया। जब मैं सौनम राष्ट्र में त्रेतके तु राजा के राष्ट्र में जो विद्यालय था उसके द्वार पर पहुंचा तो वहाँ आचार्यों से कुछ चर्चाएं होने लगी। ब्रह्मचारियों ने अपनी वार्त्ताएं प्रकट कीं। जब ब्रह्मचारियों से शारीरिक विज्ञान के ऊपर चर्चाएं हुईं तो उन्होंने प्रसन्न हो करके सर्वत्रता का परिचय दिया कि हमारे शरीर में नाना स्थम्भ माने गए हैं। मैंने प्रश्न किया, ब्रह्मचारियो के मध्य में कि मानव के शरीर के कितने स्तम्भ होते हैं? उन्होंने चौबीस खम्भों का मुझे वर्णन कराया और उन चौबीस खम्भों में दस प्राण की आभाएं हैं और दस इन्द्रियां हैं, मन, बुद्धि, चित्त अहंकार का उन्होंने वर्णन किया। जब ब्रह्मचारियों ने उसका उत्तर मुझे भली भांति प्राप्त हो गया तो मैं प्रसन्न हो गया। ब्रह्मचारी

का चरित्र तब तक ऊचा नहीं बन सकता जब तक उसको अपने शरीर का बोध नहीं होता, उसको अपनी इन्द्रियों का बोध नहीं होगा, कौन कौन सी इन्द्रिय क्या क्या कार्य करती हैं?
किसकी प्रेरणा से कौन सी इन्द्रिय अपना क्रिया कलाप प्रारम्भ कर देती है? जब तक यह विद्यालयों में ज्ञान ब्रह्मचारियों को प्रदान नहीं करते, उनको नहीं प्राप्त होगा तो वह चरित्रवान प्राणी नहीं बन सकता। क्योंकि ब्रह्मचर्य विद्यालयों से प्राप्त होता है। विद्यालय में आचार्यजनों को चाहिए कि शरीर के सर्वत्र ज्ञान का उन्हें बोध कराएं। हमारा शरीर एक प्रकार की यज्ञशाला के रूप में माना गया है। जैसे यज्ञशाला में यज्ञमान पत्नि सहित विद्यमान हो करके याग करते हैं, देवताओं को प्रसन्न करते हैं, देवताओं की आभा में अपने अपने देवताओं को निहारते रहते हैं इसी प्रकार जब मैं विद्यालय को ब्रह्मचार्यतम् वृताम वृहे विद्यालयों में याग होते और याग के पश्चात उन्हें उपदेश दिया जाता है, हे ब्रह्मचारियोंतुम महान् और पवित्र बनने के लिए !, अपने मानवीयतव को जानने के लिए और दर्शनों को जानने की इच्छा प्रकट करो। तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मैंने ब्रह्मचारियों ! से वार्त्ता प्रकट की, उन्होंने शारीरिक विज्ञान सब प्रकट करा दिया और किस किस लोक से, किस किस मण्डल से, किन किन इन्द्रियों का समन्वय रहता है? किस काल में यह दसों प्राण बाहरीय जगत् और आन्तरिक जगत् में क्या क्या कार्य करते हैं? जब तक ब्रह्मचारी को यह बोध नहीं होता और वह क्रियात्मक नहीं होता, तब तक ब्रह्मचरिष्यामि हम ब्रह्मचर्य की रक्षा नहीं कर सकते।
मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे यह ज्ञान विज्ञान कराया, क्योंकि यह सब विद्याएं वेद से प्राप्त होती हैं। परन्तु वेदों का अध्ययन, वेदों की आभाएं और क्रियात्मक जीवन होना चाहिए। यह मैं त्रेतके तु राजा के यहाँ दृष्टिपात करता रहा हूँ सोनम राष्ट्र में। आधुनिक जगत् और वर्तमान का काल जब मुझे स्मरण आता है तो मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव के सम्मुख आ करके रुदन करता रहता हूँ और यह उच्चारण करता रहता हूँ कि आज जो गुरु शिष्य परम्परा है वह कहाँ चली गई? जब मैं आधुनिक काल के विद्यालयों में प्रवेश करता हूँ, गुरुओं से यह प्रश्न करता हूँ कि शरीर के कितने स्तम्भ हैं? तो उत्तर

नहीं प्राप्त होता। ब्रह्मचारियों के मध्य में जाता हूँ तो वह अपवाद कह करके यह उत्तर देते हैं कि हम नहीं जानते। परन्तु वह अपवाद में ले जाते हैं तो इसका दोषी कौन है? यह दोषारोपण कहाँ से प्राप्त होता है? यह राष्ट्र की परम्परा में सूक्ष्मता है। हमें विद्यालयों को ऊचा बनाना है। विद्यालयों से राष्ट्रीय प्रभुता का जन्म होता है। आचार्य राष्ट्र की आभा उत्पन्न होती है। इसके ऊपर विचार होना चाहिए।

पुरातन काल के विज्ञान के युग में मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने एक समय मुझे पूज्यपाद रेगणी भारद्वाज मुनि की विज्ञानशाला में प्रवेश कराया। नाना प्रकार की विद्याओं को, भौतिकवाद को जानने का प्रयास किया। विज्ञान हमें निर्भयता देता है, अभय देता है कि वह भयभीत न हो, संसार में विजयी हों, परन्तु आज का विज्ञान क्या कर रहा है? समाज के आत्मबल को नष्ट कर रहा है। आज के विज्ञानवेत्ताओं के समीप जाते हैं तो आज का जो मानवीय दर्शन है उसके ऊपर चिन्तन न होता हुआ, उसके ऊपर मनन न होता हुआ वह समाज को भय दे रहा है। वह बार बार यह उच्चारण कर रहा है कि अब विश्व संग्राम होने वाला है। अब यह समाज नष्ट होने वाला है। अब प्रलय होने वाली है। जब आज का वैज्ञानिक इन वाक्यों को प्रकट करता है।

मैं मन ही मन में मग्न होता रहता हूँ, यह कहता रहता हूँ इस मानव समाज को क्या हो गया है? आज का वह मानव कहाँ चला गया है? आज का मानव त्रास क्यों दे रहा है समाज को? आगे आने वाला जो समाज है वह प्रभु के ऊपर आज का समाज नहीं त्याग रहा है क्योंकि आगे आने वाला, भविष्य को जानने वाला प्रभु है और प्रभु ने इस राष्ट्र का निर्माण किया है। वह इसके भविष्य को अच्छी प्रकार जानते हैं परन्तु मानव समाज अपने अपने सूक्ष्म सूक्ष्म चमत्कारों में आ करके, वह आवेश में आ करके समाज को त्रास दे रहा है। यह त्रास नहीं देना चाहिए। इस त्रास से मानव का आत्मबल समाप्त हो जाएगा। आत्मबल जब समाप्त हो जाता है तो संसार की मृत्यु हो जाती है, यह समाज नहीं रह पाता। तो इसीलिए मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ। मैं आज गुरुदेव को यह परिचय देने आया हूँ कि समाज को, अपनी राष्ट्रीयता को ऊचा बनाते हुए, विद्यालयों को ऊचा बनाते हुए चलना है क्योंकि विद्यालयों से ही विज्ञान का जन्म होता है।

वैज्ञानिक बनते हैं, उड़ान उड़ने वाले बनते हैं।

वैज्ञानिकों को यह चाहिए, समाज को ऊचा बनाना है तो समाज को ऊर्ध्वा दशा में ले जाएं और विज्ञान का सदुपयोग होने लगे। राष्ट्र में सात्विकता आ जाए विज्ञान के द्वारा। वह के से आती है? जब नाना चित्रावलियों का निर्माण राष्ट्र में हो जाता है। वैज्ञानिक कर ल ेते हैं परन्तु यह कोई आश्चर्य नहीं है। एक मानव का शब्द है। शब्द के साथ में चित्र है मेरे पूज्यपाद गुरुदेव कल उच्चारण कर रहे थे कि इतना ऊर्ध्वा में विज्ञान की जो एक यन्त्र में अपने महापुरुषों के अपने सौवें महापिता के यन्त्रों में चित्र आ जाते हैं। पूज्यपाद गुरुदेव ने वर्णन कराया एक रक्त के बिन्दु से जिस मानव का रक्त का बिन्दु है उसका साक्षात्कार हो जाता है। आधुनिक विज्ञान में जाता हूँ तो आज का वैज्ञानिक इकाई में रमण कर रहा है। परन्तु पूर्व के भारद्वाज मुनि की विज्ञानशालाएं, यहाँ महाराजा कुम्भकरण की विज्ञानशाला है, उन विज्ञानशालाओं को दृष्टिपात करके आज की विज्ञानशालाएं इकाई में रमण कर रही हैं।

पूर्व का मानव, पुरातन काल का मानव यहाँ से उड़ान उड़ता है, चन्द्रमा की यात्रा कर रहा है। चन्द्रमा से उड़ान उड़ी है मंगल लोकों में चले गए। नाना लोकों का भ्रमण करते रहे। परन्तु एक यन्त्र जो बहत्तर लोकों में भ्रमण करने वाला और वह पुनः पृथ्वी मण्डल पर आ जाए। आज का वैज्ञानिक के वल चन्द्रमा तक पहुंचा है। कुछ कक्षों में यन्त्र रमण कर रहे हैं, कुछ मंगल के कक्ष में रमण कर रहे हैं आज के विज्ञान में। परन्तु पूर्व का विज्ञान इतना महान् रहा है कि सूर्य की परिक्रमा करने वाले यन्त्र थे और शनि की परिक्रमा करने वाला यन्त्र था।

आज का विज्ञान इस पृथ्वी के सूर्य के गर्भ में तेरह लाख पृथ्वियों को जान पाया है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने तीस लाख का वर्णन किया है परन्तु आज का विज्ञान के वल शनि को प्रकाश देने के लिए पांच सूर्य कहता है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने इसके ऊपर टिप्पणी की और यह कहा कि शनि को बहत्तर सूर्य प्रकाश देते हैं तो आज का विज्ञान मुझे इकाई में दृष्टिपात आ रहा है परन्तु ऋषि मुनियों की विज्ञानशालाएं इतनी महान् रही हैं। आज जब हम वेद की धाराओं को नहीं अपनाना चाहते, वेद रूपी प्रकाश से

यह विज्ञान उत्पन्न होता है क्योंकि वेद एक प्रकाश है। ज्ञान का नाम वेद है और वेद रूपी प्रकाश को अपनाने वाला मानव ऊची उड़ान उड़ता है। विजानमयी उड़ान उड़ने वाला है, आज का विज्ञान ब्रह्मचर्य के ऊपर बल नहीं देता। ब्रह्मचरिष्यामि के ऊपर बल नहीं देता परन्तु पूर्व का वैज्ञानिक ब्रह्मचारी रह करके उड़ान उड़ता था इसीलिए मैं यह परिचय दे रहा हूँ कि आधुनिक जगत है मैं यह मानता रहता हूँ, मैंने पूज्यपाद गुरुदेव को प्रकट कराया। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि आज का मानव अपने में बहुत दुःखित हो रहा है। आज का राष्ट्र, इस संसार का राष्ट्र अपने में बहुत दुःखित हो रहा है क्योंकि समाज को चरित्र नहीं दे रहा है। पूर्व के राजा वैज्ञानिकता को लेते हुए समाज को चरित्र देते रहे हैं। चरित्र विद्यालयों से निर्माणित होता रहता है। परन्तु आज का जो राष्ट्र है वह विद्यालयों से निषकृय ब्रह्मचारियों को जन्म दे रहा है। निष्कर्म समाज बन रहा है, ब्रह्मचर्य को नष्ट करने वाला। आज जब मैं विद्यालयों में प्रवेश करता हूँ और ब्रह्मचर्य की चर्चा करता हूँ तो उसे अपवाद कह करके, उसको विनोद में कह करके दूरी कर देते हैं। परन्तु ब्रह्मचरिष्यामि इससे मानव को बोध होता है। संसार का ज्ञान और विज्ञान इसके द्वारा आता है।

मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से यह प्रकट कर रहा हूँ, हे गुरुदेव यह संसार कहाँ चला ! गया है? विज्ञान की तरंगों में, ज्ञान की तरंगों में संसार को जहाँ जाना हे, वहाँ त्रास दिया जा रहा है। आज मैं नाना पुरुषों की भविष्यवाणियों को भी श्रवण करता रहता हूँ। भविष्यवेत्ता कहते हैं कि इतने समय संग्राम हो करके यह समाज समाप्त हो जाएगा। यह वार्त्ताएं चलती रहती हैं क्योंकि समाज को जब त्रास ही करना हुआ तो क्यों न भविष्य की वार्त्ता प्रकट करके कह दिया जाए कि यह समाज समाप्त हो जाएगा। अरे, भोले प्राणियो यह समाज अपने समयज पर जाता रहेगा। प्रभु का चक्र चलता रहेगा। परन्तु तुम अपने अशुद्ध वाक्यों को प्रकट करके समाज को त्रास क्यों देते हो? इस वाक्य को कोई उच्चारण नहीं करता है कि ऐसे त्रास नहीं देना चाहिए। इससे मानव का आत्मबल समाप्त होता है। आत्म गौरव यह कहता है कि मानव को साहसी रहना चाहिए, अपने में सन्तुष्ट रहना चाहिए। समाज को सन्तुष्टि देता चला जाए। तो जहाँ यह वाक्य

वेद के वाक्य कहते हैं वहाँ इस समाज को ऊचे बनने के लिए अपनी मान्यताओं के ऊपर गम्भीरता से विचार विनिमय करना चाहिए।
जहाँ मैं शिक्षा प्रणाली की चर्चा कर रहा था, यह राष्ट्र की सूक्ष्मता है। राष्ट्र इसके ऊपर विचार नहीं कर रहा है कि हमारा मानव, हमारी आगे आने वाली जो सन्तति है, समाज है वह कहाँ जा रहा है? यहाँ समाज का आहार और व्यवहार अशुद्ध बनता जा रहा है। दूसरे के रक्त को पान करने के लिए मानव अपने में गौरव स्वीकार करता है। जब शुद्ध आहार की चर्चा करते हैं तो कहते हैं कि वह समय तो वृद्ध हो गया है, वह समाज समाप्त होता चला गया। आज का मानव कहताह ै कि वह चन्द्रमा में चला गया है। चन्द्रमा में जाना कोई आश्चर्य नहीं। सूर्य में जाना भी कोई आश्चर्य नहीं। मंगल में जाना आश्चर्य नहीं है क्योंकि हमारे पूर्वज मंगल मण्डलों में रह रह करके और उन्होंने शिक्षा पा करके विज्ञान को प्रसार किया परन्तु इस समाज को, मानव को चरित्र देना चाहिए। मानवीय दर्शन देना चाहिए। मानव दर्शन तब प्राप्त होता है जब विद्यालयों में आचार्य तपे हुए होते हैं। विद्यालयों में आचार्य सर्वत्र आयुर्वेद की विद्या को जानने वाले और उनके द्वारा मानवीय दर्शन होना चाहिए और उसको क्रियात्मक देना चाहिए तो यह समाज ऊचा बन सकता है।
मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यही कहा करता हूँ कि भगवन् वह समय दूरी चला ! गया है जब अश्वपति के कहाँ शिक्षा देते रहे। आज का समाज तो त्रासी बन गया है। आत्मा को सूक्ष्म बना रहा है, उसके बल को नष्ट कर रहा है। अब मैं विशेष चर्चा प्रकट नहीं करूंगा। पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊगा। परन्तु विचार यह कि हम अपने विद्यालयों को, अपने गृह को अपनी पुत्रियों को महान् शिक्षा देते हुए हम गृहों में सुन्दर याग करते रहें। क्योंकि शिक्षा देना भी एक महान् याग है जिससे मानव का आतमबल ऊँचा बनता है। विद्यालयों में पुत्रियों को महान् बनाना, शिक्षा दिलाना, आयुर्वेद की विद्या माताओं में होनी चाहिए जिससे अपने पुत्र का निर्माण माता मल्दालसा की भांति अपने गर्भस्थल में कर सके । इस प्रकार का राष्ट्रीय नियम हो तो यह समाज पूर्व की भांति, ऊचा बन सके अन्यथा मैंने अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह कहा कि इस समाज

में धीमी धीमी अग्नि प्रचण्ड हो रही है। वह समय आने में दूरी नहीं है जब अपने हृदय की अग्नि से ही यह मानव अपने में समाप्त होता चला जाएगा। वह समय दूरी नहीं है। यह समाज धीमी धीमी अग्नि के समुद्रों के तट पर विद्यमान हो रहा है। विचारधारा में विकृतता आ गई है। जब इस प्रकार की विचारधारा बन जाती है तो समाज में अग्निकांड प्रायः होते रहते हैं। आज का जो राष्ट्र, समाज, विद्यालय यह समाज को ऊची जगह नहीं दे सकते। विज्ञान त्रासता में परणित हो रहा है। आज का वाक् अब मैं समाप्त करने जा रहा हूँ। पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाता हुआ आज का जो यज्ञमान जिसे मैं दृष्टिपात कर रहा था, हे प्रभु इनकी मनोकामना पूर्ण हो। उनका सौभाग्यी जीवन बना ! रहे। सौभाग्य अखण्डता को प्राप्त होता रहे। इसके पश्चात् अब हम अपने विचरों को विराम दे रहे हैं।

मेरे प्यारे! ऋषिवर महानन्द जी ने अपने कुछ विचार प्रकट किए। !आज मेरे प्यारे ! उन विचारों में राष्ट्रीयता और मानवता की प्रतिभा विद्यमान थी। विज्ञान की वार्त्ताएं परम्परागतों से ही, मानवीय मस्तिष्कों में रही हैं क्योंकि विज्ञान एक महानता को ले जाता है। परन्तु इन्हांने कुछ वाक्य ऐसे प्रकट किए जैसे विद्यालयों में मानवीय दर्शन का न रहना यह सौभाग्य नहीं, यह दुर्भाग्य कहलाता है। निर्माण श्रृंखला जब समाज से चली जाती है तो समाज में वर्ण श्रृंखला आ जाती है। निर्वाचन जितने भी होते रहे हैं वह सब विद्यालयों में होते रहे हैं। यह जो वर्ण व्यवस्था का निर्माण, राष्ट्रीयता का निर्माण होना, आचार्यों का निर्माण होना यह सब विद्यालयों में प्रायः निर्माण होता रहा है। जितनी भी वर्ण व्यवस्था प्रणाली है उसमें कौन ब्रह्मचारी ब्राह्मण बनेगा? कौन वैश्य बनेगा? कौन क्षत्रिय रक्षा कर सके गा और जो इन तीनों कर्मों से वंचित्त रहता है उसको शूद्र संज्ञा प्रदान की जाती, जो शिक्षा अध्ययन नहीं कर सकता वह सेवक बन करके अपने जीवन को व्यतीत करता है क्योंकि वह पठन पाठन में अधूरा है। इसी प्रकार हमारे यहाँ निर्माण होते रहे। भगवान मनु ने इस राष्ट्र को, समाज को एक महान् दिशा दी और उस महान् दिशा का परिणाम विचारक पुरुषों के द्वारा हुआ। परन्तु वह विचारक न रहने से समाज में, विद्यालयों में निर्वाचन न रहना समाज का यह वर्ण

शृंखला की एक प्रारम्भिकता हो जाती है। इसीलिए जितने निर्माण हैं वह सब विद्यालयों में शिक्षा के माध्यम से होते हैं।
आज का वाक् यह कह रहा है कि हम परमात्मा की उपासना करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनायें। आज मैं भी जैसा महानन्द जी ने कहा, हे यज्ञमान तेरे गृह में ! द्रव्य का सदुपयोग होता रहे। गृह में द्रव्य का सदुपयोग होना ही स्वर्ग माना है। आज कोई मानव स्वर्ग की कल्पन ा करता है तो द्रव्य का दुरूपयोग होना नरक है और द्रव्य का सदुपयोग होना स्वर्ग है। मानव द्रव्य के द्वारा याग करता है। दर्शनों का अध्ययन कर रहा है। देवताओं की सभा में, बुद्धिमानों की सभा में परणित हो रहा है और अपने कार्य कुशल में भी महत्ता है। तो वह द्रव्य का सदुपयोग हूत कर रहा है, अतिथि यज्ञ कर रहा है, उसी द्रव्य के द्वारा वह राष्ट्र को एक महान् दिशा दे रहा है। यह सब स्वर्ग की आभा कहलाती है। द्रव्य का दुरूपयोग होना जितने भी अचरित्रवादी कर्म हैं। द्रव्य का दुरूपयोग होने से समाज उसको धिक्कारता है और उसको नारकिक कहताह ै। उसका अपना अन्तरात्मा भी उसको नारकीय कह रहा है। एक मानव सुरापानी है तो उसका अन्तरात्मा भी उसे धिक्कार रहा है। एक मानव द्रव्य के बल पर दूसरों के सतीत्व को नष्ट कर रहा है तो अन्तरात्मा उसे धिक्कार रहा है। उस आभा को वह कहाँ से प्राप्त करेगा? दूसरे के द्रव्य को हनन करके उसका दुरूपयोग करता है तो उसका अन्तरात्मा धिक्कारता है। इस अन्तरात्मा की वार्त्ता को माना ही देवता बनना है। अन्तरात्मा की प्रेरणा को स्वीकार करना ही मानव को देवपुरी में जाना है। उसकी दिशा देवताओं के मार्ग को चली जाती है। प्रभु ने जीवन दिया। शरीर का निर्माण किया किसने? प्रभु ने माता के गर्भस्थल में किया है। माता के गर्भस्थल में निर्माण हुआ। माता को यह प्रतीत नहीं है। गर्भस्थल में पुत्र होगा या पुत्री। माता उससे वंचित्त है। वह वंचित्त क्यों हैं? क्योंकि माता ने उसका निर्माण नहीं किया, माता उसे भावना दे सकती है परन्तु उसका निर्माण नहीं कर सकती। बुद्धि का निर्माण मुझे कहाँ करना है? मुझे कौन सी नस नाड़ी कहाँ निर्माणित करनी है? इंगला, पिंगला, सुषुम्णा नाड़ी कहाँ से चलती है और कहाँ समाप्त होती है? ब्रह्मरन्ध्र कहाँ रहता है। माता यह नहीं उच्चारण

कर सकती, विचार दे सकती है इसलिए इसका निर्माण किसने किया है? माता के गर्भस्थल में प्रभु ने किया है। इसीलिए जो प्रभु ने निर्माण किया है। स्वर्ग की कामना, वेद का प्रकाश दिया है उस प्रकाश में रहना और द्रव्य का उपार्जन करना, उसका सदुपयोग करना यह उसका स्वर्ग बन जाता है। तो बेटा यह है आज का वाक्। अब ! मुझे समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं हम कल प्रकट करेंगे। आज का वाक् समाप्त। अब धर्मपाल सिंह सुआहेड़ी .चौ : वेदों का पाठ होगा। निवास स्थान।

१८ 07 10 1982 पुष्प 40 राष्ट्र सुन्दर के से बनता है?

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हा !रे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस यज्ञोमयी, आभायमी, श्रोत्रमयी, आनन्दमयी महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा यज्ञोमयी हैं। यज्ञ जिसका आयतन माना गया है वह उसको नियमित कर रहा है, वह उसको गति दे रहा है, वह उसका गृह है। इस प्रकार सर्वत्र ब्रह्माण्ड उस मेरे देव परमपिता परमात्मा का आयतन माना गया है। जैसे मानव का शरीर उस आत्मा का गृह है वह उसे गति दे रहा है, वह उसका आयतन माना गया है, उसी की प्रतिभामयी कहलाता है। मेरे प्यारे वह प्रभु यज्ञोमयी है। यागों का चलन बहुत ऊर्ध्वा में रहा है। ! क्योंकि प्रत्येक प्राणीमात्र उस याग की आभा में सुगन्ध को पाते हुए, अपने को सुगन्धित बनाते हुए इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करता रहा है।

परन्तु आज का हमारा वेद का मन्त्र यज्ञों के नाना प्रकार, उनका ओजस्वी, तेजोमयी रूप का वर्णन कर रहा है। वेदमन्त्र में कोई ऐसा मन्त्र नहीं है जो परमपिता परमात्मा की महिमा से ओत प्रोत न हो। क्योंकि प्रत्येक वेदमन्त्र में भौतिकवाद, भौतिक विज्ञान और आध्यात्मिक विज्ञान निहित रहता है। क्योंकि यह जो व्यवहारिक मानव का ज्ञान है यह मानव को पवित्र बना देता है। परन्तु जब यह भौतिक विज्ञान में गति करता है तो भौतिक अणु परमाणुओं को एकत्रित करके यह नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण

और राष्ट्र को शक्तिशाली बनाता है। परन्तु एक आध्यात्मिक विज्ञान है जो मेरे प्यारे ! प्रत्येक मानव आध्यातिमकवाद की कल्पना भी करता रहा है और ऊची उड़ान भी उड़ता रहा है। आध्यात्मिकवाद में मानव का एकही लक्ष्य है कि मैं मृत्युञ्जय बन जाऊं मृत्युञ्जय बनने की कल्पना उसमें वह विश्वसनीय हो जाता है और यह चाहता है कि आध्यात्मिकवाद उसे कहते हैं जिसमें मानव को मृत्यु की इच्छा न रहे। मृत्यु से वह निडर हो जाए और परमापिता परमात्मा की छत्र छाया में जाने के पश्चात् यह मानव मृत्यु से उपराम होता है। परन्तु हमारा वेदमन्त्र यह कहता है हे याज्ञिक पुरुषो तुम ! आध्यात्मि, भौतिक और व्यवहार सबको जब तक उन्नत नहीं करोगे तब तक तुममें निर्भयता नहीं आएगी। तुम निर्भय बन ही नहीं सकते जब तक हे याज्ञिक पुरुषों तुम्हारे हृदय में इस संसार को यज्ञ रूप में नहीं स्वीकार करोगे चाहे वह किसी भी प्रकार का याग क्यों न हो। जिसमें मानव अपने में अहिंसा में परणित होता हुआ अपने जीवन को महान् बनाता चला जाए। हिंसा का जो प्रारम्भ होता है, उसका जो जन्म होता है वह वाणी से होता है। इसलिए याज्ञिक पुरुषों को कहा कि अपनी वाणी को महान् और पवित्र बनाओ। हे याज्ञिक पुरुषोतुम अपनी वाणी को उद्गारता में परणित कर दो !, सत्यवादी बन करके और तुम अहिंसा परमो धर्मो बनो। तुम्हारा जीवन महान् बनेगा। परन्तु जब हिंसा उसके हृदय में वास कर जाती है तो जितने उसके हिंसक विचारधारा, आहार, व्यवहार वाणी में कटुता सब उसके जीवन को नारकीय बना देते हैं। तौ मानव को अपने ऊपर अनुसन्धान करना है, यही इस चरित्र की आभा में आता है।

बेटाइससे पूर्वकाल में हम यह प्रकट कर रहे थे कि चरित्र !, जीवन ऊचा होना चाहिए। राष्ट्र ऊचा जभी बनता है, जब विवेकी पुरुष, चरित्रवान मानव राजा के राष्ट्र में बुद्धिमान और व्यवहार में कुशल होते हैं। वह राष्ट्र की रक्षा किया करते हैं। समाज का जन जीवन उनसे निर्माणित होता है। तो आज मैं विशेष चर्चा न प्रकट करता हुआ, मेरे प्यारेमहानन्द जी की बड़ी प्रेरणा रहती है !, यह अपने उद्गार प्रकट करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। हम अपने वाक्यों को विराम देना चाहते हैं। अब मेरे प्यारे !

महानन्द जी अपने दो शब्द उच्चारण करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव आज यह हमारी !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! आकाशवाणी जिस स्थली पर जा रही है वहाँ यागों काचयन और उनकी सम्पन्नता रही है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी कुछ यागों के सम्बन्ध में चर्चाएं कर रहे थे, चरित्र के सम्बन्ध में विवेचना दे रहे थे। इनका नित्य प्रति जो उद्गार प्रकट होता रहता है वह मानवीय समाज के लिए और राष्ट्र के उत्थान के लिए देते रहते हैं। जहाँ आता है प्रसंग आध्यात्मिकवाद का, आध्यात्मिक जो वाद है वह मानव की मौलिक सम्पदा कहलाती है परन्तु वह मौलिक सम्पदा इसलिए क्योंकि मानव अपनी अन्तर्रात्मा को जानना चाहता है। प्रत्येक मानव, प्रत्येक प्राणीमात्र संसार का अपने अन्तःकरण में जब अपनी बाहरीय प्रवृत्तियों को ले जाता है तो उस काल में वह अपनी अन्तर्रात्मा को जानना चाहता है। परन्तु कोई भी संसार का प्राणी ऐसा नहीं है। जिसे प्रकाश की इच्छा न हो। सदैव वह प्रकाश में अपने को गमन, अपने को स्थिर करना चाहता है। उसके हृदय में वही कामना होती है कि मेरा हृदय प्रकाशमयी हो। याज्ञिक याग कर रहा है। उसके मनों में यही कामना होती है कि मेरे जीवन में और मेरे गृह में नाना प्रकार का प्रकाश होना चाहिए। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से कुछ संसार का परिचय कराया। आज भी मैं उस परिचय को देने के लिए आया हूँ। आज मैं प्राचीन वैज्ञानिकों के मध्य में जब मैं प्रवेश करता हूँ और उनके चरित्र, उनकी तपस्या जब मुझे स्मरण आती है, हे पूज्यपाद आधुनिक काल का जो कार्य कर रहा वर्तमान में यह उससे निम्न प्रतीत होता है। उसके वाममार्ग की आभा में मुझे प्रतीत होता है यह समाज। जब मैं अतीत के काल में प्रवेश करता हूँ तो मेरा हृदय यह कहता है कि चरित्र का वर्तमान काल में ह्रास होता जा रहा है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव चरित्र की कुछ चर्चाएं कर रहे थे। आचार और व्यवहार की चर्चाएं कर रहे हैं। आध्यात्मिकवाद की उसमें पुट लाते चले जाते हैं। परन्तु जब मैं आधुनिक जगत्, समाज और राष्ट्र को, दोनों को दृष्टिपात करता हूँ तो मुझे आश्चर्य होता है। जब मैं धर्म के क्षेत्र में धार्मिक पुरुषों के गृहों में जाता हूँ तो मुझे आश्चर्य होता है। परन्तु

जब विज्ञान के क्षेत्र में पहुंचते हैं उनके आहार और व्यवहार पर हम दृष्टिपात करते हैं, उनका आन्तरिक जीवन में कुछ और बाहरीय जीवन कुछ बना हुआ है। इनका आहार और व्यवहार महान् दूषित हो रहाह ै। इसीलिए आधुनिक काल का जो विज्ञान है, एक एक वस्तु को यह विचारता रहता है। उसका जीवन समाप्त होता चला गया। द्वितीय वैज्ञानिक उसके अनुसन्धान पर लग रहा है, उसने अनुसन्धान में एक धातु पिपाद को आज जाना। परन्तु द्वितीय काल आता है उसी धातु पिपाद का वह दूसरे रूप में परित कर देता है। ऐसा क्यों हो रहा है? एक वैज्ञानिक भविष्य वाणी कर रहा है। ग्रहों के क्षेत्रों में जा रहा है और वह ग्रह के क्षेत्रों में जा करके भविष्यवाणी कर रहा है।
परन्तु यह भविष्यवाणी उनके अधूरेपन में परणित होती रहती है। वह जो उनका आकार है भविष्य वाला वह भविष्यवाणी उनके नियन्त्रण में नहीं रह पाती। क्योंकि आभामयी जो जीवन की धाराएं हैं अथवा जो नक्षत्रों से धराओं का जन्म होता है, सूर्य की किरणों एक लोक में पहुंची। उस लोक में उस किरण के प्रभाव से उसका कोई विभाग जा करके द्वितीय मण्डल में जा गिरा। मण्डल में जब प्रवेश हुआ तो वह मण्डल अकृत बन गया। अपनी गति से मण्डल गतियां कर रहे हैं। अपनी रेखा में, एक सूत्र में गतियां कर रहे हैं और वह गतियां करते करते एक ही रूप धारण कर लेते हैं। परन्तु उस समय प्रकृति का, पृथ्वी का, प्रकृति के गर्भ में जितने मण्डल हैं चाहे वह यह पृथ्वी मण्डल हो, चाहे वह चन्द्रमा हो, चाहे वह मंगल हो, बुद्ध हो, शुक्र हो परन्तु कोई भी लोक लोकान्तर हों, किन्हीं लोकों के जीवन ध्वस्त हो जाते हैं और किन्हीं के जीवन ऊर्ध्वा में चले जाते हैं। कहीं नक्षत्रों का प्रभाव महानता में होता है, कहीं विनाशता में होता है। तो यह जो वैज्ञानिकों की धाराएं हैं, परम्परागतों से वैज्ञानिक होते चले आए हैं सृष्टि के प्रारम्भ से अनगणित वैज्ञानिक हुए हैं जिनको हम गणना में नहीं ला सकते। इतने विशाल विशाल वैज्ञानिक हुए हैं जो विज्ञान के रूपों में परणित थे।
आज का यह विज्ञान, वाणी में अधूरापन क्यों हो रहा है? क्योंकि वैज्ञानिकों का आधुनिक काल में जो परमाणुवाद कहता है जो उनकी विचारधारा कहती है उसके अनुसार उनका आहार और व्यवहार नहीं रहा और उनके अनुसार आहार और व्यवहार न रहने पर वह

आूरे ही दृष्टिपात आते हैं उनमें संकीर्णता दृष्टिपात आती है। परन्तु उनका बाह्रीय जीवन कुछ बना हुआ है और आन्तरिक जो जीवन है वह कुछ कह रहा है। एक परमाणुवादी विज्ञानवेत्ता यह कहता है कि गो घृत में, गो दुग्ध में वह शक्ति, वह परमाणु विद्यमान हैं जिससे मानव अपने में प्रकाशित बनता है। परन्तु उसका आहार और व्यवहार करने से, अन्नाद को पान करने से, विशेष रूप से हिंसा नहीं होती। वह अहिंसा परमोधर्मी आहार को न करने से वैज्ञानिकता में संकीर्णता अधूरापन आता जा रहा है। इसके मूल में क्या है? आहार और व्यवहार जो उनका विज्ञान कहता है, खनिज पदार्थों को जान करके जो उन्हें प्रेरणाएं प्राप्त होती हैं उसके अनुसार उनका आहार, व्यवहार और क्रिया कलाप न रहने से मानव की आभा समाप्त होती जा रही है।

उसी के मूल में है कि वैज्ञानिक जब अपने कथनानुसार जीवन को नहीं बनाते तो परिणाम यह होता है कि राष्ट्र में दूषितपान आ जाता है, राष्ट्र में दूषितपन आ करके और धर्म और रूढ़ियों में राष्ट्र परणित हो करके अग्नि के मुख में परणित हो जाता है। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रकट कराया था कि आधुनिक वर्तमान का जो काल चल रहा है, प्रातःकालीन और सायंकाल को सूर्य के उदय होने और सूर्य के अस्त होने के पश्चात्, सूर्य के उदय होने से पूर्व एक लालिमा अन्तरिक्ष में अपना प्रकाश दे रही है। परन्तु वह जो लालिमा भ्रमण कर रही है उसके मूल में है समाज की विचारधारा। समाज की विचारधाराओं से वायुमण्डल तो बनता ही है यह तो सार्वभौम एक सिद्धान्त है। परन्तु वह जो लालिमा आ रही है उसमें एक बुद्ध और मंगल रोहिणी और वशिष्ठ, अरूणधती, सोमभूमिका, स्वेणके तु, स्वाति और पुष्प, अचंग, स्वातिधेन यह जो नक्षत्र है यह एक सीमा में आ रहे हैं।

परन्तु यह जो सीमा में आ रहे हैं वर्तमान काल के वैज्ञानिकों ने इसके ऊपर अनुसन्धान भी हो रहा है। अनुसन्धानवेत्ता अनुसन्धान भी कर रहे हैं।

परन्तु नक्षत्रों की एक आभा बन गई है, वह लालिमा मैंने पूर्वकाल में पूज्यपाद कगुरुदेव को वर्णन कराया था कि अनावृष्टि और अति वृष्टि के रूप में परणित होने वाला यह वायुमण्डल है। परन्तु इन लोकों का प्रभाव मंगल पर विशेषकर उसमें धारा परणित हो

रही है। मंगल मण्डल का जो समाज है यहाँ का प्राणीमात्र जीवन भी अस्वस्थता में परणित हो रहा है। परन्तु इस पृथ्वी मण्डल का जो प्राणी है यह भी त्राहि त्राहि कर रहा है कि इस आधुनिक पृथ्वी मण्डल पर त्राहि का तो एक कारण है कि विज्ञान का दुरूपयोग होता जा रहा है। प्रत्येक प्राणी उस विज्ञान के दुरूपयोग को अपने में ग्रहण कर रहा है अपने में ग्रहण करता करता इसकी आवश्यकताएं बलवती हो गई हैं। यह अपने आहार और व्यवहार की पूर्ति करने के लिए भी यह जगत् उसे असम्भव सा दृष्टिपात आ रहा है। आज मैं यह कहूँ किसी प्राणी से आधुनिक काल इतना परतन्त्र बन गया अपनी इन्द्रियों का किसी प्राणी से मैं यह कहूँ कि हे मानव तू सुरापान न ! करे, तू दूसरे के रक्त को पान न कर तो वह कहता है कि यह प्राचीन वार्त्ताएं हैं। आधुनिक काल में ऐसा कहाँ होता है? परन्तु जब यह उच्चारण करते हैं तो मेरा हृदय यह कहता है कि इस मानव का, पाप का उदय हो रहा है।

अब क्योंकि वह मानव पुण्य के उदय को नहीं चाहता है, उसके अन्तःकरण में वह जो पापस्थली बन गई है उसमें वह इतना ग्राही बन गया है कि वह अपनी त्रृटियों को त्यागना नहीं चाहता। इसके मूल में यह है कि वह यह विचारता रहता है कि मैं ऐसा क्यों करूं कि मुझे यह बाहरीय जगत क्या कहेगा? परन्तु हे भोले मानव जब तू ! अपनी मानवीयता को ऊँचा बना लेगा, तू अपनी अन्तरात्मा से विचार। यह अन्तरात्मा क्या कहेगी? या बाहरीय जगत् को विचार रहा है। बाहरीय जगत् को विचारने से पूर्व तू अपनी अन्तरात्मा से जो प्रेरणा आ रही है, अन्तरात्मा जो तुझे यह कहता है, हे मानव तू ऐसा कर्म न कर। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से ! यह कहा था कि अपनी अन्तरात्मा से मानव को अपने अन्तः हृदय में प्रवेश करता हुआ अपनी बाहरीय प्रवृत्तियों को आन्तरिक जगत् में ले जाता है तो उससे यह प्रतीत होता हैकि मेरा अन्तरात्मा मुझे धिक्कार रहा है। जब मानव का अन्तरात्मा उसे धिक्कारता है शान्त मुद्रा होने पर हे भोले तू अपनी अन्तरात्मा की आवाज को स्वीकार कर। ! वही तेरा मित्र है। वही शरीर में भात रहा है क्योंकि बाहरीय जगत् के प्रभाव में विशेष

आने के पश्चात् तू अपनी त्रुटियों को नहीं विचार रहा है।

आज मैं जहाँ अपनी वार्त्ता प्रकट कर रहा हूँ वहाँ यह कि हे यज्ञमान तेरे जीवन का ! सौभाग्य अखण्ड बना रहे। मैं प्रभु अनुपम से यह प्रार्थना करता रहता हूँ कि गृहों तेरे जीवन का ज !में शान्ति की स्थापना होनी चाहिए जिससे हे यज्ञमानो सौभाग्य है वह अखण्ड बना रहे क्योंकि याज्ञिक पुरुष ही संसार में अपने जीवन को ऊचा बना सकते हैं। अपने चरित्र की धाराओं से आहार और व्यवहार को ऊचा बनाने से गृह शान्तिदायक बन करके महानता को प्राप्त हो जाए और कामनाओं की पूर्ति हो जाए। यह मेरी सदैव कामना रहती है। कामना के साथ मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ, मैं वैज्ञानिकों के मध्य में हूँ, कहीं शिक्षालयों के मध्य में हूँ कहीं विद्यालयों की आभाओं में गति कर रहा हूँ। परन्तु यह पृथ्वी मण्डल का प्राणी यह इतनी दूषित आभा में गति कर रहा है, विज्ञान के दुरूपयोग होने के कारण कि यह मानव रक्तभरी क्रान्ति में परणित होना चाहता है। प्रत्येक मानव के हृदय में एक विचार धारा बन गई है कि प्राणी प्राणी को अपने श्वास के साथ भक्षण करना चाहता है। यह क्यों करना चाहता है? क्योंकि विज्ञान का जो दुरूपयोग हो रहा है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने बहुत पुरातन काल में वैज्ञानिकों की चर्चाएं कीं और आधुनिक जगत् के वैज्ञानिक की मान्यता तो यह है। उनकी विचारधारा मैंने अभी प्रकट कराई है कि परमाणुवाद उनका कुछ कह रहा है, विज्ञान की जो धाराएं हैं वह कुछ उच्चारण कर रही हैं। उसके विपरीत कार्य हो रहा है। परन्तु जब वैज्ञानिक अपनी विचारधारा के अनुसार उसके विपरीत आचार और व्यवहार को बना लेंगे तो विज्ञान का दुरूपयोग निश्चित हो जाएगा। परन्तु मेरे पूज्यपाद गुरुदेव, देखो, अतीत के जितने भी वैज्ञानिक हुए हैं उनकी कुछ चर्चाएं किया करते हैं महर्षि भारद्वाज का जीवन और यहाँ भगवान राम का जीवन, भगवान कृष्ण का जीवन और भी नाना ऋषि मुनियों का जीवन कितना निर्भय था, जैसे महर्षि याज्ञवलक्य मुनि महाराज वैज्ञानिक थे। महर्षि याज्ञवलक्य मुनि महाराज अपनी विज्ञानशाला में यन्त्रों से इस आकाश गंगा के सूर्यों की गणना करते रहते थे, निहारते रहते थे। अन्तः में वह मौन हो जाते थे और तपस्या करते थे। समाधि में मुनिवरों उस महान् विज्ञान को !

दृष्टिपात करते थे।

आधुनिक काल का जो वैज्ञानिक है वह ऐसा है कि एक तरंग को उसने जाना है, द्वितीय तरंग प्रतीत हो गई है, तृतीय तरंग प्रतीत हो गई है उसी में उसका प्राणान्त हो जाता है। परन्तु उसे समाधिष्ट होने का अपनी अन्तरात्मा से या मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार को एक सूत्र में ला करके जब वह वैज्ञानिक तत्त्वों का अनुभव करता है तो वह विज्ञान उन ऋषि मुनियों का सफल हो जाता है। आज में जब यह विचारता हूँ कि आधुनिक जगत् का जो वैज्ञानिक है एक अणु को, एक परमाणु को जानता हुआ, उसमें कितनी धाराओं का जन्म होता है इसमें वह शान्त हो जाता है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव आधुनिक जगत् में कुछ वैज्ञानिकों का ऐसा विश्लेषण चल रहा है। ऐसी उनकी विचारधारा है कि एक अणु, एक परमाणु को हम विभाजन करना चाहते हैं। उसने विभाजन किया तो उसने अधूरेपन की तरंगों को जाना है। परन्तु मेरे पूज्यपाद गुरुदेव जब भूतकाल की ! वार्त्ताओं, अतीत के काल के ऋषियों की जैसा भारद्वाज मुनि के यहाँ ब्रह्मचारिणी सवरी, ब्रह्मचारी सुके ता, ब्रह्मचारी कवन्धि, भगवान राम महाराज कुम्भकरण, स्वाति अश्वेत नाना ऋषिवर एकान्त स्थली पर विद्यमान हो करके उन्होंने एक परमाणु का जब विभाजन किया, वह विभक्त हुआ तो जितना यह ब्रह्माण्ड है यन्त्रों से उस एक ही परमाणु के विभाजन करने से सर्वत्र ब्रह्माण्ड का चित्रण उसी एक परमाणु में दृष्टिपात आने लगा तो ऋषियों ने यह कहा, उस काल में भारद्वाज इत्यादि ऋषियों ने कि इससे यह सिद्ध होता है जैसे हम पिण्ड और ब्रह्माण्ड की कल्पना करते हैं और यह कहते हैं कि पिण्ड है तो ब्रह्माण्ड है, परन्तु यहाँ तो एक एक परमाणु सृष्टि की गाथा गा रहा है और सृष्टि का वर्णन कर रहा है। ब्रह्माण्ड का चित्रण उसमें विद्यमान है। एक एक परमाणु में ब्रह्माण्ड का चित्रण होता रहता है। परन्तु जब वैज्ञानिक इस वाक्य को विचारने लगते हैं तो प्रायः ऐसा सिद्ध होता है कि भारद्वाज मुनि महाराज के द्वारा एक कामधेनु गऊ थी। उस कामधेनु गऊ का दुग्ध का आहार करते थे। परन्तु कुछ अन्नाद को पान करते थे और वह अन्नाद एकत्रित करते रहते थे। अन्नाद जिस पर किसी का अधिकार न हो, उस अन्न को खरड़ बना करके उसका दुग्ध बना करके और गऊ के दुग्ध में उसको

मिश्रा करके, मुझे पूज्यपाद गुरुदेव ने भी यह वर्णन कराया था एक सौ एक वर्ष तक भारद्वाज मुनि ने इस आहार को पान किया और वह के से वैज्ञानिक थे? यह मेरे पूज्यपाद गुरुदेव उनका परिचय देते रहते थे। इस प्रकार का आहार और व्यवहार जब प्राणी का बन जाता है, ब्रह्मवर्चोसि बन जाता है तो वह मानव अपने विज्ञान में सफलता को प्राप्त करता है।

आधुनिक काल का जो वैज्ञानिक है, एक घोषणा कुछ ही काल हुआ है पूज्यपाद गुरुदेव को मैंने वर्णन कराया था एक सूर्य ग्रहण हुआ। सूर्य के आँगन में चन्द्रमा और पृथ्वी एक ही सूत्र में, एक ही धारा में वह परणित हो गए तो सूर्य ग्रहण की उत्पत्ति बनी। परन्तु वैज्ञानिकों ने घोषणा की, संसार के प्राणियो !तुम नेत्रहीन हो जाओगे, तुम्हारी मृत्यु आ जाएगी। तुम्हारी मृत्यु आ जाएगी। परन्तु उन वैज्ञानिकों को यह नहीं दृष्टिपात आता कि जिस प्रभु ने संसार की रचना की है उसी की धारा में वह जो आयतन है, ब्रह्माण्ड वह एक रेखा में आ रहे हैं जिससे तुम भविष्यवाणी क्या कर रहे हो? परन्तु उनमें अधूरापन दृष्टिपात आता है। इसके मूल में यह हैकि उनके द्वारा तपस्या नहीं है, आत्मज्ञान नहीं है। आत्म तपस्या न होने के कारण वह तरंगों में अधूरेपन को प्राप्त हो रहे हैं। आज का मानव आधुनिक जगत् का जो विज्ञान है वह नाना प्रकार के अणु और परमाणुओं को एकत्रित कर रहा है। उनको एकत्रित करता हुआ, एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को निगलना चाहता है। प्रजा में अशान्ति आ गई है। मैंने पूज्यपाद गुरुदेव से बहुत पुरातन काल में जब यह प्रश्न किया तो पूज्यपाद गुरुदेव ने कहा कि यह संसार रक्तमयी क्रान्ति वाला है। इसके मूल में क्या है? कि राजा श्रेष्ठ न होने के कारण, राष्ट्र पवित्र न होने के कारण, राष्ट्र को ब्रह्मज्ञान न होने के कारण, राष्ट्र में तपस्या की हीनता के कारण, मानव सम्प्रदायों की अग्नियों में परणित होता जा रहा है। वह जो नाना प्रकार के सम्प्रदाय हैं वह राष्ट्र के घात में लगे हुए हैं कि राष्ट्र को हमारी सम्प्रदाय का अधिकार हो जाए। इसके मूल में क्या है? कि राष्ट्र तपस्वी और ब्रह्मज्ञानी न होने के कारण ऐसा प्रायः हो रहा है। जब मैं यह विचारता हूँ पूर्वकाल के वैज्ञानिकों की और पूर्वकाल के धिराओं की चर्चाएं, राजा के राष्ट्र में एक धारा बन हुई है कि ब्रह्मज्ञान होना चाहिए।

ब्रह्मज्ञान में मानव के लिए लाभप्रद जो भी क्रिया कलाप है वह राजा के राष्ट्र में होने चाहिए। राजा के राष्ट्र में जो नाना प्रकार की रूढ़ियां हैं यह राष्ट्र को निर्जीव बनाती चली जा रही हैं इसके मूल में मैं आज के राजाओं की चर्चा करता रहता हूँ। राजा का कर्त्तव्य है कि राष्ट्र में एक ही विचारधारा वाले प्राणी होने चाहिए। एक ही उनका वैदिक प्रकाश और ज्ञान वाला विचार रहना चाहिए। प्रत्येक मानव आज राष्ट्रों में धर्म के ऊपर प्राणी प्राणी के रक्त का पिपासी बन रहा है। क्या उसको धर्म कह सकते हैं? धर्म वह कहलाता है जहाँ एक मानव दूसरे मानव से स्नेह और इन्द्रियों से सुदृष्टि पान करने वाला प्राणी हो। परन्तु जब मैं इन वाक्यों पर जाता हूँ तो इससे मुझे प्रतीत होता है कि राजा को विचित्र बन करके तपस्या करनी चाहिए। वनों में तपस्या करने के पश्चात् तपस्वियों का राष्ट्र होता है। जब मानव अपने धर्म का चिन्तन कर लेता है, मानवीय धर्म क्या है? कोई मानवीय धर्म कहता है कि द्वितीय राष्ट्रों से आ रहा है, कोई मानव आकाश मण्डल से कह रहा है। हे मानव यह जो धर्म है यह मानव की प्रत्येक इन्द्रियों ! में समाहित हो रहा है। इन्द्रियों में जैसे नेत्रों का धर्म है, सुदृष्टिपात करना, कुदृष्टिपात नहीं। देखो, शब्द आ रहा है, शुद्ध और पवित्र शब्द है, सत्यवादी शब्द हैं, वह श्रोत्रों में आ रहा है। मानव उस शब्द को ग्रहण करने वाला हो। वही श्रोत्रों का धर्म कहलाता है। वाणी उद्गार प्रकट कर रही है। वाणी जब तक सत्य उच्चारण कर रही है। अपने प्रभु का गान गा रही है तब तक मानव प्रसन्न रहता है। परन्तु जब मानव प्रकृति के क्षेत्र में आ करके दुष्टवाणी का प्रतिपादन होने लगता है मानव उससे ऊब जाता है, दूरी चला जाता है। इसी प्रकार त्वचा मं जब तक प्रीति और प्रेम रहता है तब तक मानव प्रियता में रहता है। जब अप्रिय आगमन होने लगता है तब मानव उससे दूरी हो जाता है तो हे मानवतेरी तो इन्द्रियों में धर्म है। उस धर्म को कौन विचारता है !, राजा विचारहात है। राजा ब्रह्मवेत्ता होना चाहिए। ब्रह्मनिष्ठ होना चाहिए। ब्रह्म का चिन्तन करने वाला जब तक राजा नहीं होगा, प्रजा महान् नहीं बनेगी क्योंकि प्रजा में एक उज्ज्वल कार्य रहना चाहिए।

मुझे स्मरण आता रहता है, पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे कई काल में वर्णन कराया, भगवान

राम अपनी अयोध्या में विद्यमान हैं। विष्णु राष्ट्र की स्थापना करना चाहते हैं। विष्णु राजा कहलाता है। परन्तु विष्णु नाम परमपिता परमात्मा का भी है। वह अपने राष्ट्र के कर्मचारियों से, राष्ट्र के नायकां से कहते हैं कि तुम्हारे प्रत्येक गृह में मानव एक दूसरे का ऋणी नहीं रहना चाहिए। यह जब घोषणा राजा के राष्ट्र में होती है कि एक दूसरे का ऋणी नहीं रहना चाहिए। वह ऋणी कौन है? जो प्रभु का चिन्तन नहीं करता वह प्रभु का ऋणी है। जो माता पिता की सेवा नहीं करता वह माता पिता का ऋणी है। समाज में अच्छाइयों को उत्पन्न नहीं करता वह समाज का ऋणी है। जो राष्ट्र के ऊचे विचारों को स्वीकार नहीं करता वह राजा राष्ट्र का ऋणी होता है।

इस प्रकार के ऋणों की उन्होंने गणना कराई और कहा कि राष्ट्र में कोई ऋणी नहीं रहना चाहिए। राजा के राष्ट्र में यह घोषणा हो गई प्रत्येक गृह में ऊचे विचारों के साथ गृहआश्रम में गृहपथ्य नाम की अग्नि की पूजा होनी चाहिए। गृहपथ्य नाम की अग्नि की पूजा क्या है? गृह में माता पिता उस क्रिया कलाप को करें, उस उद्देश्य को प्रातःकाल बाल्यों को प्रदान करें जिससे बालक के हृदय में एक महानता की तरंगें आ जाएं और वह उदण्ड न बने। वह विद्यालय में जाए तो ब्रह्मचारी सुगन्धियुक्त बना रहे। राष्ट्र में जाए तो राष्ट्र भी सुगन्धियुक्त रहे। इसी प्रकार एक दूसरा तब ऋणी नहीं रहेगा। प्रातःकालीन बना रहे। राष्ट्र में जाए तो राष्ट्र भी सुगन्धियुक्त रहे। इसी प्रकार एक दूसरा तब ऋणी नहीं रहेगा। प्रातःकालीन प्रत्येक गृह में सुगन्धि आती है, प्रत्येक गृह में याग होते हैं, वेदों की ध्वनियां आती रहती हैं, उस राजा का राष्ट्र, जब यह घोषित किया जाता है कि मेरे राष्ट्र में कोई भी दूषित प्राणी नहीं है तो वह विष्णु राष्ट्र कहलाता है। देखो, ! क्षत्रिय अपना क्रिया कलाप विशुद्ध रूप से कर रहे हैं।

परन्तु जब मैं आधुनिक काल के समाज में प्रवेश करता हूँ जब मैं क्षत्रियों के क्षेत्र में जाता हूँ वहाँ भी जातिवाद प्रतीत हो रहा है, वहाँ भी सम्प्रदायवाद प्रतीत हो रहा है। राजाओं की गोष्ठियों में, राष्ट्र के नायक हैं वहाँ भी सम्प्रदायों का प्रसार हो रहा है परन्तु प्रभु का चिन्तन वहाँ नहीं होता। वहाँ के वल ऋणी क्या? वह स्वयं ऋणी बने हुए हैं। जो ऋणी बने हुए हैं वह क्या कलपना कर सकते हैं कि ऋण से उऋण होना है? मुझे

स्मरण है यहाँ राजा प्रातःकालीन याग कर रहे हैं (शब्द ध्वनि से), ब्रह्म का चिन्तन कर रहे हैं। उसी प्रकार उनका समाज उसी क्रिया कलाप को करके राष्ट्र को पवित्र बना रहा है। अहा आधुनिक जगत् जहाँ एक दूसरा मानव यह घोषणा कर रहा है कि ! एकता के सूत्र में रहो, सम्प्रदाय को त्याग दो परन्तु जब वह एकान्त में विद्यमान होते , हैं वह कहते हैं कि जब तक समाज के विचारों में भिन्नता नहीं आएगी, हम राष्ट्र पर पालन कैसे कर सकते हैं? हम इस स्थली को के से प्राप्त कर सकते हैं? यह उसी काल में प्राप्त होगी जब मानव के विचारों को एक सूत्र में लाना था वहाँ उसका विभाजन हो रहा है। जहाँ ब्रह्मज्ञान लाना था वहाँ विभक्त होने की चर्चाएं आ रही हैं। अरे, भोले प्राणियों यह राष्ट्र कैसे ऊचा बनेगा? मैंने जब अपने पूज्यपाद से यह प्रश्न किया था कि महाराजराष्ट्र के सा होना चाहिए !? तो पूज्यपाद गुरुदेव ने कहा था कि विष्णु राष्ट्र होना चाहिए। विष्णु राष्ट्र के सा होता है। राजा के राष्ट्र में चार नियमावली होनी चाहिए और चार नियमावली क्या कि राजा ही विष्णु है और उसकी चार भुजाएं हैं। सबसे प्रथम उसकी गदा है और क्षत्रिय पवित्र हैं। अपने बल से युक्त हैं और द्वितीय में पदम् हैं, चरित्र ऊचा होना चाहिए। चरित्र कहते किसे हैं? चरित्र कहते हैं जो अन्तरात्मा से प्रेरणा प्राप्त होती है।

उसको स्वीकार करना और दुष्ट भावना को समाप्त करने का नाम चरित्र कहलाता है। अन्तरात्मा जिसे मानव का दर्शा रहा है, अरे, मानव तू दूसरों का चरित्र हनन करना ! चाहता है। तू दूसरों का रक्तपान कर रहा है। तुझे कितने जन्म प्राप्त होंगे? ऐसा भी कल्पना करता है। यह तुझे भोगना भी है यह भी कल्पना कर। अन्तरात्मा से प्रेरणा प्राप्त हो रही हैं परन्तु वह जो स्वार्थ है, सम्प्रदायवाद है, विचारधारा है, जातीयता है, उसके आँगन में आ करके अपनी अन्तरात्मा की वार्त्ता को शान्त कर देता है और वह अपने स्वार्थ की आभा में परणित हो जाता है। जहाँ मानव को ब्रह्मवेत्ता बनना था, ब्रह्म की चर्चा करनी थी, मन को सुसज्जित बनाना था, राष्ट्र को ऊचे स्तर पर ले जाना था वहाँ निम्न बन गया है। अपनी आत्मा के विचारों में हीन बन गया है। वह बाहरीय समाज को क्या ऊर्ध्वा में पहुंचा सके गा। परन्तु जब ऐसा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने वर्णन कराया

कि तृतीय में चक्र होना चाहिए। एक संस्कृति होनी चाहिए। एक ही संस्कृति एक ही विचारधारा जब मानव के समीप होती है तो राष्ट्र पवित्र बन जाता है। राष्ट्र में संग्राम नहीं होते। राष्ट्र में रक्तभरी क्रान्तियां नहीं आती। रक्तभरी क्रान्तियां उस काल में आती हैं जब मानव के विचारों का विभाजन हो जाता है।

उसके पश्चात् पूज्यपाद गुरुदेव कहते थे शंख ध्वनि होनी चाहिए। शंख ध्वनि उसे कहते हैं रेचक ध्वनि होनी चाहिए, ज्ञानी पुरुष होने चाहिए, विवेकी पुरुष होने चाहिए और पुरोहितों के द्वारा राष्ट्र का निर्माण होना चाहिए। राष्ट्र का जो निर्माण है वह जब राजा का निर्माण अपठित समाज करेगा, वह राष्ट्र कदापि भी ऊचा नहीं बन सकता। किसी भी काल में नहीं बनेगा। परन्तु राष्ट्र के राजा का निर्माण बुद्धिमान और विवेकी पुरुषों के द्वारा होना चाहिए।

विवेकी पुरुषों के द्वारा राष्ट्र का निर्माण होगा वह राजा महान बनेगा, कर्त्तव्यवादी बनेगा और ब्रह्मवेत्ता होगा। समाज उससे प्रभावित हो करके अपने कर्त्तव्य का पालन करेगा। जब अपठित समाज के द्वारा राष्ट्र का निर्माण होता है तो वह आधुनिक जगत् में इसी प्रकार अपठित समाज के द्वारा राष्ट्र का निर्माण हो रहा है और वह राजा के से बनते हैं? यह मैं नहीं उच्चारण कर सकता प्रभु आपके समीप। परन्तु मैं इतना उच्चारण कर ! रहा हूँ कि यह संसार चरित्रवानों से ऊचा बनना चाहिए और चरित्रवान वह होता है जिसे अपनी इन्द्रियों पर अनुशासन होता है। जो अपने शरीर रूपी राष्ट्र के ऊपर नियन्त्रण कर जाते हैं वह राष्ट्र को नियन्त्रित कर लेते हैं और जो राष्ट्र को नियन्त्रित कर लेते हैं वह ब्रह्म विद्या पर अपना अधिपथ्य करते हैं और जो ब्रह्म विद्या को पान कर लेते हैं वह विवेकी होते हैं। वह दूसरे के श्रृङ्गार को, वह दूसरे के द्रव्य को अपने में संग्रह करने को तत्पर नहीं होते। वह उदार बन करके, पवित्र बन करके इस संसार सागर से ऊचा कर्म करते हुए इससे पार हो जाते हैं।

तो हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेवआज का यह काल क्या कह रहा है !? मैं उच्चारण कर रहा था वैज्ञानिकों की सभाओं में जब मैं प्रवेश करता हूँ तो वहाँ भी अधूरापन, विद्यालयों में जब प्रवेश करता हूँ जहाँ चरित्रों का निर्माण होता है, जहाँ छात्रबल को दीक्षा दी जाती

क्योंकि आधुनिक काल की जो शिक्षा प्रणाली है वह केवल उदर पूर्ति तक सीमाबन हो करके रह गई है। हे ब्राह्मणातू उद !र की पूर्ति नहीं, मानो तू अपने हृदय से संसार को कुछ देता चल जिससे यह जिससे यह समाज तेरी वाणी से पवित्र बन जाए और विद्या को चरित्र का एक क्षेत्र बनाओ, देखो, विद्या को केवल उदर का क्षेत्र न बनाओ। यह राष्ट्र तो चलता ही रहेगा। परन्तु मानो अपने कर्त्तव्य का पालन भी करना चाहिए। यह है आज का हमारा वाक्। अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊगा।

पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे मेरे पुत्र के हृदय में एक राष्ट्रीय विडम्बना रहती !ऋषिवर ! इस प्रकार की ,है। वह जो राष्ट्रीय विडम्बना है न प्रतीत वह क्यों है? परन्तु जैसा इनका विचार पुरातन काल का इन्होंने आधुनिक काल से उसका समन्वय किया है, परन्तु बहुत प्रिय है। जैसा महानन्द जी ने कहा है यज्ञमान का जीवन महान और पवित्र बना रहे। सौभाग्य अखण्ड बना रहे। मेरी भी सदैव यह कामना रहती है हमारी क्या शुभ कर्म करने वाला, द्रव्य का सदुपयोग करने वाला, देवताओं को हवि देने वाला, ब्राह्मण समाज वेद के पठन पाठन उस पुरातन ज्ञान और विज्ञान जो एक रस होता चला आया है सृष्टि के प्रारम्भ से वर्तमान के काल तक वेद की पवित्र विद्या मानो एक रसता में गति करती रही है और वह गतियाँ देखो, मानव के हृदय में, मानव की इन्द्रियों में, मानव की प्रतिभा बन करके मानव के जीवन को ऊँचा बनाती रही हैं। मानो देखो, जब एक वेद के पठन पाठन करने वाला यदि एक विवेकी हो जाए तो राष्ट्र का, समाज का सौभाग्य हो जाता है और माता का सौभाग्य है। परन्तु वही बुद्धिमान बन करके, वैज्ञानिक बन जाता है। विज्ञान की तरंगों में तरंगित हो जाता है। विज्ञान की तरंगों को जहाँ अधूरेपन में नहीं पूर्ण रूपेण हो करके उसके ऊपर अनुसन्धान करता है, उसके पश्चात् एक पण्डित, विवेकी बन करके जैसे अग्नि प्रदीप्त हो रही है। अग्नि अपनी आभा में गति कर रही है। इसी प्रकार मानो देखो, एक सन्यसतव को प्राप्त हो करके अपने अग्निमय हृदय को बना करके जब वह गति करता है तो मानो विवेकी , पुरुष हो करके वह राष्ट्र को ऊँचा बनाता चला जाता है। तो ऐसे पाण्डितव, ऐसी आभा सदैव समाज में होनी चाहिए। मुझे यह संसार बहुत स्मरण आता रहा है। मेरे पुत्र ने

जो अभी अभी वर्णन किया है उसमें कोई मानो देखो, ऐसी एक विडम्बना है, आधुनिक काल का यदि ऐसा स्वरूप है तो यह बड़ा आश्चर्य है। परन्तु देखो, विचार यह है कि हमारा जीवन मानो देखो, एक विद्वता और वैदिकता से गुथा हुआ होना चाहिए। हम में ऐसी स्वतन्त्रता होनी चाहिए जिससे दूषित वातावरण को हम सुगन्धि में परिवर्तित कर सकें। मानो उस सुगन्धि को सुगन्धि मेंसुगन्धि को आभा में परणित करते हुए ,, और विवेक में परणित करते हुए समाज को ऊँचा बनाते रहें।

यह आज का विचार अब हमारा समाप्त होने जा रहा है। विचारों का अभिप्रायः यह कि हमारा जीवन सदैव ऊँचा बने। और उच्चता को प्राप्त होते हुए हम इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करें। मेरे प्यारे महानन्द जी तो सदैव जीवन मुक्त जैसी प्रवृत्तियों ! में रहते हैं। जीवन मुक्त वह प्राणी होता है जो स्वेच्छा से मानो देखो, अन्तरिक्ष में भ्रमण करता है। स्वेच्छा से कहीं वह शरीर भी धारण कर सकता है। पञ्च महाभौतिक तत्त्वों से। यह विज्ञान है, इस विज्ञान के ऊपर मानो तथ्य प्रगट करते रहते हैं। परन्तु देखो, आज हम इन वाक्यों के साथ अपनी विचारधारा को विराम दे रहे हैं। वाक् उच्चारण करने का अभिप्रायः क्या? क्या विवेकी बन करके, याज्ञिक बन करके अपने जीवन को सुगन्धिमय बनाएं। यह आज का वाक् अब समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। निवास स्थान धर्मपाल जी आर्य ग्राम सुआहेड़ी .चौ :, बिजनौर। दिनांक 01 19 1983।

२१ 02 03 1983 पुष्प 42 आधुनिक काल के नाना सम्प्रदाय

जीते रहेदेखो !, मुनिवरोंआज ! हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगणान गाते चले जा रहे थे। यह भी तुम्हें प्रतीत हो गया आज हमने पूर्व से, जिन मनोहर वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसरण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है, क्योंकि वह परमपिता परमात्मा यज्ञमयी स्वरूप माने गए हैं। जितना भी संसार का शुभ कर्म है, आत्मीय कर्म है, चाहे वह भौतिक विज्ञान में ले जाने वाला हो, चाहे वह आध्यात्मिक विज्ञान में से

ले जाने वाला हो, भौतिक विज्ञान और आध्यात्मिक विज्ञान में प्रवेश होने का नाम भी एक प्रकार का याग ही माना है। जितना यह संसार हमें प्रपञ्च रूपों में दृष्टिपात आ रहा है उसके मूल में यह भौतिकवाद है अथवा भौतिक विज्ञान है और वह कितना सूक्ष्म है? वैज्ञानिकजन तो उसकी सीमा को जान ही नहीं पाता। वह इतना सूक्ष्म है। परन्तु जब आध्यात्मिक विज्ञान में भौतिकवाद के मार्ग से हो करके प्रवेश करते हैं तो वहाँ ऋषि मुनियों की कुछ अनुभूतियां होती हैं। प्राण में गति करने वाला यह जो ब्रह्माण्ड है क्योंकि सर्वत्र जगत् एक प्राण का स्वरूप ही दृष्टिपात आ रहा है। प्राण है, गति के रूप में गति हो रही है, गतिवान बन करके परमाणु का आदान और प्रदान करता रहता है। आदान प्रदान करने का नाम ही संसार है।

एक परमाणु है वह आदान प्रदान में गति कर रहा है। वह सर्वत्र विज्ञान की एक पूंजी मानी गई है। जो मानव यह जानना चाहता है कि मैं विज्ञान और भौतिकवाद में प्रवेश होना चाहता हूँ तो आदान प्रदान ही करना है, उसको जानना है। जैसे यजामन अपनी यज्ञशाला में विद्यमान हो करके वह परमाणुओं का आदान प्रदान कर रहा है, वह जो आदान प्रदान हो रहा है वह उसके जीवन की एक महान् पूंजी कहलाती है, उसके जीवन की एक धारा कहलाती है। उस आदान प्रदान में द्रव्य भी आता है, संसार की प्रतिष्ठा भी आती है, संगतिकरण भी उसी में आ जाता है। उसमें सर्वत्र जीवन की आभा विद्यमान रहती है।

आज का हमारा वेदमन्त्र कह रहा था कि यह जो हृदय है यह मानव की अग्निमय ज्योति कहलाई जाती हैं उस ज्योति को जानने के लिए मानव को साधना और योगेश्वर बनने के लिए परिश्रम की आवश्यकता रहती है। आज मैं विशेष विवेचना नहीं करूंगा, क्योंकि मेरे प्यारे महानन्द जी भी कुछ शब्दों की विवेचना करेंगे। आज का हमारा ! अभिप्राय केवल यह है कि जितना भी यह याग कर्म है, यागों की प्रतिभाषिता है वह प्रत्येक प्राणी के हृदय में किन्हीं न किन्हीं रूपों में विद्यमान रहती है। वह सुगन्धि का स्वरूप है। प्रत्येक मानव सुगन्धि में रहना चाहता है कोई प्राणी दुर्गन्ध में रहना नहीं चाहता वह सदैव सुगन्धि में रहना चाहता है। तो जितना भी यह याग कर्म है यह सब

सुगन्धि मानी जाती है। जैसे याग के द्वारा अग्नि में मानव आहुति देता रहता है तो उसी आहुति का सूक्ष्म रूप बन करके अन्तरिक्ष में ओत प्रोत हो जाता है और अन्तरिक्ष में परमाणुओं के आदान प्रदान की चर्चा आ गयी। मेरे पुत्रोइसी प्रका !र वही सुगन्ध को ले जाता हुआ जैसी अग्नि दूरिता को भस्म करती हुई शुद्धता को वायुमण्डल में परणित कर देती है इसी प्रकार मानव के जीवन में भी एक और सुगन्धि होती है जो इससे भी सूक्ष्म है उसका नाम है चरित्र रूपी अग्नि, चरित्र रूपी सुगन्धि।

बेटाऋषि एक आसन पर विद !्यमान है, तप कर रहा है, साधना कर रहा है, विद्या का अध्ययन कर रहा है, ब्रह्मवर्चोसि बन रहा है परन्तु किसी भी उच्चारण करने के लिए नहीं जाता कि मैं सुगन्धिमय याग कर रहा हूँ, वेद का अध्ययन कर रहा हूँ, विद्या का अध्यन कर रहा हूँ। परन्तु उस मानव की धीमी धीमी उसके चरित्र के क्रिया कलाप की जो सुगन्धि है वह मानव के समीप जानी स्वतः ही प्रारम्भ हो जाती है, क्योंकि प्रत्येक मानव के शरीरों में हृदय है और हृदय उन वाक्यों को छूने लगता है, वह जो तरंगें वायु में गति कर रही हैं वह मानव के हृदय में प्रवेश कर जाती हैं। और वह जो तप करने वाला ऋषि है उसके प्रति मानव के हृदय में श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है। उसकी सुगन्धि जब समाज में पहुंची तो राष्ट्र में चली गई। राष्ट्र में उसके द्वारा उसके जीवन की सुगन्धि से उसके क्रिया कलाप रूपी सुगन्धि से राजा भी उसका सत्कार करने लगता है अथवा उसकी नाना प्रकार की शिक्षाओं से राजा अपने को सौभाग्यशाली स्वीकार करता है। उसके कथनानुसार राष्ट्र का नियम बना देता है। राष्ट्रीयता उसमें परणित हो जाती हैं इस प्रकार उसकी सुगन्धि कहाँ से कहाँ चली गई। तो मुनिवरोंजैसे यह सुगन्धि !, यज्ञ सुगन्धि है उसी प्रकार मानव के जीवन में एक और यज्ञ हो रहा है। वह यज्ञ है चरित्र का यज्ञ, साधना का यज्ञ। ब्रह्मचारी अध्ययन कर रहा है। अध्ययन करता हुआ विज्ञान के बहुत से तन्तुओं का जानता है। वह विद्यालय में प्रियता को प्राप्त हो जाता है। विद्यालय में प्रियता उसे प्राप्त हो जाती हैं वह विज्ञान की तरंगों को गणित करता हुआ उसमें सुगन्धित हो जाता है।

ज्ञान और विज्ञान की एक सुगन्धि होती है। एक और याग हो रहा है पुत्रों वह याग !

है आध्यात्मिक याग। तारा मण्डलों को गणित करता हुआ ब्रह्मवर्चोसि बन करके ब्रह्म का और अपना मिलान करना चाहता है। ब्रह्महे यह निष्ठा हो जाती है और उसके पश्चात् वह अपने को उससे मिलान कराना चाहता है। वह साधना कर रहा है। एकान्त स्थली में विद्यमान हो करके वह प्रभु से वार्त्ता कर रहा है और कह रहा है हे प्रभु मैं ! तेरे समीप आना चाहता हूँ। तेरा यह ब्रह्माण्ड अनणतवत है। जैसे यह तेरा ब्रह्माण्ड अनन्त है, ऐसे ही मैं तेरी अनन्तमयी ज्योति में प्रवेश करना चाहता हूँ। मेरे पुत्रो वह ! मानव साधक बन करके प्रभु से मिलान करना चाहता है। इस संसार में प्रत्येक परमाणु में प्रभु को दृष्टिपात करने लगता है। जब प्रभु को जलसमूह में दृष्टिपात कर लेता है उसका काम, क्रोध, लोभ, मोह द्वेष जातीय नाना प्रकार के विकार मानव के हृदय में समाप्त हो जाते हैं और वह प्रभु की गोद में जाना चाहता है। वह आध्यात्मिक याग हो रहा है, आध्यात्मिक सुगन्ध आ रही है। आत्मा उससे बलिष्ठ हो रहा है। जहाँ जाता है उसका पूजन हो रहा है। समाज में जाता है, उसको पूज्य दृष्टि से समाज दृष्टिपात करने लगता है। प्रभु की आभा में रमण करता हुआ वह अपने को महान् और पवित्र बनाना चाहता है। तो आज का यह विचार अब मैं समाप्त कर रहा हूँ। मेरे प्यारे ! महानन्द जी अपने दो शब्दों की विवेचना करेंगे।

महानन्द जी का प्रवचन

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मेरे पूज्यपाद गुरुदव अभी अभी कुछ !मेर भद्र ऋषि मण्डल ! अमृत बिखेर रहे थे। क्योंक अमृत बिखेरना ही मानव का मौलिक सिद्धान्त कहलाता है। परम्परागतों से ही, यह मौलिक सिद्धान्त है जिस आभा में मानव अपना वास करना चाहता है, उसी का वह सिद्धान्त बन जाता है। परन्तु जो ईश्वरीय और महान् सिद्धान्त हमारी जहाँ यह आकाशवाणी जा रही है वहाँ एक यज्ञोषि पठन पाठन का काम व्याप्तता में वह सम्पन्नता को गया। मेरा हृदय सदैव प्रसन्न रहता है और जब यागों के कर्म, उनके क्रियाकलाप, उनका विज्ञान स्मरण आता है तो हृदय प्रायः और भी गद् गद् हो जाता है। मेरा अन्तर्हृदय यह कहता है जिन गृहों में यागों का चलन होता है वह गृह सदैव सौभाग्यशाली होते हैं। क्योंकि द्रव्य का सदुपयोग होना ही द्रव्य की पूजा कहलाती

है। मैं, उन यज्ञमान को जिसके यहाँ सुन्दर आपनाम सुसज्जित प्रबहे हे यज्ञमान तेरा ! सौभाग्य है, तेरे यहाँ द्रव्य का सदुपयोग हो रहा है। द्रव्य का सदुपयोग होना ही द्रव्य की पूजा है। द्रव्य को देवताओं और यागों में परणित करने का नाम ही उसकी सुदपयोगिता है। प्रत्येक मानव के हृदय में यह आशंका बनी रहती है यागम् ब्रहे अस्तोः कि याग में क्या है? हमारे यहाँ शुभ कर्मों का नाम तो याग माना ही है। परन्तु जब यज्ञमान अग्नि के समीप विद्यमान हो करके याग करता है तो प्रसन्नता और सम्पन्नता दोनें उसके हृदय में परणित रहती हैं। परन्तु वह कहाँ प्रदान कर रहा है? यह उसे कोई प्रतीत नहीं होता।

आज मैं इसके सूक्ष्म से विज्ञान की चर्चा करूंगा। यह जो नाना प्रकार के द्रव्य पदार्थ घृत इत्यादि साकल्य बना करके अग्नि में प्रवेश करते हैं। अग्नि इनका विभाजन कर देती हैं क्योंकि अग्नि में यह गुण होते हैं कि अग्नि प्रत्येक वस्तु का विभाजन कर देती हैं यह अग्नि नाना प्रकार की हैं यही अग्नि है जो यज्ञशाला में विद्यमान हो करके यज्ञमान के विचार, हेताजनों के विचार, जन समूह के विचार अग्नि की धाराओं पर विद्यमान हो करके साकल्य के द्वारा उन शब्दों का और पदार्थों का सूक्ष्म परमाणु बन करके उनका विभाजन कर देते हैं और जब यह विभक्त कर देती है तो अन्तरिक्ष में, उसे साकल्य में मधु होता है तो मधु का जैसे वैज्ञानिक यन्त्रों के द्वारा प्रत्येक वस्तु का मानव रस ले करके उसको उपयोग में लाता है, इसी प्रकार यह जो यज्ञमान यज्ञ कर रहा है, इसमें जो मधु होता है वह साकल्य बनता है। घृत होता है वह अन्तरिक्ष में छा जाता है। परमाणुओं में, अग्नि में जब नव शक्ति आती है वह अन्तरिक्ष में ओत प्रोत हो करके अशुद्ध परमाणुओ को निगलना प्रारम्भ कर देती हैं जब अशुद्ध परमाणु निगलने लगता है, शुद्ध परमाणु छा जाते हैं क्योंकि शब्दों से भी गृह ऊंचे बनते हैं और धर्म करने से भी ऊंचे बनते हैं। जिस गृह में सत्यवादी पुरुष रहते हैं, जिस गृह में सदैव सत्य उच्चारण करने वाले हों, सुसज्जित हों वह गृह सदैव महान् और पवित्र बने रहते हैं। परन्तु मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने कई काल में मुझे यह वर्णन कराया, जब विद्यालय में प्रवेश करते थे उस काल में चरणों में ओत प्रोत करा करके शिक्षाओं को प्रदान करते रहते थे। इस

विभक्त क्रिया से साकल्य, जिसे हम सामग्री कहते हैं, सामग्री का अर्थ है, संग्रह किए हुए पदार्थ, संग्रह की हुई नाना प्रकार की औषधियां, परन्तु इस अग्नि में धारणा करने से सूक्ष्म बनाना ही वायुमण्डल की प्रतिभा को जन्म देना है। आधुनिक काल का यह जो समाज है, नाना प्रकार की रूढ़ियों में परणित हो रहा है। वह काल मुझे स्मरण है जब यह रूढ़ियां नहीं थीं इस संसार में। इस पृथ्वी मण्डल पर रूढ़ियां नहीं थीं इस संसार में। इस पृथ्वी मण्डल पर रूढ़ियां नहीं थीं। मंगल मण्डल में रूढ़ियां नहीं थीं। जिन भी लोकों में प्राणी रहता है वहाँ रूढ़ियां नहीं थी। इस पृथ्वी मण्डल पर रूढ़ियां आ गयीं। यह चाहने लगा प्राणी कि मेरी मुक्ति सहज हो जानी चाहिए, मुक्ति तो मानव के, प्राण के निरोध करने से ही प्राप्त होती है, चाहे वह किसी भी रूढ़ि में अपने को ले जाना चाहता हो। परन्तु सुगन्ध को प्रत्येक प्राणी स्वीकार करता हैं कोई संसार का प्राणी ऐसा नहीं है जो सुगन्ध को अपने से दूरी कर दे। इस सुगन्ध के कर्म काण्ड को न जानता हो। परन्तु वह सुगन्धि प्रत्येक रूढ़ियों में भी विद्यमान है।

मैं यह कहा करता हूँ कि राजा को चाहिए अपने राष्ट्र को यदि राजा ऊँचा बनाना चाहता है तो उस राजा को सबसे प्रथम अपने राष्ट्र में रूढ़ि नहीं रहने देनी चाहिए। क्योंकि यदि राष्ट्र में रूढ़ि रह गई तो उन रूढ़ियों के विचार सात्विक न बन करके एक राष्ट्रीयता को परणित हो करके वह एक ऐसी विकृतता बन जाती है समाज की कि वह समाज मानवीय दृष्टि से दूरी चला जाता है। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव की यह परिचय कराया कि यां नाना प्रकार की रूढ़ियाँ हैं, उन रूढ़ियों को, राष्ट्र को चाहिए कि समाप्त करे। परन्तु आधुनिक काल यह जो चल रहा है, अपनी आभा में गति कर रहा है, यदि मैं राष्ट्र के क्षेत्र में जाता हूँ मानव का संसार में कोई अधिकार नहीं है। नाना सम्प्रदाय इस प्रकार के हैं जो नाना दलीय को अपना जन्मसिद्ध अधिकार स्वीकार करते है। परन्तु मैं यह कहा करता हूँ कि हे मानव प्राणी प्राणी का भक्षण ! कररहा है। तू प्राणी प्राणी को नष्ट करना चाहता है, तझे कोई अधिकार है? परमात्मा ने कोई तुझे अधिकार दिया है? जैसे गो नाम का पशु है और भी नाना पशुओं को आहार, जिस उदर में सात्विक पदार्थ जाने चाहिए थे परन्तु वहाँ उसने अपने उदर को

श्मशान भूमि का क्षेत्र बना लिया है, क्या यह तेरा कोई अधिकार है? परमात्मा ने जब तुझे जन्म दिया तो तेरा पदार्थ भी उस प्रभुने दिया। संसार में माता की लोरियों ने दुग्ध दे दिया। उसके पश्चात् पृथ्वी के गर्भ आया, नाना प्रकार के खाद्य पदार्थ तुझे प्रदान कर दिये। प्राणी जो क्रिया कर रहा है, उद्गम कर रहा है, परमात्मा की सृष्टि का शोधन कर रहा है, अरे, उस प्राणी का प्राण लेने का तुझे कोई अधिकार नहीं। इसलिए आज मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ कि राष्ट्र को चाहिए, हमारे यहाँ पुरातनकाल में भगवान मनु हुए हैं, भगवान मनु जी ने मछली से ले करके प्राणी तक की रक्षा करने के लिए संकल्प लिया था और वह होता रहा। परन्तु यहाँ मछली से ले करके प्राणी तक की रक्षा करना यह मानवीय क्षेत्र, एक आयत बन करके ही अपने जीवन को ऊँचा बना सकता है।

यहाँ बलियों का वर्णन आता है। वैदिक साहित्य में बलियों का जो वर्णन आता है तो ऋषि मुनि जन बलियों के ऊपर विचारने लगे तो बलियों के ऊपर विचारा गया कि किसी वस्तु को परिश्रम से ऊँचा बनाना, परिश्रम से महान् बनाने का नाम बलि कही जाती है। जैसे गो नाम का पशु है वह बलि दे करके मानव का दुग्ध दे रहा है। अपने बछड़े का पालन कर रहा है। परन्तु वही बछड़ा कृषक ने अपने लिए धारण कर लिया। इस बलि के द्वारा कृषक अपने अन्नाद को ऊँचा बनाता है, इस पृथ्वी माता, वसुन्धरा के गर्भ से नाना प्रकार के खाद्य पदार्थों को उत्पन्न कर रहा है। यही उसकी बलि है। जैसा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज की बहुतज सी चर्चाएं की हैं। परन्तु यहाँ ऐसा समाज बन गया है, किसी का आह्वान हो गया कि तुझे बलि देनी है, सबसे प्रिय वस्तु की बलि देनी है तो उससे पशुओं को नष्ट करना प्रारम्भ कर दिया। अरे, भोले प्राणी यह तेरी बलि नहीं हैं। यदि तू प्रभु के आँगन में इस मन की बलि दे देगा तो तेरा कल्याण हो जाएगा। तू पशुओं की बलि देता है। तेरे द्वारा रजोगुण, तमोगुण छा जाता है तो प्रभु के राष्ट्र में तेरा कोई अधिकार नहीं। प्रभु के राष्ट्र में ! तुझे बलि देना है तो तुझे बलि अपने मन !प्रेरणा हृदय से प्राप्त होती है कि हे मानव की देना है। मन की बलि देने का ही प्राणी को अधिकार है, उसको बलि देना उसका

प्रताप कहते हैं। मुझे स्मरण है बहुत से सम्प्रदाय इस प्रकार के हैं जो यह कहते हैं कि हमारे पूर्वजों को प्रभु से आह्वान हुआ। आह्वान क्या, कि तू बलि प्रदान कर। हे भक्त ! भगवान् के प्रति बलि दे कर पशुओं को नष्ट कर रहा है। जैसे तू प्रभु के राष्ट्र में है इसी प्रकार यह पशु हैं। क्या उन्हें बलि देने का तुझे कोई अधिकार भी है। यह अपने क्रिया कर्म कर रहे हैं, तू अपना क्रिया कलाप कर रहा है, परन्तु उसको धर्मों में ला करके धर्म की प्रतिष्ठा इस समाज में नष्ट कर दी है।

तो इसीलिए मैं यह कहा करता हूँ, हे राजा तुझे चाहिए कि तू नाना प्रकार की ! रूढ़ियों को नष्ट कर। बहुत से प्राणी इस प्रकार के इस आधुनिक जगत में हैं, जो मां के ऋषि हैं और मां की बलि का आह्वान कर रहे हैं। अरे, भोले मां कह करके, मां तो सबकी रक्षा करने वाली हैं। मां तो सबके हृदय को जानती है। माँ अपने पुत्रों के ! हृदय को जानती है। जब वह चैतन्य मां है उसकी बलि देने का तुझे कोई अधिकार इस प्रकार का यह समाज बन गया है। इन रूढ़ियों !नहीं हैं हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव को नष्ट करना चाहिए। मानव के हृदय से यह रूढ़ियों को नष्ट करना चाहिए। मानव के हृदय से यह रूढ़ियां यदि समाप्त हो जाएं, तो यह समाज महान् बन जाए। प्रभु के राष्ट्र में बहुत से प्राणी इस प्रकार के हैं, प्रभु की आराधना करते रहते हैं परन्तु जब उनका आहार दृष्टिपात करते हैं तो दूसरों के रक्तों का पान करते हुए दृष्टिपात करते हैं तो प्रभु !की भक्ति, प्रभु का चिन्तन ही क्या है? प्रभु की प्रतिभा और उसकी उपासना क्या? जब हम उसके कथनानुसार अपने जीवन को नहीं बनाते, इसी प्रकार हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेवमैं आधुनिक काल की रूढ़ियों की कुछ विवेचना दे रहा हूँ !, कुछ रूढ़ियों की चर्चाएं। परन्तु कोई भी ऐसा प्राणी नहीं है जो उनका खण्डन करने वाला हो। खण्डन करने वाले हैं, रसना के स्वादन करने वाले, प्रभु के भक्त भी बनना चाहते हैं, रसों का स्वादन भी चाहते हैं।

मुझे स्मरण है मेरे पूज्यपाद गुरुदेव इससे पूर्व शब्दों में लोमश मुनि और काग भूषण्ड की चर्चा कर रहे थे। जब एक पंक्ति में विद्यमान हो करके पूज्यपाद गुरुदेव के द्वारा नाना प्रकार की शिक्षा का अध्ययन करते रहते तो उनका कितना विशाल तप था।

आधुनिक काल का जो प्राणी है, गरुड़ जैसे ऋषि को पत्ती की संज्ञा दे रहे हैं। उसको पत्ती की संज्ञा देनी है कि यह कागः है। मुनिवरोंका !ग पत्ती बन करके उड़ान उड़ता है। इस प्रकार उसको काग की उपाधि दे दी गई। परन्तु जब मैं इन वाक्यों को श्रवण करता हूँ तो यह कहता हूँ, कहाँ चला गया वह साहित्य, कहाँ चला गया वह दर्शन विन जिसके ऊपर यह सदैव अध्ययन करते रहते थे? काग भुजण्ड जी ने एक पोथी का निर्माण किया था, बहुत पुरातन काल में, त्रेता के काल में और लाखों वर्षों पूर्व निर्माण किया था। काग भुजण्ड जी ने, जिस पोथी का नाम था चन्द्रायणानकृत पोथी। चन्द्रमा के ऊपर वह अनुसन्धान करते थे और कहते थे कि सूर्य की किरणों से चन्द्रमा प्रकाश लेता है। चन्द्रमा का अपना कोई प्रकाश नहीं है। सूर्य द्यौ से प्रकाश लेता है और वहीं प्रकाश चन्द्रमा को कृत करता है। चन्द्रमा अपनी कलाओं से, द्वितीय कला, तृतीय कला, पूर्णिमा के दिवस वह पूर्ण हो जाता है। वह लोकों की छाया में रहता है उतनी ही किरण जाती रहती है, उतना वह बलवती होता रहता है। तो उन्होंने सार्वभौम सिद्धांत की चर्चाएं कीं। उन्होंने एक वाक्य यह कहा कि वह जो चन्द्रमा है वह सूर्य से सहायता लेता है और उन्होंने कहा था कि शनि मण्डल है उस शनि मण्उल को लगभग पिचासी चन्द्रमा हैं जो उसे चन्द्रित करते रहे हैं। एक रोहिणीकेतु मण्उल की उन्होंने चर्चा की, उसको लगभग बहत्तर सूर्य एक ही मण्डल को प्रकाशित करते हैं। इस प्रकार का विज्ञान महर्षि काग भुजण्ड जी ने वर्णन किया। काग भुजण्ड जी रेणकेतु प्रवाहण ऋषि के पुत्र थे। रेणकेतु प्रवाहण ऋषि अंगिरस गोत्र में हुए। एक प्रवाहण ऋषि माता मल्दालसा के पुत्र थे। यह प्रवाहण अंगिरस गोत्रीय प्रवाहण ऋषि के पुत्र कहलाते थे। जब बाल्यकाल में माता की लोरियों में वह पनपता रहा तो माता उसे शिक्षा देती रहती थी और यह कहती रहती, हे बालक जैसे यह काग कितना महान् अपने में विश्वसनीय ! कहलाता है इसी प्रकार तुझे भी अपने को ऊँचा बनाना है और इतनाही विश्वसनीय बनना है। क्योंकि काग जो पत्ती है जैसे वह अपने में उड़ान उड़ता रहता है इसी उड़ान के ऊपर काग भुजण्ड जी ने एक यन्त्र का निर्माण किया था, कागाम् चथवेतु यन्त्र यह यन्त्र उन्होंने जब काग पत्ती गति कर रहा था वायु के साथ, वायु वेद में गति कर रही

है और वह वायु के समक्ष उड़ान उड़ रहा है उसी उड़ान के साथ एक यन्त्र का उन्होंने निर्माण किया। पक्षी की प्रेरणा, हृदय की प्रेरणा, दोनों का मिलान हुआ और मिलान होने से उन्होंने यन्त्र का निर्माण किया, वह उड़ान उड़ करके वायुमण्डल में गति करते रहते थे। तो ऐसे काग भुजण्ड जी थे जिनका यह जो वर्तमान का काल चल रहा है इसमें उन्हें पक्षी की संज्ञा प्रदान की जाती है। हमारे यहाँ लोमथ इत्यादि ऋषिवर और काग भुजण्ड जी के जीवन में और भी नाना वाक्य आते रहते हैं।
यहाँ रावण के साहित्य, उस काल के साहित्य से दृष्टिपात होता रहता है। सम्पत्ति को हमारे यहाँ आकृतियों की संज्ञा प्रदान की जाती है, गरुड़ जिन्होंने रावण इत्यादि से संग्राम किया उन्हें भी पक्षी की संज्ञा प्रदान की जाती हैं यह क्यों की जाती है? क्योंकि वह पक्षी की भांति अपने यन्त्रों में विद्यमान हो करके अन्तरिक्ष में गति करते रहते थे, वह वैज्ञानिक थे। सम्पाति तो समुद्र के किनारे संयत रहता था और सुरषा नामक, जब सम्पाति को राजा रावण ने विजय कर लिया था तो सुरषा उनके राष्ट्र जो समुद्र के तट पर था उस राष्ट्र की वह धिराज बन करके रही। यह तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव परम्परा से अपनी दृष्टियों से वर्णन करते रहते है। आज केवल मैं तुम्हें यह उच्चारण करने आया हं कि हे समाज तू अपनी आभा में आधुनिककाल के जगत् में यह ! रूढ़ियां तेरे हृदय से दूरी हो जानी चाहिएं। क्योंकि यदि यह रूढ़ियां दूरी नहीं होतीं तो अज्ञान बना रहता है। यहाँ दूसरों की बलियों का वर्णन आता रहता है। हमारे यहाँ प्रायः ऐसा साहित्यकारों ने कहा है क्योंकि दैत्य और देवता परम्परा से चले आ रहे हैं। आज जो संसार में दूसरे के रक्तों को पान करने वाले हैं उनकी दैत्य संज्ञा कहलाई जाती है और अमृतमयी जो पान करने वाले हैं, अपना आहार, अपना विचार अधिकार युक्त हो करे क्रिया कलाप करते हैं, उनकी संज्ञा सदैव देववत् मानी जाती है। कर्म और क्रिया कलाप करते हैं, उनकी संज्ञा सदैव देववत् मानी जाती है। कर्म और क्रिया कलाप परम्परागतों से उनके रहे है। आधुनिक समाज यह कहता है माँस हमारा जन्म प्रवेः इससे हमारे शरीर का निर्माण होता है। परन्तु संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं वह चाहे किसी भी सम्प्रदाय के हुए हैं, चाहे वह ऋषि मुनियों की आभा में रहे हैं, शुद्ध अन्न

को पान करके ही वह महत्ता को प्राप्त हुए।
मुझे स्मरण है महर्षि कणाद ने विज्ञान की आभा को जन्म दिया। महर्षि कणाद कुन्द को एकत्रित करके उस अन्न को पान करते थे। महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने शतपथ ब्राह्मण नाम की पोथी का निर्माण किया। इसी प्रकार जितने भी महापुरुष आधुनिक काल में हुए वह किसी भी सम्प्रदाय के हुए, रूढ़ि के मानने वालों ने सम्प्रदाय की संज्ञा प्रदान कर दी है। परन्तु वास्तव में उनका, रूढ़ियों का अभिप्राय नहीं था। जैसे हमारे यहाँ मोहम्मद के मानने वालों ने मांस का भक्षण करना प्रारम्भ कर दिया। महात्मा मोहम्मद ऐसे थे कि वह सदैव शुद्ध अन्न को पान करते थे। इसी प्रकार वैसे तो मोहम्मद की संज्ञा कोई महात्माओं में तो गणना नहीं की जा सकती। परन्तु राष्ट्रीय आभा में उनकी गणना की जा सकती है क्योंकि उनका जितना चलाया हुआ सम्प्रदाय है वह राष्ट्र तक सीमित है, वह योग एक सीमित नहीं। क्योंकि उनमें यौगिकता नहीं है, उनका आहार और व्यवहार अशुद्ध बन गया है। इसी प्रकार ईसा के मानने वाले, उनका आहार बाल्यकाल से कितना विचित्र और कितना पवित्र रहा है जिन आहारों से वह महात्मा कहलाए, ब्रह्म वर्चोसि कहलाए। मुझे इस संसार की बहुत सी वार्त्ताएं स्मरण हैं, जिस भी सम्प्रदाय में जो भी महापुरुष हुआ है, संचालक हुआ है उनका आहार बहुत ही पवित्र रहा है। परन्तु उनके मानने वालों ने हिंसा करनी प्रारम्भ कर दी। उस अहिंसा का परिणाम यह हुआ कि वह एक रूढ़ि बन करके रह गई। यह राष्ट्र तक सीमित बन करके रह गई। आध्यात्मिकवाद का उसमें कोई वर्णन प्राप्त नहीं होता। क्योंकि उनका क्रिया कलाप, आध्यात्मिकवाद से दूरी है, जब एक दूसरे में घृणा है, एक दूसरे के लिए ईर्ष्या है, दूसरे प्राणियों को नष्ट करने की भावना बनी रहती है तो यह महापुरुषों के जो वचन है उनके अनुसार उनकी प्रतिभा नहीं बन पा रही।
मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह वर्णन कराना चाहता हूँ कि जितने भी महापुरुष हुए हैं, सम्प्रदाय हुए हैं, सम्प्रदाय तो मानने वालों ने बना दिए हैं परन्तु उनका उद्देश्य एक ही है कि अच्छाइयां बानी चाहिएं, शुद्धता आनी चाहिए। जो रूढ़ि हैं वह नष्ट होनी चाहिएं। यहाँ जितनी भी रूढ़ियां हैं वह राष्ट्र तक सीमित हैं परन्तु आध्यात्मिकवाद में

तो राष्ट्र का महत्व ही नहीं माना गया है। हमारे यहाँ जब आध्यात्मिकवादी जनों ने यह विचारा कि राष्ट्र क्या है? तो राष्ट्र केवल धर्म की रक्षा करने के लिए है। विचारा गया कि धर्म क्या है? धर्म मानव की इन्द्रियों में समाहित हो रहा है। धर्म मानव के हृदय से दूरी नहीं है। जब मानव का अन्तरात्मा, जो यह पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं इनमें जो धर्म समाया हुआ है, सुदृष्टिपात करना, सु शब्द ग्रहण करना, सु उच्चारण करना, प्रीति में रहना, सुगन्ध को ग्रहण करना यह पांचों इन्द्रियों में पांच वार्त्ताएं समाहित हो रही हैं और यह ो ब्रह्माण्ड है यह पांचों के आश्रित हो करके गति कर हरा है। इसी प्रकार मैं कोई विशेष विवेचना न देता हुआ केवल तुम्हें यह निर्णय देना चाहता हूँ, संसार में यह जो बलि की प्रथा है यह असम्भ प्रथा है। प्रत्येक प्राणी को विचार करके कुरीतियों को त्याग देना चाहिए। यही इस मानव की मानवता कहलाती है। यदि वह त्रुटियों को नहीं त्यागता है तो यह समाज नहीं रह सकता। माहनता की प्रतिभा, ओजस्विता की आभा मानव के हृदय में सदैव परणित रहनी चाहिए। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से यह कहा था कि यह संसार कुरीतियों का जब बन जाता है तो यह केवल अज्ञानता के कारण बनता है, ज्ञान होना चाहिए। आधुनिक काल का जगत् ऐसा है जहाँ ज्ञान प्राप्त हो रहा है वहाँ जाना नहीं चाहता, क्यों नहीं जाना चाहता? क्योंकि रूढ़ियों का यह जो ज्ञान बन गया है। यदि मोहम्मद वाले अच्छी वार्त्ता प्रकट कर रहे हैं तो वहाँ नहीं जा पाते क्योंकि उनका कोई विषय होगा। यदि आर्यत्व कोई ज्ञान बिखेर रहे हैं वहाँ मोहम्मद के मानने वाले नहीं जाते, यह हो रहा होगा क्योंकि ज्ञान जहाँ भी प्राप्त हो जाए मानव को ले लेना चाहिए। ज्ञान किसी भी क्षेत्र में हो, किसी भी मानव के द्वारा हो। ज्ञान और विज्ञान मानव का मौलिक गुण कहलाया जाता है। उसके ऊपर मानव को नाना प्रकार की टिप्पणियों में नहीं जाना चाहिए।

मैने अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह निर्णय कराते हुए कहा है कि आहार और व्यवहार जब तक मानव का स्वच्छ नहीं बन जाएगा तब तक प्रभु के राष्ट्र में रहने का अधिकार भी नहीं। उसको वास करने का क्या अधिकार है? रहा यह कि इसमें वैज्ञानिक तथ्य क्या है? जिस समय प्राणी को नष्ट करता है उस समय उसकी जो आह है 2, उसकी

जो दाह है वह किस प्रकार विकृत होती है? अरे, मानव तू उसको पान करता है तेरे ही शरीर में रक्त की उसी प्रकार की विकृतता का जन्म हो जाएगा। यह वैज्ञानिक सिद्धांत है। वैज्ञानिकजनों ने बहुत पुरातन काल में यह सर्वभौम सिद्धांत की वार्त्ताएं प्रकट की हैं। धर्म और मर्यादा मानव के समीप उस काल में रह सकती है जब मानव की बुद्धि में शुद्धता होगी, उसकी बुद्धि में महत्ता होगी, आहार और व्यवहार में पवित्रता होगी। उसी काल में वह पवित्र रहेगा आहार ब्रहे सम्भवा देवश्चयाम् जब मैं इन वाक्यों को कहता हूँ तो समाज तो यह कहता है कि यह महानन्द कैसी अशुद्ध वार्त्ता प्रकट कर रहा है? आधुनिक काल जब यह कहता है तो मुझे आनन्द और मग्नता आती है कि यह समाज किस रूढ़ियों में परिणित हो करके अपने को समाप्त कर रहा है। वह आत्मा सर्वत्र है। वह चेतना माता वसुन्धरा जो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव वर्णन करते हैं माता के गर्भ में किसी भी रूढ़ियों मं माता नहीं रहती। रूढ़ियों में चैतन्य नहीं है। चेतना तो एक रस रहने वाली है। ज्ञान भी एक रस रहने वाला है। इन्द्रियों का विषय भी एक रस रहने वाला है। मानव के जीवन में जो विभक्त शक्ति प्रधान हो गई है वह संकीर्णता की अग्नि है सम्प्रदायों को ले करके इस अग्नि का प्रसार हो रहा है, यह कितना एक मानव के विनाश का क्षेत्र बन रहा है। मैंने बहुत पुरातन काल में पूज्यपाद गुरुदेव से कहा था यह घृणा का क्षेत्र जो इस प्रकार का आधुनिक काल में बनता चला जा रहा है यह बहुत निकट समय आ रहा है जब यहाँ रक्तभरी क्रान्ति के अवशेषों का जन्म होता जा रहा है और वह रक्तभी क्रान्ति मानव समाज में परिणित हो जाएगी।

पूज्यपाद गुरुदेव से अब मैं आज्ञा पाऊंगा क्योंकि इतना ही समय मुझे पर्याप्त है। आज मैंने कुछ अपने विचार व्यक्त किए हैं पूज्यपाद गुरुदेव की आज्ञा से। मैं यज्ञमान के लिए जहाँ याग हो रहा है वह उस याग को दृष्टिपात करके मेरा अन्तरात्मा सदैव प्रसन्न रहता हैं हे यज्ञमानतेरे जीवन का सौभाग् !य अखण्ड बना रहे। तेरा समय समय पर द्रव्य का सदुपयोग होता रहे, दुरूपयोग की कामना न जागे। सदैव यही मेरी कामना रहती है। इसके साथ मैं अपने वाक्यों को विराम दे रहा हूँ।

पूज्य महानन्द जीः मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने कुछ विचार !मेरे प्यारे !ऋषिवर !

व्यक्त किए हैं। उनके विचारों में समाज के प्रति एक दाह रहती है, एक विडम्बना बनी रहती है। यह विडम्बना प्रभु सदैव सम्भवः स्वेः पूर्णता को प्राप्त करते रहते हैं। समय समय पर अपनी आभा को जन्म देते रहते हैं। आज मैं भी जैसा महानन्द जी ने कहा है यज्ञमान तेरे जीवन की आभा सदैव !महान् और पवित्र बनी रहे। इसके साथ यह वाक्य समाप्त होने जा रहा है। आज का विचार हमारा क्या कि वह जो अग्नि है यह विचारों का, परमाणुओं का आदान प्रदान करती रहती है। इसमें प्राण शक्ति गति करती रहती है। यह अग्नि ही सूक्ष्मरूप बना करके एक ब्रह्माण्ड का निर्माण करती रहती है। गृहों में जो परमाणुवाद स्वच्छ रूपों में गति करते हैं तो गृह उससे महान् और पवित्र बनते है। यह आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। निवास स्थान : गिरीराज सिंह विक्रम सिंह चौ0, खतौली, समय बजे 10 प्रातः :

२२ 09 05 1983 पुष्प 42 भौतिक और आध्यात्मिक विज्ञान के समन्वय

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा हमारा वरणीय माना गया हैं वही परमपिता परमात्मा यज्ञोमयी स्वरूप माना गया है। ये ब्रह्माण्ड उसका आयतन माना गया है, प्रत्येक वस्तु उसकी आयतन है वह उसमें वास कर रहा है तो इसीलिए हमारे आचार्यों ने इनके ऊपर गम्भीर चिन्तन मनन करने के पश्चात् उस परमपिता परमात्मा का यज्ञोमयी स्वरूप माना है क्योंकि यह संसार एक प्रकार का यज्ञोमयी है और यह उसका आयतन माना गया है। तो इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा को यज्ञोमयी स्पवरूप कहते हैं जहाँ वह यज्ञोमयी स्वरूप है वहाँ मुनिवरों ! वह विज्ञानमयी भी है। विज्ञानवेत्ताओं ने ऊँची ऊँची उड़ाने उड़ी हैं और उड़ते रहते हैं परन्तु वह जो परमपिता परमात्मा का ज्ञान और विज्ञान है उसी को प्रत्येक मानवउद्बुद्ध करता रहा है। उसी को परीक्षण रूपों में अपने में धारण करता रहा है। कोई संसार में

नवीनता नहीं आती, नवीनता उन वस्तुओं की आती है जो कदापि नहीं होतीं, परन्तु जो सर्वत्र है, जो सर्वत्रकाल में रहते हैं तो उसमें न्यूनता और वृद्धपन का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। वह तो सदैव एक रस रहने वाला ज्ञान है, एक रस रहने वाला विज्ञान है, एक रस रहने वाली चेतना है। जिस चेतना के ऊपर मानव परम्परागतों से ही, अनुसन्धान और अनुष्ठान करता रहा है। वैज्ञानिकजन उसी गति को अणु रूप में दृष्टिपात करते हुए उनका मिलान करते रहते हैं और जब आध्यात्मिक वैज्ञानिकों के समीप जाते हैं तो वह यह विचारते हैं, संसार में किसी वस्तु का विनाश नहीं होता तो जब विनाश नहीं होता, रूपांतर हैं तो अन्धकार भी नहीं रहना चाहिए। तो अन्धकार के लिए प्रत्येक मानव अपने में महानता चाहता रहता हैं। ऊँची ऊँची उड़ान उड़ने वाला अपने में महान सार्थक और विचारणीय अपनी वस्तु को लाने का प्रयास करता है। परन्तु उस परमपिता परमात्मा को जहाँ विज्ञानमयी स्वरूप कहा आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ताओं ने इसके ऊपर बहुत सी टिप्पणियां कीं। आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता अपने में महान्, अपने में विचित्र बनना चाहता है। प्रत्येक मानव की यही आकांक्षा होती हैं क्योंकि मैं अज्ञोमयी अपने जीवन को बनाता चला जाऊं। मुनिवरोंभौतिक विज्ञानवेत्ता ने भी परम्परागतों से ही !, इस महान् रहस्यतम गम्भीर रहस्यों में अपने को ले जाने का प्रयास किया और उन्होंने यह विचारा है कि हम वास्तव में अपने जीवन को एक महान् यज्ञोमयी बनाना चाहते हैं।

मेरे प्यारे मैं विशेष विवेचना तुम्हें देने नहीं आया हूँ। केवल कुछ परिचय देने के ! लिए आया हूँ और वह परिचय क्या है? मेरे प्यारे महानन्द जी की कुछ प्रेरणा होती ! रहती है उन प्रेरणाओं का श्रोत्र क्या है? यजन्म् ब्रह्मे वार्चो वृतता अस्वम् ब्रह्मे वाचो वरणास्तम् विश्वोवृते वाचौसन्दम् वेद का मन्त्र कहता है हे यज्ञोमयी बनने वाले मानव ! तू अपनी मानवीयता को अपनी आभा में ले जा जैसे हमारे यहाँ पुरातन काल में एक समय महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज याग कर रहे थे तब अग्नि का चिन्तन करते हुए, अग्नि को प्रदीप्त करते हुए, अग्नि का चयन करते हुए और अग्नि से कहते थे कि हे अग्नि आदान कर रहा है अथवा !तू मेरे हृदय में प्रकाश दे। वह अग्नि के लिए बेटा ! उसका आह्वान कर रहा है और कह रहा है, हे अग्निआ !, तू मेरे हृदय में प्रकाश दे,

तेज दे जिससे मेरा जीवन प्रकाशित हो जाए और मैं संसार में याज्ञिक बन करके, यज्ञमान बन करके मैं अपनी वाणी को, अपनी उद्गार हृदय की तरंगों को तेरे में समर्पित करके मैं द्यौ लोक तक पहुंचाना चाहता हूँ। मैं द्यौ लोक में अपने को ले जाना चाहता हूँ। हे अग्नि तू आ। द्यौ !मण्डल से सूर्य प्रकाश लेता है। वेद का मन्त्र कहता है उद्गम वतो वासम् उदगौ वस्तति देवः यह जो उद्गम है यह द्यौ है इस द्यौ मण्डल से सूर्य सहायता ले करके इस संसार का उद्गाता है। इस पृथ्वी मण्डल का उद्गाता बन करके उद्योग कर रहा है, प्रकाश दे रहा है। ऐसा अनुपम प्रकाश आ रहा है जिस प्रकाश को पा करके वनस्पति अपने जीवन को पान करने लगती है। माता के गर्भस्थल में जो शिशु होता है वह उसके प्रकाश में प्रकाशित होकर के तेल को प्राप्त कर रहा है। जो नाना प्रकार की खनिज हैं जो पृथ्वी के गर्भ में पनप रही हैं। अभी रेतक रूपों में हैं, उनका उद्घोष हो रहा है वह अपने में, परमाणु किरणों के साथ में अपने में मिलान कर रहीं हैं तो मेरे पुत्रोयह कैसा प्रभु का कैसा विज्ञान है !? जिसके ऊपर मानव परम्परागतों से ही, अनुसन्धान, कैसा यज्ञोमयी स्वरूप है, कितना प्रिय याग हो रहा है। सूर्य उद्गाता बन रहा है। उद्गाता बन करके जीवन प्रदान कर रहा है। नाना प्रकार की वनस्पतियों में एक महानता की ज्योति महान्, प्रबल बन करके वह वैज्ञानिकों के लिए सार्थक बन रहा है।

विचार विनिमय क्या? आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता कहता है। हे अग्नि आयाहि तू मेरे ! हृदय में प्रवेश हो, तू मेरे नेत्रों में प्रकाश दे जिससे मैं तेरे इस दृश्य को, इस अग्नि को अग्न्याध्यान करता हुआ मैं तेरे परमाणुओं को वैज्ञानिक तथ्यों के द्वारा, यन्त्रों के द्वारा उन परमाणुओं को अपने में दृष्टिपात कर सकूं। हे यज्ञोमयी, हे अग्नि अग्न्याध्यान करने वाले तू अग्नि को प्रदीप्त कर। अग्नि कहती है अग्नम ब्रह्मः चाचः यह वेद का आचार्य ! कहता है, यज्ञमान कहता है, हे अग्नि तू मेरे हृदय में प्रवेश हो। मैं तेरे से प्रकाश को ! पाता हूँ, मैं इसमें हृदय रूपी जो अग्नि मेरी शान्त हो गई है उस अग्नि को मैं प्रदीप्त करना चाहता हूँ, उस अग्नि को मैं उद्बुद्ध करके उसमें साकल्यों का स्वाहा देना चाहता हूँ। घृत की मैं श्रद्धामयी आहुति देना चाहता हूँ, यह घृतोमयी जो श्रद्धा है उससे मेरा

जीवन ऊँचा बनेगा परन्तु मैं उसकी आहुति देना चाहता हूँ। अग्न्याध्यान करता हुआ अग्नि की उपासना करता हुआ यज्ञमान कहता है, हे भगवन् मेरे गृह में प्रकाश रहे किसी ! ऐसी उद्गम इच्छा उद्गार हृदयों की वह अग्नि की !प्रकार का अन्धकार न रहे। मेरे प्यारे तरंगों को उद्बुद्ध कर देता है। उद्बुद्ध करता हुआ वह जो परमपिता परमात्मा यज्ञोमयी स्वरूप है जो इस संसार रूपी यज्ञ का रचयिता है इसको सहारता है, वह इस प्रकृति के एक एक कण कण में जो विद्यमान है वह यज्ञोमयी है क्योंकि यज्ञ उसका आयतन है, उसकी स्थली बनी हुई है तो इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की उपासना करते हुए देव की महिमा का गुणगान गाते हुए हम अपने में महान् बनना चाहते हैं। परन्तु आज का हमारा वाक्य यह कह रहा है मेरे पुत्र ने मुझे प्रेरणा दी है कि याग के सम्बन्ध में कुछ चर्चाएं की जाएं तो मैं बेटा इतना उच्चारण कर सकता हूँ ! कि इस संसार में याग तो होने ही चाहिएं क्योंकि जब यह परमात्मा का भव्य जगत् ही एक प्रकार की यज्ञशाला है यह प्रत्येक मानव एक यज्ञशाला के रूप में कुछ ऐसा याग कर रहा है, कोई मानव हूत कर रहा है, अग्नि को अग्नि के मुख में परणित स्वरूप जब आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ताओं के द्वारा पहुंचा अथवा भौतिक विज्ञानवेत्ताओं के द्वारा पहुंचा तो बेटादेखो !, अग्नि की तरंगों में से उन्होंनं अग्नि में अणु और परमाणु, परमाणुओं के निहित कर रहा है उन परमाणुओं के ऊपर वह अनुसन्धान अपने में परमाणु देना आरम्भ कर दिया है उस परमाणु का विभाजन करने लगे तो विभाजन करते सृष्टि का चक्र, सृष्टि का चित्रण उसमें एक एक परमाणु में दृष्टिपात आने लगा। उन परमाणुओं का मिलान किया तो यन्त्रों का निर्माण हो गया। यंत्रित होने लगे। मेरे प्यारेदेखो !, राष्ट्रीयता में उसकी भव्यता आभ्याद्गति प्राप्त हो गई। परिणाम, परन्तु देखो, यही विज्ञान ! देखो !मुनिवरों, आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ताओं के समीप पहुंचा तो आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता ने सोचा, विचारा, चिन्तन औश्र मनन करने के पश्चात् क्यों यह संसार तो बाहरीय जगत् है यह बाहरीय तो यज्ञशाला है परन्तु इस बाहरीय जगत्शाला में नाना प्रकार का एक याग हो रहा है। देखो, कहीं सूर्य प्रातःकालीन ऊषा और क्रान्ति के द्वारा प्रकाश कर ! रहा है, कहीं चन्द्रमा रेणुका के अन्धकार को लेकर के शान्ति वृष्टि कर रहा है कहीं मेरे

प्यारेदेखो !, यह वायु इस संसार को प्राण दे रही है, प्राण शक्ति देता, इसका भेदन हो रहा है। यह अग्नि संसार को तेजोमयी बना रही है तेजोमयी बना करके मुनिवरों ! अउसके स्वरूप को जाना जा रहा है परन्तु आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता यह विचारता है कि मुझे तो साधक बनना है, मुझे तो संसार में मुद्रित हो जाना है। यही प्रश्न भगवान कृष्ण ने एक समय सन्दीपन ऋषि से किया था। महाराजा संदीपन ऋषि से यही प्रश्न किया था कि महाराजमैं आध्यात्मिक मुद्रित होना चाहता हूँ !, आध्यात्मिक मुद्रित मैं कैसे बनूंगा? तो मेरे प्यारेदेखो !, महाराजा सन्दीपन ऋषि ने इसी वाक्य को ले करके कहा था कि तुम्हें मुद्रित होना है, मुद्रित होना है तो सम्भव ब्रहे वृतः तुम प्रत्येक इन्द्रियों को मुद्रित बना लो। मेरे पुत्रो मुझे कुछ ऐसा स्मरण है भगवान कृष्ण ने उनके !चरणों में ओत प्रोत हो करके अपने को मुद्रित बनाने का प्रयास किया नेत्रां को मुद्रित किया, श्रोत्रों को मुद्रित किया, त्वचा को मुद्रित किया। सबको मुद्रित करने के पश्चात् इस ब्रह्माण्ड को दृष्टिपात किया। इस ब्रह्माण्ड के विज्ञान को विज्ञान के तत्त्वाधान में ले गए, भौतिक विज्ञान जिसे कहते हैं जहाँ अणुओं और परमाणुओं की तरंगों में जाने वाला वैज्ञानिक उड़ान उड़ता हुआ कोई सूर्य में रमण कर रहा है, कोई चन्द्रमा में जा रहा है कोई मंगल में जा रहा है, कोई शुक्र और बुद्ध में जा रहा है, कोई नाना रूपों में परिक्रमा कर रहा है, कोई गुरु की परिक्रमा यान कर रहा है, कोई सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। कोई स्वाति की परिक्रमा कर रहा है परन्तु देखो, यहाँ परिक्रमा का बहुत महत्व माना गया है। माता अपने पुत्र की परिक्रमा कर रही है और पुत्र अपनी माता को परिक्रमा कर रहा है। पत्नी अपने पति की परिक्रमा कर रही है, पति पत्नी की परिक्रमा कर रहा है। बेटायह कैसा ब्रह्माण्ड है !? कैसा परिक्रमा करने वाला यह जगत् है? इन्हीं परिक्रमाओं को जानते जानते एक विचार दूसरे विचार से उसका समन्वय हो जाता है और जब विचारों का समन्वय हो गया तो वह मुद्रित होना प्रारम्भ हो जाता है और वह मुद्रित होता हुआ अपनी आत्मा ब्रह्मवाचः जैसे मानव के शरीर में इन्द्रियां प्राणों की परिक्रमा कर रही हैं और प्राण मेरे प्यारेदेखो !, इन्द्रियों की परिक्रमा ! कर रहा है। प्राण अपाण की परिक्रमा कर रहा है, अपाण व्यान की परिक्रमा कर रहा

है, व्यान समान की परिक्रमा कर रहा है और उद्गम ब्रह्मे समान की परिक्रमा करता हुआ बेटाकैसा अनुपम यह ब्रह्माण्ड है !यह समय रूपी चक्र चल रहा है। मेरे पुत्रो !? प्राण प्राण की परिक्रमा कर रहा है, इन्द्रियों के विषय इन्द्रियों में समाहित हो रहे हैं। मानो, देखो, समाहित हो करके एक दूसरे में एक हो करके बेटा प्राण सूत्र से चले ! जाते हैं। वेद का ऋषि कहता है प्राणम् ब्रह्मे कृतं जलप्रभवहे वाचः। वेद के आचार्य संदीपन ने यह कहा था भगवान कृष्ण को हि हे पुरुषम् मानव ये जो ब्रह्माण्ड ब्रह्मे वाचः है वह प्राण सूत्र में पिरोया हुआ है। इसका सूत्र ही प्राण है। प्राण सूत्र में देखो, इन्द्रियां पिरोई हुई हैं। जब प्राण चला जाता है तब इन्द्रियों का अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है। यह प्राण सूत्र ही है, जब सुषुप्ति में जाता है तो सब शून्य हो जाता है परन्तु देखो, कौन जागरूक रहता है? प्राणम् ब्रह्मे वाचः आत्मा के साथ ही, प्राण ही एक आत्मा का सूत्र बना हुआ है। मेरे पुत्रो ब्रह्माण्ड का भी वही सूत्र है क्योंकि लोक ! लोकान्तरों में क्या, परमाणु परमाणु में क्या, एक गति गति में वह प्राण अपनी प्रतिक्रिया कर रहा है। तो विचार विनिमय में देखो, बेटायदि कोई ! संसार का यदि कोई उद्गाता है तो उद्गान गाने वाला यज्ञशाला में विद्यमान हो करके अपना उद्गम गा रहा है। उद्गीत गा रहा है। उद्गीता गाता हुआ उद्गम ब्रह्मे वाचः ब्रह्मः लोकः, वह अपने में समाहित हो रहा है। विचार रहा है कि मैं कहाँ चला गया हूँ? परन्तु देखो, महाराजा संदीपन ने यही वाक्य कहते हुए आचार्यों से अपनी महान् से महान् कल्पना का उद्घोष किया है।

तो आओ मेरे प्यारेमैं विशेष विवेचना न देता हुआ वाक्य दूरी न ले जाऊं !, परन्तु आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता यही कहता है कि मैं आत्मा को जानने का प्रयास कर रहा हूँ। आत्मा ही हमारा एक नृत्य है, आत्मा ही प्राण स्वरूप है। प्राणस्वरूप होने से बेटा ! एक एक आभा को लेकर के शरीर रूपी यज्ञशाला का शोधन कर रहा है। हे याज्ञिक बनने वाले तू अपने में महान् बनता चले, अपने में विचित्र बनता चल। क्योंकि विचित्र बनना ही संसार में प्रभु के समीप जाना हैं क्योंकि परमात्मा विचित्र है, परमात्मा अणुवस्तिति कहलाता है, वह इस संसार में रहता हुआ परन्तु इस संसार से दूरी रहती है। आओ मेरे प्यारेविचार विनिमय क्या !? हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते

हुए, देव की महिमा का गुणगान गाते हुए इस संसार सागर से पार होनाचाहते हैं। बाहरीय याग, आध्यात्मिक याग से मिलान करता हुआ। भारद्वाज मुनि जी यह कहता है, हमें बाहरीय से आध्यात्मिक याग का समन्वय करना है। हमें उस बाहरीय याग को वैज्ञानिक तत्त्वों में ले जाना है परन्तु जिससे हम राष्ट्र और समजा और मानवीयता को महान् बना सकें। बेटा आज का हमारा वाक्य यह समाप्त होने जा रहा हैं अब मेर ! प्यारे महानन्द जी दो शब्दों की विवेचना करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी मेरे !मेरे भद्र ऋषि मण्डल ! पूज्यपाद गुरुदेव गागर में सागर की कल्पना कर रहे थे और वह ऐसे शब्दों में हमें ज्ञान की वृष्टि कर रहे थे। किसी का में जब इनके चरणों में विद्यमान हो करके इस साधना के क्षेत्र में जब प्रवेश हो जाते थे तब अपने यौगिक और साधकों के द्वारा यह नाना प्रकार की क्रियात्मक अपने विशाल अभ्रों को अवगत कराते रहते थे। परन्तु वह समय तो दूरी चला गया है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी अभी यज्ञोमयी स्वरूप की कल्पना कर रहे थे। कल्पना ही नहीं उसका विशुद्ध रूपों से वर्णन कर रहे थे। जहाँ हम यह उच्चारण करते हैं कि याग जैसा कर्म द्वितीय नहीं हो सकता। तो यह केवल हमारे हृदय की कल्पना ही नहीं रहती है। यह वेद का मन्त्र तथा ज्ञान और विज्ञान की धारा इसमें मानव को ले जाती है और वह उसमें मुद्रित और धारणा होता हुआ अपने में यह स्वीकार करता है कि वास्तव में यह शुद्ध कार्य करना चाहिए। द्रव्याम भूतम् ब्रह्मः, पूज्यपाद गुरुदेव ने बहुत पुरातन काल में हमें यह निर्णय कराया था कि संसार में इतना द्रव्य है इसका सदुपयोग होना चाहिए क्योंकि यदि द्रव्य का सदुपयोग नहीं होता तो द्रव्य मानव को मृत्यु के आँगन में ले जाएगा और यदि द्रव्य का सदुपयोग होता रहेगा तो यही द्रव्य मानव को सुखद और स्वर्ग में ले जाता है। क्योंकि संसार के मूल में यदि हम यह विचारते हैं कि यह जितना द्रव्य है यह परमपिता परमात्मा की सम्पदा है। सृष्टि का सृजन करने वाले ने सृष्टि के प्रारम्भ में द्रव्य की आभा, द्रव्य क्या है ?

यह परमाणुओं का एक मिलान है। इसमें विचारों की अनुकृतिका है जब इसमें एक

आभा परणित हो जाती है तो इसका रूप द्वितीय रूप में परणित हो जाता है। परिणाम यह है कि उस द्रव्य का सदैव सदुपयोग होना चाहिए आज जहाँ हमा यह आकाशवाणी जा रही है, मेरे पूज्यपाद गुरुदेव के शब्दों को प्रतिपादित किया जा रहा है, मैं भी अपनी आभा वहाँ एक यज्ञों का आयोजन हो रहा है, मेरा हृदय बड़ा प्रसन्न हो रहा था, मैं अपने में सदैव प्रसन्नयुक्त रहने के लिए यागों से याग अमृतम् ब्रह्मे वाचः यह याग अमृत है, यह याग अग्नि है। यह याग मानो, देखो, स्वर्ग में ले जाने वाली एक एक प्रतिभा कृत्य कहलाती है। मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को प्रेरणा देता रहता हूँ और प्रेरणा दे करके कहा करता हूँ प्रभु यह संसार तो एक बड़ी आभा में जा रहा है। मानव में जहाँ ! अधिकार की पुकार होती जा रही है, कर्त्तव्य की विहीनता होती चली जा रही है। यह काल तो ऐसा विचित्र होता चला जा रहा है परन्तु वहाँ मैं जब यागों जैसे कर्मों को दृष्टिपात करता हूँ तो अन्तरात्मा प्रसन्न हो जाती है। हे यज्ञमान तेरे जीवन का सौभाग्य ! अखण्ड बना रहे, क्योंकि तेरे जीवन में महानता और विचित्रताएं तथा कर्म करने का क्रिया कलाप में कुशलता आती रहे, मेरी सदैव यह कामना रहती है। सौभाग्य अखण्ड बना रहने का अभिप्राय क्या जीवन में सदैव प्रसन्नता रहे। आनन्द चित्तता रहनी चाहिए। मेरी यह कामना रहती है परन्तु देखो, यज्ञोभव सम्भवः क्योंकि यह याग सृष्टि के प्रारम्भ में सृष्टि के पिता ने इस अणुकरणीयता को निर्धारित किया। क्योंकि मुझे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव प्रकट कराते रहते थे जब मैं अध्ययन करता था कि ब्रह्मा के अथर्वा नामक दो पुत्र थे, वह याग करते रहते थे और याग करते करते परमाणुओं पर अनुसन्धान करते करते वायुमण्डल में अपनी उड़ान उड़ते रहते थे। ऐसा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव प्रकट कराते रहे हैं, परन्तु मैं इस सम्बन्ध में नहीं जाना चाहता हूँ।

आधुनिक काल में कुछ काल समाप्त हो गया है जब यागों को पाखण्ड के रूप में समाज ने परणित कर दिया था। परन्तु देखो, समय आता रहा काल का काल आता रहा परन्तु देखो, याग को पुनः से समाज ने अपनाने का प्रयास किया है। आधुनिक काल में भगवन्यह जो पृथ्वी मण्डल है !, पृथ्वी मण्डल के वैज्ञानिकों का जिस भी काल में कोई समूह एकत्रित होता है उस समय वह एकत्रित हाकर यह विचारते हैं कि

यह जो प्रदूषण हो रहा है। वायुमण्डल में दूषितपन आ रहा है इसका भी कोई मार्ग है जिससे इसे विशुद्ध किया जाए तो वैज्ञानिकजनों में इस प्रकार की धाराएं जो उत्पन हो चुकी हैं कि गो के घृत में ऐसे परमाणु हैं जो वायुमण्डल में अशुद्ध परमाणुओं को निगल करके विशुद्ध परमाणुओं का प्रसार कर सकते हैं। कोई और साधना नहीं है और कोई ऐसा कृत्य नहीं है। परन्तु देखो,उनके विचारों में परिवर्तन होता रहता है !, आज विचार कुछ हैं। जिस विचार का आज वह खण्डन कर रहे हैं परन्तु कुछ काल में उन्हीं विचारों का मण्डन करने लगते हैं। उसके मूल में क्या है? उसके मूल में यह है कि जो वैज्ञानिक हैं उनका तप महान् नहीं है। वह आत्मतत्व के वेत्ता नहीं हैं क्योंकि जो आत्मवेत्ता पुरुष होते हैं, वह उस विज्ञान में रमण करते हैं तो उसकी घोषणा में अशुद्धपन नहीं आता। परन्तु जब वैज्ञानिकों की धाराएं, उनकी परिवर्तित होती रहती हैं, परिवर्तित क्यों होती रहती हैं? क्योंकि परमात्मा का यह जो जगत् है, विज्ञान है यह बड़ा विशाल है परन्तु विशाल को अविशालता अंकित करना चाहते हैं तो उनके विचारों में अन्तर्द्वन्द्व आ जाता है।

तो विचार विनिमय क्या? मैं वैज्ञानिकों के सम्बन्ध में कोई विशेष चर्चा नहीं, विचार मैं देने जा रहा हूँ कि जो आधुनिक काल का वैज्ञानिक है यह मानव को त्रास दे रहा है, वह मानव को त्रास क्यों दे रहा है? क्योंकि उसमें तप नहीं है, आत्मविश्वास नहीं हैं यदि आत्मज्ञानी हो तो समाज को त्रास नहीं दिया जा सकता। परन्तु देखो, कहीं वैज्ञानिकजन अपनी अपनी आभा में गति कर रहा है मुझे इससे कोई विवाद नहीं है, मुझे कोई विरोध भी नहीं है। विचार केवल हमारा यह है भय ब्रह्मः वाचा, क्योंकि जब विज्ञान में चरित्र की धारा ही नहीं हैं तो विज्ञान की एक अग्नि काण्ड बन कर रह जाने की सम्भावना बनी रहती है। विचार यह रहता है कि विज्ञान में आध्यात्मिकवाद, परमाणुवाद के मिलान करने में आध्यात्मिकवाद का यदि मिलान हो जाए तो विज्ञान सार्थक बन करके, जनसमूह का प्रिय बन करके यह रूढ़िवाद को समाप्त करके अपनी धाराओं में परणित हो सकता है। यह समाज एक महान् बन सकता है परन्तु आज जो काल चल रहा है यहाँ विज्ञान का दुरूपयोग होता जा रहा है। विज्ञान के दुरूपयोग

होने से विज्ञान अपनी चरित्र की सम्पदा नहीं रही है। वह क्यों नहीं रही क्योंकि इसमें आध्यात्मिकवाद की सूक्ष्मता है और यह अग्नि के मुखारबिन्दु पर विद्यमान हो करके, समुद्र के तट पर विद्यमान हो करके इस संसार रूपी समुद्र में न जाने किस समय अग्नि प्रदीप्त हो जाए। ऐसा ऐसा काल, विज्ञान का दुरूपयोग हो रहा है तो मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ अपने पूज्यपाद गुरुदेव से, हे मेरे देव रावण के काल में भी ! विज्ञान का दुरूपयोग हुआ था, लंका समाप्त हो गई। समाज समाप्त हो गया। इसी विज्ञान का दुरूपयोग महाभारत के काल में हुआ था। महाभारत के काल में एक कुटुम्ब अपने कुटुम्ब में इस विज्ञान के दुरूपयोग से अग्नि प्रदीप्त हो गई और उसका परिणाम क्या था? विज्ञान का दुरूपयोग कर्त्तव्य का पालन नहीं रहा। केवल स्वार्थवाद की प्रथा बन गई। जिस भी काल में राजा व्यवसायी बन जाएगा विज्ञान का दुरूपयोग हो जाएगा। जब राजा निरीक्षण रहेगा, आध्यात्मिक वेत्ता रहेगा, ब्रह्म की उसे पुकार होगी वह राजा इस समाज निरीक्षण करके व्यवसायी नहीं बन रहा है, वह समाज की रक्षा के लिए लगा हुआ है परन्तु देखो, वह राजा पवित्र होता है। उस राजा के राष्ट्र में विज्ञान का दुरूपयोग नहीं होगा। विज्ञान का दुरूपयोग उस राजा के राष्ट्र में होता है जब राजा स्वतः व्यवसायी बन जाता है, व्यवसायी बन करके दूसरे के द्रव्यों को, माताओं के श्रृङ्गार को अपने में ग्रहण करने में तत्पर हो जाएगा तो वहाँ विज्ञान का दुरूपयोग हो करके वह काल, वह राजा का राष्ट्र एक समय अग्नि का काण्ड बनकर रह जाएगा। मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को यह निर्णय करारहा हूँ कि आधुनिक जगत् इस प्रकार की प्रतिभा में आ गया है। आज मैं वैज्ञानिकों के प्रति केवल अपनी सहानुभूति केवल इतनी ही है कि प्रभु उन्हें उन्नति देकर के, सुबुद्धि देकर के, विज्ञान में यदि आध्यात्मिकवाद आ जाए, मानवीयवाद आ जाए, चरित्रवाद आ जाए तो जाए, मानवीयवाद आ जाए, चरित्रवाद आ जाए तो राष्ट्र और समाज दोनों में पवित्रता आ जाएगी परन्तु मैं इस सम्बन्ध में कोई विशेष चर्चाएं याज्ञम् ब्रह्मा वाचः चर्च नहीं करना चाहता हूँ।

विचार विनिमय यह कि हे यज्ञमानयह काल तो चलता ही रहेगा !, परम्परागतों से चल

रहा है, कहीं अग्निकांड है तो कहीं शीतल कांड है, कहीं कर्त्तव्य का पालन है। यह तो परम्परागतों से ही, काल चल रहा है परन्तु देखो, तेरे !मैं कह रहा हूँ हे यज्ञमान ! गृह में सदैव द्रव्य का सुदपयोग होता रहे। द्रव्य का जिस गृह में सदुपयोग होता है वह गृह स्वर्ग कहलाता है, वह गृह महान् कहलाता है, मेरे प्यारेदेखो !, मेरी आकांक्षा यही बनी रहती है हे यज्ञमान तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। उद्गान गाने ! वाले, उद्गीत गाने वाले उद्गाता, आयुभूषनम् आयु में, ऊर्ध्वा में प्राप्त होते रहें, ऐसी मेरी सदैव कामना रहती हैं हे उद्गाता। कहीं वे परमपिता परमात्मा की यह सृष्टि है वही इसमें सूर्य उद्गाता बन रहा है कहीं प्राण उद्गाता बन रहा है कहीं आत्मा उद्गाता बन रहा है, कहीं यहाँ अध्वर्यु भी इसी प्रकार के रूपों में परणित होता रहता हैं मेर पूज्यपाद गुरुदेव आध्यात्मिक चर्चाएं और भौतिक चर्चाएं दोनों का समन्वय करना चाहते हैं। परम्परागतों से ऋषि मुनियों की एक ही धारा रही है कि भौतिक विज्ञान भी पराकाष्ठा पर हो परन्तु उसमें आध्यात्मिकवाद भी अवश्य रहना चाहिए। आध्यात्मिकवाद से ही विज्ञान सार्थक बन सकता है।

आज मैं विशेष चर्चा न देता हुआ अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा क्योंकि मुझे तो इतना वाक्य प्रकट करना है। मैं अपने यज्ञमान को अपने हृदय की सहानुभूति प्रकट करता हूँ। हे यज्ञमान आयुष्मान् भव। मैं उस काल में जाना नहीं चाहता हूँ जब ! महाराज अश्वपति के यहाँयागों में परणित होते रहते थे। यागों का कर्म कराते रहते थे। नाना प्रकार के याग, पुत्रेष्टि याग, अश्वमेध याग, अजयमेघ याग, नरमेघ याग, गौकरण याग जैसे अस्तम आश्वमेध हो जैसे वृष्टि याग, वाजपेयी याग, इन्द्र याग नाना प्रकार के यागों का चयन हमारे यहाँ वैदिक साहित्य में प्राप्त होता हैं मेरे पूज्यपाद गुरुदेव उनकी विवेचना करते रहते हैं आभा में प्रकट कराते रहते हैं।

आज तो मैं केवल इतना उच्चारण कराने आया हूँ मेरे हृदय में एक ही विडम्बना रहती है और वह विडम्बना है कि मानव, मानव में स्नेह होना चाहिए। मानव मानव में प्रीति होनी चाहिए, परमपिता का विशुद्ध रूप समाज में आना चाहिए। रूढ़ियां उस राष्ट्र को नष्ट कर रही हैं। आधुनिक काल में प्रत्येक राष्ट्र में क्या समाज रूढ़ियों में परणित हो

रहा है। धर्म के मर्म को राजा को जानना चाहिए और धर्म पद्धति को राष्ट्र में लाकर के राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहिए, यह मेरी आकांक्षा रहती है। यह सदैव विचार रहते हैं मुझे यही पिपासा लगी रहती है। मानव रूढ़िवाद को त्यागने वाला बने। समाज में रूढ़ियां नहीं रहनी चाहिएं क्योंकि जो राजा होता है रूढ़ियों को समाप्त करने वाला उसमें ज्ञान होना चाहिए। विवक होना चाहिए। ब्रह्मवेत्ता होना चाहिए। ब्रह्मवेत्ता ही रत्नों के मर्म को जानने वाला ही रूढ़ियों को समाप्त कर सकता है और जब यह रूढ़ियां बनी रहेंगी तो राजा के राष्ट्र में कर्तव्य का पालन नहीं हो सकता। जब कर्तव्य नहीं होगा तो महाअद्धितीयों में अधिकार की पुकार होने लगेगी। अधिकार की पुकार करता करता प्राणी अपने में नष्ट हो जाएगा। यह मेरा सदैव परम्परागतों का एक वाक्य है पूज्यपाद गुरुदेव ऐसा भी उच्चारण करते रहते हैं। आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष विवेचना न देता हुआ मैं सदैव जहाँ हमारी यह आकाशवाणी जा रही है मेरा हृदय प्रसन्न है क्योंकि यज्ञों में द्रव्यों का सदुपयोग होना देवताओं को वि देना देखो, सूक्ष्म रूप से अग्नि की तरंगों पर विद्यमान होकर के शब्द जाना, शब्द के साथ में मुनिवरों चित्र जाना ! वह अन्तरिक्ष में लय हो जाते हैं। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव नित्यप्रति वाक्यों की पुनरुक्तियां करतेरहते हैं, हम कराते रहते हैं। अब मैं पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा।

पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने उद्गार दिये। !मेरे प्यारे !ऋषिवर ! उनके उद्गार बड़े पवित्र और सार्थक होते हैं क्योंकि सत्य उच्चारण करना ही मानव का कर्तव्य कहलाता है। क्योंकि ऋषि कहते उसे हैं जो अपने वाक्य उद्गार हृदय के प्रकट करें। आज का वाक् यह क्या कह रहा है कि हम परमपिता परमात्मा की प्रतिभा और महानता में रमण करते चले जाएं। आध्यात्मिक, भौतिक इन सबका समन्वय करते हुए और द्रव्य को यह विचारते कि यह परमपिता परमात्मा की एक सम्पदा है इसका सदुपयोग करना हमारा कर्तव्य है। आत्मा किसी सूत्र में पिरोई हुई है। प्राण सूत्र में इन्द्रियां पिरोई हुई हैं जैसा हमने पूर्व उच्चारण किया आज जैसा महानन्द जीने कहा हे यज्ञमान तुम्हारे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। सदैव मेरी भी यह कामना रहती ! है।जीवन सदैव आन्नदित होता हुआ इस संसार की प्रतिभा को जानते हुए अपने में

महान् विचित्र बन करके सागर से पार होने का प्रयास ऐसा मेरा भी मन्तव्य रहता है। आज मैं भी महानन्द जी के इन्हीं विचारों की पुनरुक्ति करता हूँ। आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पठन पाठन होगा। दिनांक स्थान 43 श्री देवराज पहूजा सी :, साऊथ एक्सटेंशन 1, नई दिल्ली।